राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापुर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, रविवार, 11 जनवरी 2026
वर्ष 07, अंक 102, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

'मोहनलालगंज ब्लॉक में तहरी भोज और पत्रकार-समाजसेवी सम्मान समारोह का भव्य आयोजन...03

वीडियो वायरल की धमकी देकर किशोरी संग 6 माह से दुष्कर्म करने के आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज....12

## कुलदीप सेंगर के समर्थक मेरा चरित्र हनन कर रहे, ऐश्वर्या को नेता बनाया जा रहा... उन्नाव रेप पीड़िता का छलका दर्द

**● उन्नाव रेप पीड़िता ने एक वीडियो जारी कर कुलदीप सेंगर के परिवार और समर्थकों पर गंभीर आरोप लगाए हैं. पीड़िता का कहना है कि सोशल मीडिया पर उसकी पहचान उजागर कर चरित्र हनन किया जा रहा है. उसने सेंगर की बेटी ऐश्वर्या सेंगर के इंटरव्यू पर भी सवाल उठाए और कहा कि जाति विशेष का धरना ष्टछ्रढ्ढ को डराने की साजिश है. पीड़िता ने मानसिक उत्पीड़न रोकने की अपील की है**



उन्नाव रेप कांड की पीड़िता का एक वीडियो आया सामने आया है. इसमें उसने कुलदीप सेंगर के परिवार और समर्थकों पर गंभीर आरोप लगाए हैं. पीड़िता का कहना है, कुलदीप सिंह सेंगर के समर्थकों द्वारा सोशल मीडिया पर मेरी पहचान उजागर की जा रही है. सेंगर के समर्थक मेरा चरित्र हनन कर रहे हैं. कहा जा रहा है कि मेरे पास ठोस सबूत है तो उनको सामने लाया जाया. पीड़िता ने कुलदीप सिंगर की बेटी ऐश्वर्या सेंगर को लेकर भी चौंकाने वाली बात कही है. आइए जानते हैं कि उसने क्या-क्या कहा है.

पीड़िता कहती है, 11 दिसंबर को दिल्ली में जंतर-मंतर पर जाति विशेष समाज द्वारा धरना प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है. ये कोई प्रदर्शन नहीं बल्कि शक्ति प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है. ये प्रदर्शन देश के मुख्य न्यायाधीश को डराने का मात्र एक प्रयास है. सेंगर के समर्थक चाहते हैं कि चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डर जाएं और हमारे फेवर में फैसला कर दें.

**यह सब बंद कर दें, मेरी भी एक बेटी और बेटा है**

इसके आगे पीड़िता कहती है, कुलदीप सिंह की बेटी ऐश्वर्या सेंगर को नेता बनाया जा रहा है. वो अपने इंटरव्यू को सनसनीखेज बना रही है. ऐश्वर्या कहती है कि हमारे परिवार में मात्र चार लोग हैं. अगर चार लोग हैं तो इतने लोग निकल-निकलकर कहां से आ रहे हैं. पीड़िता ने कहा, मेरा मानसिक बलात्कार करना बंद करो. अगर आप लोग चाहते हैं कि हम इस दुनिया में जिंदा रहे तो यह सब करना बंद कर दें. मेरी भी एक बेटी और एक बेटा है.

**AI से मेरी फोटो का गलत इस्तेमाल किया जा रहा**

इससे पहले भी पीड़िता सेंगर परिवार और उसके समर्थकों पर ऐसा ही आरोप लगा चुकी है. बीते दिनों वो बसंत कुंज थाने पहुंची थी. वो 16 अप्रैल को दी गई शिकायत के बारे में जानकारी लेने गई थी. इस दौरान पीड़िता ने कहा था, मेरी सोशल मीडिया आईडी को हैक कर AI के जरिए मेरी और मेरी ससुराल की पहचान को उजागर कर गलत कमेंट्स लिखे जा रहे हैं. AI से मेरी फोटो का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है. मैं और मेरी ससुराल वाले डरे हुए हैं.

**AI और तकनीक के गलत इस्तेमाल का आरोप**

पीड़िता ने इससे पहले दिल्ली के वसंत कुंज थाने में भी शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी सोशल मीडिया आईडी हैक कर ढ्ढ के जरिए उसकी और उसके ससुराल वालों की तस्वीरों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। पीड़िता के मुताबिक डिजिटल माध्यमों से उसे और उसके परिवार को लगातार डराया-धमकाया जा रहा है।

**जंतर-मंतर पर शक्ति प्रदर्शन के जरिए दबाव बनाने की कोशिश**

पीड़िता ने दिल्ली के जंतर- मंतर पर होने वाले एक आगामी विरोध प्रदर्शन पर सवाल उठाते हुए इसे 'शक्ति प्रदर्शन' करार दिया। उसका कहना है कि एक विशेष समाज द्वारा आयोजित यह धरना देश के मुख्य न्यायाधीश (CJI) को डराने और न्यायपालिका पर दबाव बनाने का प्रयास है, ताकि फैसला सेंगर के पक्ष में कराया जा सके।

## वेंगर, प्रतिष्ठित स्विस घड़ियों और ट्रैवल गियर ब्रांड ने भारत में अपनी पहली ई-कॉमर्स सक्षम ब्रांड वेबसाइट लॉन्च की

अजय यादव




L-R: Siddharth Mudaliar, National Manager – E-Business, Victorinox India, and Debraj Sengupta, Managing Director – Sales & Marketing, Victorinox India, at the launch of Wenger's first e-commerce-enabled brand website in India.

**मुंबई:** स्विस घड़ियों और ट्रैवल गियर के प्रतिष्ठित ब्रांड वेंगर ने भारत में अपनी पूरी तरह ई-कॉमर्स सक्षम ब्रांड वेबसाइट www.wenger.co.in के लॉन्च की घोषणा की है। इस लॉन्च के साथ, वेंगर भारत में समर्पित डायरेक्ट-टू-कंज़्यूमर डिजिटल प्लेटफॉर्म शुरू करने वाला पहला स्विस ब्रांड बन गया है, जो भारतीय उपभोक्ताओं के और करीब स्विस कारीगरी, सटीकता और उत्कृष्ट डिज़ाइन को लाने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

विक्टोरिनॉक्स समूह से जुड़ा वेंगर, किफायती मूल्य पर स्विस नवाचार, विश्वसनीयता और प्रामाणिकता की विरासत को आगे बढ़ाता है। 2005 में विक्टोरिनॉक्स द्वारा अधिग्रहण के बाद भी ब्रांड ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाए रखी। नई वेबसाइट उपभोक्ताओं को वेंगर के संपूर्ण पोर्टफोलियो तक सहज पहुंच प्रदान करती है, जिसमें इसकी प्रसिद्ध स्विस-निर्मित घड़ियाँ और रोज़मर्रा की यात्रा के लिए डिज़ाइन किया गया टिकाऊ व स्टाइलिश ट्रैवल गियर शामिल है। साफ-सुथरे और सहज इंटरफेस के साथ यह प्लेटफॉर्म सुरक्षित भुगतान विकल्पों, तेज़ डिलीवरी और भरोसेमंद आफ्टर-सेल्स सेवा द्वारा समर्थित एक स्मूद शॉपिंग अनुभव सुनिश्चित करता है।

भारत में वेंगर की मौजूदगी को मज़बूती जैसे-जैसे भारत प्रीमियम लाइफस्टाइल और ट्रैवल एक्सेसरीज़ के लिए एक महत्वपूर्ण बाज़ार के रूप में उभर रहा है, वेंगर का यह ई-कॉमर्स लॉन्च ब्रांड की मौजूदगी को सशक्त करने की दिशा में एक रणनीतिक कदम है। यह प्लेटफॉर्म वेंगर को भारतीय उपभोक्ताओं से सीधे जुड़ने में सक्षम बनाता है, साथ ही स्विस ब्रांड्स से जुड़ी विश्वसनीयता, गुणवत्ता और प्रामाणिकता को बनाए रखता है।

लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, विक्टोरिनॉक्स इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सेल्स एंड मार्केटिंग, देबराज सेनगुप्ता ने कहाः 'वेंगर को लंबे समय से दुनिया भर में अपनी स्विस कारीगरी, बेहतरीन क्वालिटी और फंक्शनल लेकिन स्टाइलिश डिज़ाइन के लिए जाना जाता है। भारत में अपना खुद का ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म लॉन्च करके, हम उपभोक्ताओं को सीधे ब्रांड से असली वेंगर प्रोडक्ट्स का अनुभव करने का मौका दे रहे हैं। यह एक ऐसे मार्केट में अपनी पकड़ मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जो भरोसे, टिकाऊपन और

किफायती कीमत पर प्रीमियम लाइफस्टाइल अनुभवों को महत्व देता है।' विक्टोरिनॉक्स इंडिया के ई-बिजनेस के नेशनल मैनेजर सिद्धार्थ मुदलियार ने कहा, 'वेंगर के डेडिकेटेड ई- कॉमर्स प्लेटफॉर्म के लॉन्च के साथ, हम सीधे उपभोक्ताओं के साथ जुड़ाव बढ़ा रहे हैं और असली स्विस कारीगरी को ज़्यादा सुलभ बना रहे हैं। यह पहल भारत के लिए हमारी दीर्घकालिक डिजिटल और रिटेल रणनीति का एक अहम हिस्सा है।'

नया प्लेटफॉर्म स्विस गुणवत्ता आश्वासन के साथ प्रमाणित ओरिजिनल उत्पाद देता है, साथ ही एक्सक्लूसिव ऑनलाइन कलेक्शन, क्यूरेटेड बंडल्स, सीज़नल ऑफर्स और ब्रांड स्टोरीज भी देता है जो वेंगर की विरासत का जश्न मनाती हैं। जैसे-जैसे पूरे भारत में ऑनलाइन शॉपिंग बढ़ रही है, वेंगर का डिजिटल विस्तार खोज से लेकर घर तक, एक शानदार, एंड-टू-एंड ब्रांड अनुभव देता है। वेंगर - जहाँ स्विस गुणवत्ता मिलती है रोज़मर्रा की किफ़ायत से। 1893 में स्थापित, वेंगर स्विस कारीगरी, सटीक इंजीनियरिंग और टिकाऊपन का पर्याय है। यह ब्रांड आधुनिक प्रोफेशनल्स, यात्रियों और रोज़मर्रा की उपलब्धि हासिल करने वालों के लिए स्विस-निर्मित घड़ियों और सोच- समझकर डिज़ाइन किए गए ट्रैवल गियर की विस्तृत रेंज पेश करता है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### सल्टौआ के पचानू समिति में भ्रष्टाचार चरम पर, किसान परेशान सचिव मालामाल

**खाद के नाम पर खुलेआम लूटः 265 का खाद 280-290 में! संरक्षण किसका मिल रहा है कर्मचारियों का संरक्षण**



**बस्ती।** बस्ती जिले के,विकासखंड सल्टौआ के पचानू समिति पर किसानों का शोषण लगातार बढ़ता जा रहा है। समिति के सचिव की मनमानी इस कदर हावी है कि किसानों को बार-बार चक्कर लगाने को मजबूर किया जा रहा है। किसानों का आरोप है कि सचिव कभी कह देते है आपका नाम इस समिति में नहीं है, दूसरी समिति पर जाइए ', जबकि बड़े और जान-पहचान वाले को किसी भी ग्राम पंचायत का होने पर तुरंत दिया जा रहा है। कई किसानों ने यह भी खुलासा किया कि 265 रुपये की खाद 280 और 290 रुपये में खुलेआम बेची जा रही है, जिससे स्पष्ट है कि समिति में लूट का खेल बेरोक-टोक चल रहा है। किसानों के मुताबिक, यह सब किसी मजबूत संरक्षण में ही फल-फूल रहा है, वरना इतनी बड़ी धांधली संभव ही नहीं। अब बड़ा सवाल यह है कि–पचानू समिति में चल रही इस खुले भ्रष्टाचार पर सक्षम अधिकारी कब एक्शन लेंगे? किसानों का धैर्य जवाब दे रहा है और क्षेत्र में चर्चा का विषय यही है कि आखिर किसकी छत्रछाया में यह मनमानी जारी है। स्थानीय किसानों ने जिला प्रशासन और सरकार से मांग की है कि पचानू समिति पर तत्काल जांच बैठाई जाए और जिम्मेदारों पर कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि किसानों के साथ हो रहे अत्याचार पर रोक लग सके।

## शुक्रवार से लापता तेंदुआ देखा गया भेदपुरा गांव में, मचा हड़कंप, वन विभाग की टीमें मौके पर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन):** शुक्रवार को रवा गांव से लापता हुआ तेंदुआ शनिवार को ग्राम भेदपुरा में देखा गया है। तेंदुए की सूचना पर ग्रामीण खेतों की तरफ दौड़ पड़े। सूचना पर वन विभाग की टीम भी जाल आदि लेकर मौके पर पहुंच गई।

रवा गांव में गुरुवार को तेंदुआ दिखने से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। उसके बाद से वन विभाग चकरघिन्नी बना हुआ है और उसकी तमाम निगरानी के बीच गुरुवार की ही रात में एक मटर के खेत से लापता हो गया था। शुक्रवार को दिन भर वन विभाग की टीमें उसकी तलाश में जुटी रहीं लेकिन दिन भर उसका कोई सुराग नहीं मिला था। शनिवार को एक बार फिर तेंदुए की लोकेशन मिली है। रवा गांव से चार किलोमीटर दूर ग्राम भेदपुरा के किसानों ने बताया कि तेंदुआ खेतों में देखा गया है। बताया गया है कि गांव के कार्तिक, कमलेश व संतोष खेतों पर जा रहे थे तभी उन्हें सड़क किनारे रामेश्वर पटेल निवासी तीतरा के सरसों के खेत में तेंदुआ जाता दिखा। उन लोगों ने जैसे ही गांव में तेंदुए की सूचना दी तो गांव में हड़कंप मच गया और ग्रामीण लाठी-डंडा और कुल्हाड़ी सब्बल आदि हाथों में लेकर खेतों की तरफ दौड़ पड़े। सूचना पर वन विभाग की टीमें भी वहां मौके पर पहुंच गई थीं। ड्रोन से वन विभाग की टीम खेत में उसकी तलाश कर रही है। लेकिन अभी दोबारा से उसे देखा नहीं गया है। ग्रामीण खेतों में बनी कोठियों पर चढ़कर तेंदुए की झलक देखने को आतुर दिख रहे हैं। पास में ही दिनेश गुर्जर निवासी धनौरा के मटर के खेत में तेंदुए के खुरों के निशान भी मिले हैं। जिन्हें देखने के लिए ग्रामीणों का हुजूम लगा हुआ है। वन विभाग की कई टीमें आसपास के इलाकों में सघन कांबिंग अभियान चला रही हैं। शनिवार को मौके पर वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक, झांसी मंडल झांसी महावीर कोजलगी स्वयं मौजूद



रहकर अभियान की निगरानी कर रहे हैं। इसके साथ ही प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) जालौन प्रदीप कुमार, उप प्रभागीय वन अधिकारी हरिमोहन कटियार, क्षेत्रीय वन अधिकारी माधौगढ़ रंजीत सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी जालौन हरिकिशोर शुक्ला, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी अमित कुमार शर्मा, वन दरोगा कोंच राजेश अस्थाना, कार्यालय सहायक मनीष यादव अपनी टीम के साथ क्षेत्र में लगातार सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। क्षेत्रीय निदेशक वन विभाग ने ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की है।

## भ्रष्टाचार में लिप्त उत्तरप्रदेश का दरोगा मोहम्मद अशरफ खान रंगे हाथ गिरफ्तार, सदर कोतवाली महराजगंज में थी तैनाती

**● महराजगंज में उप-निरीक्षक मोहम्मद अशरफ खान घूस लेते गिरफ्तार**

**एंटी करप्शन टीम ने 50 हजार रुपये के साथ रंगे हाथ पकड़ा**

**मुकदमे में धाराएं कम करने के लिए मांगी थी रिश्वत**

**महराजगंज ब्यूरो।** भ्रष्टाचार निवारण संगठन गोरखपुर की टीम ने महराजगंज में बड़ी कार्रवाई की है। कोतवाली थाने में तैनात उप-निरीक्षक मोहम्मद अशरफ खान को 50 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। उन्होंने एक शिकायतकर्ता से मुकदमे में धाराएं कम करने के बदले रिश्वत मांगी थी। इस गिरफ्तारी से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। बताते चलें कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध चल रहे अभियान के तहत शनिवार को एंटी करप्शन (भ्रष्टाचार निवारण संगठन) गोरखपुर की ट्रैप टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना कोतवाली महराजगंज में तैनात उप-निरीक्षक मोहम्मद अशरफ खान को 50 हजार रुपये घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। गिरफ्तार उप निरीक्षक गाजीपुर जिले के जमानिया थाना अंतर्गत रामपुर कुकआंक के रहने वाले हैं।

जानकारी के मुताबिक शनिवार की दोपहर 12:50 बजे भ्रष्टाचार निवारण संगठन गोरखपुर की ट्रैप टीम के प्रभारी शिवमनोहर यादव ने आरोपित मोहम्मद अशरफ खान, उप- निरीक्षक, थाना कोतवाली महराजगंज को गिरफ्तार किया। आरोपित उप निरीक्षक ने कोतवाली थाना अंतर्गत पकड़ी खुर्द निवासी शिकायतकर्ता सईदुल्लाह से उनके विरुद्ध दर्ज मुकदमे में धारा घटाने के बदले में 50 हजार रुपये की




**महराजगंज में उप-निरीक्षक मोहम्मद अशरफ खान घूस लेते गिरफ्तार**

रिश्वत मांगी थी। शिकायत की सत्यता की जांच के बाद ट्रैप टीम ने योजना के तहत पवन स्वीट्स की दुकान के सामने, थाना कोतवाली क्षेत्र में आरोपित को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ दबोच लिया। टीम ने मौके पर ही आरोपित के पास से रिश्वत की रकम बरामद की है। इस संबंध में फरेंदा थानाध्यक्ष योगेंद्र राय ने बताया कि एंटी करप्शन टीम द्वारा उप निरीक्षक अशरफ को गिरफ्तार किया गया है। मामले में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।


## सोनभद्र अपनों की सरकार में आदिवासियों की उपेक्षा मंत्री-विधायकों की फौज, फिर भी लकड़ी के मेड़ पर टिकी 50 परिवारों की जिंदगी

**● अपनों की सरकार में आदिवासियों की उपेक्षा मंत्री-विधायकों की फौज, फिर भी लकड़ी के मेड़ पर टिकी 50 परिवारों की जिंदगी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चोपन/सोनभद्र-** एक ओर भारत डिजिटल इंडिया और अमृत काल के भव्य नारों के साथ वैश्विक पटल पर अपनी धमक जमा रहा है, वहीं उत्तर प्रदेश के ऊर्जांचल जिले सोनभद्र से आई एक तस्वीर इन दावों की कड़वी हकीकत बयां कर रही है।आजादी के 78 साल बाद भी जनपद के कोटा ग्राम सभा के छीकराडांण अंतर्गत पटीहिवा टोला के करीब 50 आदिवासी परिवार आज भी एक अदद पुलिया के लिए तरस रहे हैं। ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डालकर नाला पार करने के लिए लकड़ी के अस्थाई और जर्जर मेड़ (पुल) का सहारा लेने को मजबूर हैं।

सोनभद्र की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि यहाँ चार विधायक, एक सांसद और सरकार में कल्याण समाज स्तर के मंत्री होने के बावजूद धरातल पर विकास की गति थमी हुई है। ग्रामीणों का आक्रोश विशेष रूप से प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री संजीव सिंह गौड़ के प्रति है, जो स्वयं इसी आदिवासी समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं। ग्रामीणों का सवाल है कि जब मंत्री स्वयं उनके समाज से हैं, तो उनके अपने ही लोग बुनियादी सुविधाओं के लिए क्यों भटक रहे हैं। स्थानीय लोगों ने तीखा सवाल उठाया है कि आखिर विधायक निधि और सांसद निधि का बजट कहाँ खर्च हो रहा है। जिला मुख्यालय से मात्र 45 किमी की दूरी पर




आदिवासियों की यह बदहाली जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली पर बड़ा प्रश्नचिह्न लगाती है। पुलिया न होने का सबसे अमानवीय पहलू स्वास्थ्य सेवाओं की अनुपलब्धता है। पटीहिवा टोला के निवासियों ने अपना दर्द साझा करते हुए बताया सड़क और पुल के अभाव में एंबुलेंस टोले तक नहीं आ पाती। गंभीर मरीजों और गर्भवती महिलाओं को चारपाई पर लादकर उफनते नाले के बीच से पार ले जाना पड़ता है। मानसून के दौरान नाला उफान पर होते ही ये 50 परिवार पूरी दुनिया से कट जाते हैं। संपर्क टूटने के कारण आपातकालीन स्थिति में ये ग्रामीण भगवान भरोसे होते हैं। मासूम बच्चे हर दिन अपनी जान हथेली पर रखकर इस लकड़ी के मेड़ को पार करते हैं।

एक छोटी सी चूक यहाँ बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण दे सकती है। स्थानीय निवासी रामशरण ने बताया कि पिछले सात दशकों में कई प्रधान आए और गए, बड़े-बड़े वादे किए गए, लेकिन धरातल पर एक ईट तक नहीं लगी। ग्रामीणों ने वर्तमान प्रधान पहलाद चेरो पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वे समस्या से पूरी तरह अवगत हैं, लेकिन इसके बावजूद आज तक टोले का हाल जानने नहीं आए। पुलिया न होने के कारण निर्माण सामग्री (ईट, सीमेंट, बालू) ले जाने वाले वाहन टोले के अंदर नहीं जा सकते।

इसका सीधा असर प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी कल्याणकारी स्कीमों पर पड़ रहा है। वाहन न पहुँच पाने के कारण गरीब ग्रामीण अपने स्वीकृत कच्चे घरों को पक्का बनाने में भी असमर्थ हैं। यह केवल एक पुलिया का निर्माण नहीं, बल्कि उस भरोसे की बहाली का सवाल है जो आदिवासियों ने अपनी जाति के मंत्रियों और क्षेत्र के विधायकों पर जताया था। समाज कल्याण मंत्री के गृह जनपद में आदिवासियों का लकड़ी के पुल पर चलना लोकतंत्र के लिए एक बड़ी विडंबना है। अब देखना यह है कि क्या प्रशासन और सरकार इन 50 परिवारों की सुध लेती है या इन्हें फिर से उन्हीं जर्जर लकड़ियों के सहारे छोड़ दिया जाएगा।



## संक्षिप्त खबरें

### स्थानीय लोगों ने अजगर को रेस्क्यू कर नदी में छोड़ा




**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा थाना क्षेत्र के छपवा पुलिस चौकी के निकट गाडशन ग्रीन सिटी के पास शनिवार की सुबह झाड़ियों से निकलकर कालोनी के तरफ जाता एक अजगर सांप दिखाई दिया। कालोनी के लोगों ने विशाल अजगर को पकड़कर उसे डंडा नदी में सुरक्षित छोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक छपवा पुलिस चौकी के निकट गाडशन ग्रीन सिटी के पास झाड़ियों से निकलकर एक विशाल अजगर कालोनी की तरफ जा रहा था। विशाल अजगर देख अफरा तफरी का माहौल बन गया। अजगर सांप सुनकर आस-पास के लोग इकट्ठा हो गए। लोगों ने वन विभाग के कर्मचारियों को दूरभाष पर सूचना दिया। वन विभाग की टीम के पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए रेस्क्यू कर अजगर सांप को पकड़कर बोरे में भरकर डंडा नदी में सुरक्षित छोड़ दिया। कालोनी निवासी महेन्द्र यादव, राममूरत प्रसाद, सचिन वर्मा, मंतोष, कौशलेंद्र कुशवाहा, लोकेश सिंह, विष्णु जायसवाल, मुकेश साह, हरप्रीत सिंह राजपाल, अखिलेश आदि ने बताया कि अजगर सांप को सुरक्षित डंडा नदी में छोड़ दिया गया है।

### विद्युत उपकेंद्र निर्माण सहित जन समस्याओं को लेकर भाकियू का क्रमिक अनशन प्रारम्भ

**देवरिया।** जनपद के सिधुआं में नया विद्युत उपकेंद्र बनाए जाने सहित विभिन्न जन समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने विशुनपुरकला चौराहे पर क्रमिक अनशन शुरू कर दिया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाकियू के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं किसान नेता विनय सिंह सैंथवार ने किया। कहा कि बरियारपुर विद्युत उपकेंद्र से क्षेत्र को मिलने वाली बिजली अत्यधिक ओवरलोड के कारण बार-बार बाधित होती रहती है। गर्मी के दिनों में फीडरवार कटौती से जनता को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए सिधुआं में 33/11 केवी का नया विद्युत उपकेंद्र स्थापित किया जाना आवश्यक है, जिसकी मांग लंबे समय से की जा रही है। भाकियू जिला संयोजक सदानंद यादव ने बताया कि सिधुआं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दोपहर बाद रात्रिकालीन इमरजेंसी सेवाएं न मिलने से गरीब और जरूरतमंद मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष श्यामदेव राय ने जर्जर सड़कों की ओर ध्यान दिलाया, जबकि जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह ने गांवों में नंगे 11 हजार वोल्ट के तारों से हो रही आपूर्ति को खतरनाक बताया। जिला सलाहकार मदन चौहान ने एलटी लाइनों की बदहाल स्थिति पर चिंता जताई। अनशन में बड़ी संख्या में किसान शामिल रहे।

### कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने और जनसुरक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस के चले कई प्रभावी अभियान




**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में शनिवार को जनपद में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने और जनसुरक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से कई प्रभावी अभियान चलाए गए। प्रातः 5 बजे से 8 बजे तक मार्निंग वॉकर चेकिंग अभियान के तहत 19 स्थानों पर पुलिस ने 374 व्यक्तियों व 183 वाहनों की जांच की। इस दौरान संदिग्धों की तलाशी, तीन सवारी, बिना हेलमेट, मोडिफाइड साइलेंसर व चोरी की गाड़ियों पर कार्रवाई की गई। इसी क्रम में मिशन शक्ति फेज-5.0 एवं 'शक्ति दीदी' अभियान के अंतर्गत जनपद के सभी थानों की टीमों ने महिलाओं व बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर 112, 181, 1090, 1098, 1076, 102, 108 और 1930 की जानकारी देकर जागरूक किया तथा पम्पलेट वितरित किए। साथ ही सभी थानों पर थाना समाधान दिवस आयोजित हुआ, जिसमें कुल 97 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए और 27 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष मामलों के लिए संयुक्त टीमें गठित की गईं। यातायात पुलिस ने 186 वाहनों का ई-चालान कर 4 वाहन सीज किए।

# नॉर्मल डिलीवरी को बढ़ावा देने में अग्रणी बन रहा जीवन दायिनी हॉस्पिटल

**●-अनावश्यक ऑपरेशन से परहेज, किफायती व चौबीसों घंटे उपलब्ध प्रसव सेवाएं**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** जिले केशहर के कटेश्वर पार्क के पीछे, नगर पालिका जयपुरवा बस्ती के समीप स्थित जीवन दायिनी हॉस्पिटल में नॉर्मल डिलीवरी को प्राथमिकता के आधार पर अपनाया जा रहा है। अस्पताल में महिलाओं को सुरक्षित प्रसव उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अनावश्यक ऑपरेशन से बचने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।अस्पताल की संचालिका एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अनन्या चौधरी के अनुसार, समय पर जांच, नियमित चिकित्सकीय निगरानी और वैज्ञानिक मार्गदर्शन के माध्यम से अधिकांश



मामलों में नॉर्मल प्रसव संभव है। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व आवश्यक परामर्श और चिकित्सकीय देखरेख उपलब्ध कराई जाती है।डॉ. चौधरी ने स्पष्ट किया कि ऑपरेशन केवल चिकित्सकीय आवश्यकता होने पर ही किया जाता है तथा प्राथमिकता सदैव नॉर्मल डिलीवरी को दी जाती है। इसी कारण आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों एवं नगर क्षेत्र से महिलाएं प्रसव के लिए अस्पताल से संपर्क कर रही हैं।गरीब, मजदूर एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए अस्पताल में नॉर्मल डिलीवरी सहित अन्य चिकित्सा सेवाएं रियायती दरों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। जरूरतमंद मरीजों को उपचार में विशेष छूट दी जाती है, ताकि आर्थिक कारणों से किसी भी महिला को सुरक्षित प्रसव से वंचित न होना पड़े अस्पताल में चौबीसों घंटे चिकित्सा सुविधा उपलब्ध है। प्रसव पीड़ा अथवा किसी भी आपात स्थिति में डॉक्टर एवं नर्सिंग स्टाफ द्वारा आवश्यक चिकित्सकीय सेवाएं तत्काल प्रदान की जाती हैं।अस्पताल में उपचार करा चुकी महिलाओं एवं उनके परिजनों का कहना है कि नॉर्मल डिलीवरी की सुविधा मिलने से उन्हें अनावश्यक ऑपरेशन से राहत मिली है। चिकित्सकीय विशेषज्ञों के अनुसार, गर्भावस्था के दौरान नियमित जांच और उचित देखभाल से मां और शिशु दोनों का स्वास्थ्य सुरक्षित रखा जा सकता है।

## महिला समूह द्वारा गाली-गलौज व धमकी देने का आरोप

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जमुहानी टोला मधईडिह निवासी राजबली निषाद पुत्र तुफानी निषाद ने स्थानीय पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है गांव में सरकारी स्कूल के बगल में सामुदायिक शौचालय है। उक्त शौचालय का संचालन महिला समूह के द्वारा सही ढंग से नहीं किया जा रहा है। आरोप है कि जब सामुदायिक शौचालय का विडियो बनाकर प्रेषित किया गया तो वेतनधारी समूह की महिलाएं इकठ्ठा होकर घर पहुंची और गाली-गलौज देने लगी। वहीं इसका विरोध करने पर समूह की महिलाएं झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देने लगी। मामले में पीड़ित राजबली निषाद ने स्थानीय पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देकर जांच-पड़ताल कर कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अभय नारायण सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जांच-पड़ताल कर कार्यवाही की जाएगी।

## कलवारी टांडा पुल पर तेज रफ्तार कार मिट्टी के ढेर से टकराई, संकेतक न होने से हुआ हादसा

**●टांडा पुल पर हो रही लापरवाही का मुद्दा कई बार उठाया जा चुका है...**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले को अंबेडकर नगर से जोड़ने वाले सरयू नदी पर बने कलवारी टांडा पुल पर बुधवार रात एक तेज रफ्तार कार हादसे का शिकार हो गई। पुल पर मरम्मत कार्य चलने के कारण चार पहिया वाहनों का आवागमन बंद किया गया है, लेकिन मौके पर स्पष्ट संकेतक और सूचना बोर्ड न होने से चालक को समय रहते जानकारी नहीं मिल सकी और कार सीधे पुल के दोनों ओर लगाए गए मिट्टी और पत्थरों के ढेर से जा टकराई। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसके परखचे उड़ गए। कार में सवार लोगों के घायल होने की भी सूचना है, हालांकि उनकी स्थिति को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार पुल को कभी जल्दबाजी में खोल दिया जाता है और फिर अचानक बंद कर दिया जाता है, लेकिन इसकी कोई पूर्व सूचना नहीं दी जाती और न ही कोई चेतावनी संकेत लगाए जाते हैं, जिससे वाहन चालकों को असमंजस की स्थिति का सामना करना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि पुल पर मरम्मत के दौरान स्पष्ट संकेतक, बैरिकेडिंग और सूचना बोर्ड लगाए जाते तो इस तरह के हादसों से बचा जा सकता था। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मरम्मत कार्य पूरा होने तक पुल की स्थिति को लेकर स्पष्ट जानकारी दी जाए और मौके पर उचित संकेतक लगाए जाएं ताकि आगे किसी और दुर्घटना की पुनरावृत्ति न हो।

## पत्रकार के आवास पहुंच विधायक सुरेश पासी ने व्यक्त की शोक संवेदना

**● दिवंगत सुरेंद्र कुमार तिवारी के परिजनों को बंधाया ढांढस**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बाज़ार शुक्ल, अमेठी।** विधानसभा क्षेत्र जगदीशपुर के विधायक सुरेश पासी ने बाजार शुक्ल स्थित रहमतगढ़ गांव निवासी पत्रकार दिनेश तिवारी के आवास पहुंचकर उनके पूज्य पिता स्वर्गीय सुरेंद्र कुमार तिवारी के आकस्मिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।स्वर्गीय सुरेंद्र कुमार तिवारी, केसीआरसी इंटर कॉलेज में वरिष्ठ लिपिक पद से सेवानिवृत्त थे। उनके निधन से न केवल परिवार बल्कि क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। विधायक सुरेश पासी ने शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर उन्हें इस



असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की तथा दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की। विधायक ने कहा कि स्वर्गीय सुरेंद्र कुमार तिवारी अपने सरल स्वभाव, कर्तव्यनिष्ठा एवं सेवा भाव के लिए सदैव स्मरणीय रहेंगे। उनका जीवन समाज के लिए प्रेरणास्रोत रहा है। इस कठिन घड़ी में वह शोकाकुल परिवार के साथ मजबूती से खड़े हैं।इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार एवं भाजपा मीडिया विभाग के जिला सहसंयोजक सुशील कुमार मिश्रा प्रधान राकेश शर्मा सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं शुभचिंतक भी उपस्थित रहे, जिन्होंने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। साथ ही साथ विधानसभा क्षेत्र जगदीशपुर के अंतर्गत विभिन्न ग्राम सभाओं में घटित आकस्मिक निधन पर मृतक के परिजनों से मिलते हुए विधायक ने शोक संवेदना व्यक्त की उन्होंने कहा घटनाएं अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक है। विधायक संबंधित परिवारों के निवास स्थान पर पहुँचकर शोकाकुल परिजनों से भेंट की तथा अपनी गहरी शोक-संवेदना व्यक्त की।ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें एवं शोकाकुल परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति और धैर्य प्रदान करें।

## बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा हत्या का खुलासा

**● नामजद शातिर हिस्ट्रीशीटर सहित 03 अभियुक्त गिरफ्तार**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुल बाजार अमेठी।** दिनांक 07.01.2026 को थाना बाजार शुक्ल जनपद अमेठी अन्तर्गत गोमती नदी में रमेश पुत्र मातादीन निवासी पूरे मल्लाहन मजरे खेममऊ थाना बाजार शुक्ल जनपद अमेठी का शव मिला था । मृतक की पत्नी द्वारा थाना बाजार शुक्लपरतहरीर देकरमु0अ0सं0 03/26 धारा 103(1), 238बीएनएस बनाम जंगबहादुर उर्फ जंगू पुत्र राम नरेश निवासी पूरे मल्लाहन मजरे खेममऊ थाना बाजार शुक्ल जनपद अमेठी व अन्य व्यक्ति नाम पता अज्ञात पंजीकृत कराया गया था । घटना के शीघ्र अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा संबंधित को आवश्यक आदेश/निर्देश दिये गये थे ।पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में उपनिरीक्षक विवेक वर्मा थानाध्यक्ष बाजार शुक्ल मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना बाजार शुक्ल जनपद अमेठी में वांछित व प्रकाश में आये 03 अभियुक्त जंगबहादुर उर्फ जंगू पुत्र राम नरेश निवासी पूरे मल्लाहन मजरे खेममऊ थाना बाजार शुक्ल जनपद अमेठी उम्र करीब 50 वर्ष, सुग्रीव पुत्र राम समुझ उम्र करीब 42 वर्ष, दीपक पुत्र सतगुरू उम्र करीब 27 वर्ष निवासीगण फजलपुर थाना कुमारगंज जनपद अयोध्या को गिरफ्तार किया गया ।अभियुक्त जंगबहादुर उर्फ जंगू एक शातिर हिस्ट्रीशीटर अपराधी है जिसके विरुद्ध जनपद अमेठी, बाराबंकी, सुलतानपुर व जौनपुर में हत्या के प्रयास, डकैती, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि विभिन्न धाराओं में पूर्व में 12 अभियोग पंजीकृत हैं ।थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई । पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि दिनांक 06.01.2026 को वह लोग ग्राम पूरे मल्लाहन मजरे खेममऊ में नौटंकी कार्यक्रम देखने गये थे ।वहीं तीनों लोग मिलकर रमेश से पूर्व में हुए विवाद का बदला लेने की योजना बनाई थी । योजना के अनुसार दीपक द्वारा गांव से दूर नदी के किनारे ले जाकर रमेश को शराब पिलाई जा रही थी तभी पीछे से जंगबहादुर व सुग्रीव पहुंचकर रमेश के सिर पर शराब की बोतल से मार दिये, जिससे मौके पर ही रमेश की मृत्यु हो गयी । उसके बाद वह लोग रमेश के शव को गोमती नदी में फेंककर भाग गये थे ।

## थाना दिवस पर विधायक ने सुनी फरियादियों की फरियाद

**● जन समस्याओं के पारदर्शी व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बाज़ार शुक्ल, अमेठी।** थाना बाज़ार शुक्ल में आयोजित थाना दिवस के अवसर पर विधायक सुरेश पासी ने क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। इस दौरान जनमानस द्वारा प्रस्तुत शिकायती पत्रों का अवलोकन कर विधायक ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए।थाना दिवस पर कुल 13 शिकायतें प्राप्त



हुई, जिनमें से 3 शिकायतों का मौके पर ही गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के समाधान हेतु पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजी गई, ताकि समस्याओं का स्थलीय निरीक्षण कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके।विधायक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, न्यायोचित एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन का पुलिस व प्रशासनिक व्यवस्था के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत हो सके। उन्होंने कहा कि थाना दिवस केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि जनता को न्याय दिलाने का प्रभावी माध्यम है।कार्यक्रम में थानाध्यक्ष विवेक वर्मा सहित पुलिस व राजस्व विभाग के कर्मी उपस्थित रहे।साथ ही बाहरपुर प्रधान हैदर मुस्तकी, सेवरा प्रधान प्रतिनिधि सन्ने बाबू, मवैया रहमतगढ़ प्रधान प्रतिनिधि जगदीश पाल, हारखूमऊ प्रधान राकेश शर्मा, हसनपुर प्रधान राजेश मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। थाना दिवस समाधान दिवस पर थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा द्वारा फरियादियों के उठने बैठने और जलपान का उत्तम प्रबंध कराया गया। फरियादियों ने विधायक के न्याय प्रियता की तारीफ की उन्होंने कहा विधायक जी द्वारा समस्याओं का गुणवत्ता पूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण कराया गया।

## कांग्रेस ने शुरू किया 'मनरेगा बचाओ संग्राम' अभियान: 25 फरवरी तक चरणबद्ध आन्दोलन

**● कांग्रेस ने शुरू किया 'मनरेगा बचाओ संग्राम' अभियान: 25 फरवरी तक चरणबद्ध आन्दोलन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिलों में श्रमिकों को काम के अधिकार की रक्षा के लिये कांग्रेस ' मनरेगा बचाओ संग्राम' का राष्ट्रव्यापी अभियान चला रही है। 10 से 25 फरवरी तक कांग्रेस जमीनी स्तर पर यह संदेश लेकर जायेगी कि मनरेगा का नाम बदलकर भाजपा की सरकार ने जो नया कानून वीबीजीआरएएमजी कानून लागू किया है उसने काम के अधिकार की वैधानिक गारंटी समाप्त कर दिया है। शनिवार को कांग्रेस




कार्यालय पर उपाध्यक्ष डा. वाहिद अली सिद्दीकी, संदीप श्रीवास्तव, अलीम अख्तर, मनरेगा समन्वयक साधू शरन आर्य, कांग्रेस नेता डा. आलोक रंजन वर्मा ने पत्रकारों से वार्ता करते हुये कहा कि मनरेगा ग्रामीण आजीविका का महत्वपूर्ण रीढ था किन्तु भाजपा ने उसके मूल चेतना पर हमला कर नये कानून में काम के अधिकार को समाप्त कर दिया है। इससे मनरेगा मजदूरों के अस्तित्व के साथ ही उनके कार्य करने के अधिकार पर खतरा मड़रा रहा है। कांग्रेस इस जन विरोधी निर्णय के मामले में चुप नहीं रहेगी और 25 फरवरी तक चरणबद्ध ढंग से आन्दोलन कर इसे आम जनता तक ले जाया जायेगा।कांग्रेस नेताओं ने पत्रकारो के प्रश्नों का उत्तर देते हुये बताया कि 11 जनवरी को एक दिवसीय उपवास, 12 को पंचायत स्तर पर सम्पर्क, 30 जनवरी को वार्ड और ब्लाक स्तर पर शांति पूर्वक धरना, 31 जनवरी को जिला स्तरीय मनरेगा बचाओ धरना, 7 फरवरी को राज्य स्तरीय विधानसभा घेराव के बाद 16 से 25 फरवरी तक एआईसीसी रैलियों का आयोजन किया जायेगा। कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे को जन-जन तक ले जायेगी कि किस तरह से मनरेगा की जगह नया कानून लाकर भाजपा ग्रामीण अर्थ व्यवस्था की रीढ पर हमला कर रही है।

प्रेस वार्ता में चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डा.सुरेन्द्र चौधरी, अनिल तिवारी, बसन्त कुमार चौधरी आदि शामिल रहे।

### माँ चण्डिका देवी धाम पहुंचे जिलाधिकारी, पूजा-अर्चना के साथ गरीबों को बांटे कंबल

**प्रतापगढ़।** जनपद के जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने आज माँ चण्डिका देवी धाम पहुंच कर विधि-विधान से पूजा एवं अर्चना की। पूजा के उपरांत उन्होंने मंदिर परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने परिसर में साफ-सफाई, श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि माँ चण्डिका देवी धाम जनपद की आस्था का प्रमुख केंद्र है,यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मंदिर परिसर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।कड़ाके की ठंड को देखते हुए जिलाधिकारी ने धाम में पहुंचे गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को कंबलों का वितरण किया। कंबल पाकर गरीब एवं असहाय लोग काफी खुश नजर आए और उन्होंने जिला प्रशासन के इस प्रयास की सराहना की। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने धाम परिसर में मौजूद बंदरों को चना, लाई एवं मूंगफली खिलाकर जीवों के प्रति करुणा का भी संदेश दिया।

## रूधौली विधासभा सीट से चुनाव लड़ेंगे मनोज चौधरी या उनकी पत्नी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के रूधौली विधानसभा आगामी विधानसभा चुनाव भले ही 2027 में होना हो कठाके की ठंड में भी सरगर्मियां तेज हैं और भावी उम्मीदवारों ने अपने-अपने क्षेत्रों में सम्पर्क और रणनीति बनाना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में रूधौली विधानसभा क्षेत्र में पिपरपाती खुर्द निवासी चांदनी चौधरी और उनके पति मनोज कुमार चौधरी की विधानसभा में दावेदारी चर्चा में हैं।बस्ती प्रशासनिक मुद्ममनोज कुमार चौधरी ने बताया कि इस बार मुद्दा होगा 'बाहरी हटाओ, रूधौली बचाओ'। कहा कि रूधौली विधानसभा क्षेत्र में किसान, नौजवान के साथ ही सभी वर्गो के लोग परेशान हैं। चीनी मिल से समय से भुगतान नहीं हो पाता। वाल्टरगंज चीनी मिल बंद है और गन्ना किसानों का करोड़ो रूपयों का भुगतान नहीं हो पा रहा है। उद्योग धंधों के अभाव में बेरोजगार युवा पलायन को विवश



है। यदि उन्हें या उनकी पत्नी को रूधौली विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने का मौका मिला तो वे पूरी निष्ठा के साथ जनता की इच्छा आकाक्षाओं को पूरा करने की दिशा में जमीनी स्तर पर पहल करेंगे। मनोज कुमार चौधरी का कहना है कि जन प्रतिनिधि क्षेत्र के विकास को लेकर गंभीर नहीं हैं। वे चुनाव में बड़े-बड़े वायदे तो करते हैं किन्तु जीत जाने के बाद उसे भूल जाते हैं। वे राजनीति के माध्यम से क्षेत्र में विकास कार्यो को तेज करने का अलख जगाये रखेंगे। बताया कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वे किस दल से चुनाव मैंदान में उतरेंगे, इसके बावजूद सम्पर्क जारी है।

## पिसनारी तिराहा से बस स्टैंड तक डामरीकरण कार्य का लोकार्पण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** राजघाट रोड में पिसनारी तिराहा से बस स्टैंड की ओर डामरीकरण कार्य, वार्ड नं. 2 व 6 में पुल निर्माण एवं एप्रोच मार्ग निर्माण का लोकार्पण जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। स्थानीय सांसद अनुराग शर्मा ने कहा कि लम्बे समय से इस सड़क का जीर्णोद्धार न होने के कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानी होती थी, चूंकि शहर को राजघाट मार्ग से जोड़ने वाली यह मुख्य सड़क है, जिससे प्रतिदिन सैकड़ों




लोगों व वाहनों का आना जाना यहां से होता है। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि नगर पालिका ने शहर में अनेक सड़कें डलवाई जा रही है, जिसमें नपाध्यक्ष, ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा एवं समस्त वार्ड पार्षद मिलकर सहयोग कर रहे है। नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने कहा कि नगर पालिका द्वारा शहर में विकास के लिए अनेक कार्य कराये जा रहे है, जिसमें शहर के विभिन्न वार्डो में सड़कें डलवाई जा रही है, उन्होंने कहा कि पिसनारी तिराहे से लेकर राजघाट रोड़ तोड़कर जीर्णशीर्ण पड़े होने के चलते राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, जिसको जीर्णोद्धार के लिए टेंडर प्रक्रिया पास कराते हुए शिलान्यास किया गया है। इस दौरान राज्य मंत्री मनोहर लाल के अलावा नपा कर्मी, जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में कोतवाली देहात व नगर में थाना समाधान दिवस आयोजित

**●फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं, समयबद्ध निस्तारण के निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** जनपद में जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से शनिवार को कोतवाली देहात एवं कोतवाली नगर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने की। थाना समाधान दिवस में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतें एक-एक कर गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनीं तथा संबंधित




अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्राप्त प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने दो टूक कहा कि थाना समाधान दिवस का मूल उद्देश्य आम नागरिकों को त्वरित न्याय दिलाना है, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

डीएम ने विशेष रूप से भूमि विवाद, आपसी विवाद और राजस्व से जुड़े मामलों में मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण कर समाधान कराने पर जोर दिया। उन्होंने राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को संयुक्त टीम बनाकर शिकायतों की गहन जांच, तथ्यपरक रिपोर्ट प्रस्तुत करने और शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जनसमस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और न्यायसंगत समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए सभी संबंधित अधिकारी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। थाना समाधान दिवस के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तहसील महरौनी को आईजीआरएस प्रणाली में लगातार चौथी बार प्रथम स्थान प्राप्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महरौनी।** उत्तर प्रदेश सरकार की आईजीआरएस (Integrated Grievance Redressal System) के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में तहसील महरौनी ने लगातार चौथी बार प्रथम स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उपजिलाधिकारी महरौनी रजनीश बाजपेई ने तहसील के सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं विशेष बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि टीमवर्क, समर्पण, पारदर्शिता तथा त्वरित सेवा भाव का परिणाम है।



उपजिलाधिकारी ने आगे बताया कि महरौनी तहसील लगातार जनता की समस्याओं के निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है तथा भविष्य में भी इसी प्रकार उत्तम कार्यप्रणाली को बनाए रखते हुए जनता को बेहतर सेवाएँ प्रदान करती रहेगी। उपजिलाधिकारी ने समस्त स्टाफ,राजस्व निरीक्षकों, लेखपालों, कंप्यूटर ऑपरेटरों, लिपिकों एवं अन्य सहयोगी कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें इसी कर्तव्यनिष्ठा के साथ आगे भी कार्य करने का आह्वान किया।

# संक्षिप्त खबरें

## हाइवे किनारे पानी से भरे गड्ढे में मिला शव, नहीं हो सकी शिनाख्त

**कालपी(जालौन):** आटा थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह हाईवे किनारे रेलवे स्टेशन के सामने पानी से भरे एक गड्ढे में अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव से दुर्गंध आने पर रेलवे कर्मचारियों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही आटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने पानी में से शव को बाहर निकलवाकर कब्जे में लिया। प्रारंभिक जांच में शव करीब 10 से 12 दिन पुराना बताया जा रहा है, जिसके चलते उसकी हालत काफीखराब हो चुकी थी। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 40 से 42 वर्ष के बीच प्रतीत हो रही है। शव के पास से कोई पहचान संबंधी दस्तावेज बरामद नहीं हुए हैं, जिससे मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव मिलने की सूचना फैलते ही आसपास के ग्रामीण और राहगीर घटनास्थल पर जुट गए। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान के प्रयासों के तहत आसपास के गांवों, रेलवे स्टेशन क्षेत्र और हाईवे पर कार्य करने वाले लोगों से पूछताछ की जा रही है। साथ ही रेलवे पुलिस और अन्य थानों से गुमशुदगी के मामलों की जानकारी भी जुटाई जा रही है। आटा थाना प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। उन्होंने बताया कि मृतक की जेब से सिगरेट की एक डिब्बी मिली है और वह स्वेटर व जैकेट पहने हुए था। फिलहाल मामले की जांच सभी पहलुओं पर की जा रही है।

## अराजक तत्वों ने मंदिर में क्षतिग्रस्त की मूर्तियां, पुलिस प्रशासन ने सूझबूझ का दिया परिचय

**उरई (जालौन)-** रेढ़र थाना क्षेत्र अंतर्गत ईगुई गांव स्थित शंकर जी के मंदिर में शुक्रवार देर रात अराजकतत्वों ने शिवलिंग और नंदी बाबा की मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया। शनिवार सुबह जब ग्रामीण पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे तो क्षतिग्रस्त मूर्तियां देखकर वे स्तब्ध रह गए। घटना की जानकारी फैलते ही गांव में सनसनी फैल गई और मंदिर परिसर के आसपास ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। मंदिर में शिवलिंग और नंदी की स्थापना कराने वाले हरगोविंद वर्मा ने मामले की सूचना तत्काल पुलिस को दी। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी अंबुज यादव, रेढ़र थाना प्रभारी रमाशंकर कटियार और हल्का प्रभारी इमरान खान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया और ग्राम प्रधान सियाराम सहित ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें शांत कराया। पुलिस ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत नई शिवलिंग और नंदी की मूर्तियां मंगवाकर हरगोविंद वर्मा को सौंप दीं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ग्रामीणों की सहमति और विधि-विधान के अनुसार शीघ्र ही मूर्तियों की पुनः स्थापना कराई जाएगी। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से गांव में व्याप्त तनाव नियंत्रित हो सका। क्षेत्राधिकारी अंबुज यादव ने बताया कि घटना को अंजाम देने वाले अराजकतत्वों की पहचान की जा रही है और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। फिलहाल पुलिस ने गांव में अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए जांच शुरू कर दी है।

## मोहनलालगंज में भारतीय किसान यूनियन भानू गुट की मासिक बैठक संपन्न, एक फरवरी से निकलेगी किसान क्रांति पदयात्रा



**मोहनलालगंज (लखनऊ)।** भारतीय किसान यूनियन (भानू गुट) की मासिक बैठक शनिवार को मोहनलालगंज ब्लॉक परिसर में आयोजित की गई, जिसमें सैकड़ों किसान शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य किसानों की समस्याओं को लेकर एकजुटता और संगठन की रणनीतियों पर चर्चा करना था। प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा ने बैठक में किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में किसान कई चुनौतियों का सामना कर रहा है, लेकिन भारतीय किसान यूनियन हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ी है। उन्होंने घोषणा की कि 1 फरवरी से 10 दिवसीय 'किसान क्रांति पदयात्रा' शुरू की जाएगी, जो लखनऊ जनपद के विभिन्न तहसीलों और ब्लॉकों से गुजरते हुए किसानों की प्रमुख मांगों को प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समक्ष मजबूती से उठाएगी। बैठक में जिला अध्यक्ष अनुरेंद्र कुमार अन्नू ने कहा कि संगठन किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार संघर्षरत है और आने वाले समय में संगठन का आंदोलन और अधिक व्यापक होगा। इस अवसर पर किसानों ने अपने मुद्दे उठाए, जिनमें सिंचाई, बिजली, खाद-बीज, आवारा पशु और मुआवजे जैसे मुद्दे प्रमुख रहे। किसानों ने इन समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। 'किसान एकता और संगठन की मजबूती हमारा मुख्य उद्देश्य है,' जिला अध्यक्ष अन्नू ने कहा। बैठक का समापन किसानों के हितों की रक्षा और संगठन की ताकत को और बढ़ाने के संकल्प के साथ किया गया। बैठक में भाकियू के मण्डल मीडिया प्रभारी मुकेश द्विवेदी समेत कई पदाधिकारी और किसान उपस्थित रहे।

# 'मोहनलालगंज ब्लॉक में तहरी भोज और पत्रकार-समाजसेवी सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

**● ...भारतीय किसान यूनियन भानू गुट द्वारा आयोजित समारोह में किसान, पत्रकार और समाजसेवियों को किया गया सम्मानित, समारोह में उमड़ा भारी जनसैलाब।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखनऊ।** भारतीय किसान यूनियन (भानू गुट) के तत्वावधान में शनिवार को मोहनलालगंज ब्लॉक परिसर में मासिक बैठक, तहरी भोज और पत्रकार-समाजसेवी सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में क्षेत्र के सैकड़ों किसान, पत्रकार और समाजसेवी शामिल हुए, और कार्यक्रम जनसभात्मक रूप में बदल गया।

कार्यक्रम की शुरुआत ब्लॉक सभागार में क्षेत्र के समाजसेवियों को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित करने से हुई। इस अवसर पर भाकियू (भानू) के प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा ने समाजसेवियों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे समाज के सच्चे प्रहरी होते हैं, जिनकी सक्रियता से कुरीतियों का अंत और कमजोर वर्ग को न्याय दिलाना संभव हो पाता है।

जिला अध्यक्ष अनुरेंद्र कुमार अन्नू ने संगठन की कार्ययोजना पर चर्चा की और कहा कि भाकियू किसानों की समस्याओं को लेकर लगातार संघर्षरत है। उनका मुख्य उद्देश्य किसानों को एक मंच पर लाकर उनकी आवाज को सशक्त करना है। कार्यक्रम में पत्रकारों को किसान हितों से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देने का आग्रह करते हुए निगोहां प्रेस क्लब के संरक्षक मुकेश द्विवेदी ने कहा कि किसान और पत्रकार समाज के दो महत्वपूर्ण स्तंभ हैं।

इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार जय शुक्ला का जन्मदिन भी मनाया गया, जिससे कार्यक्रम में



और उत्साह का माहौल बना। सम्मान समारोह में भारतीय किसान यूनियन की ओर से पत्रकारों और समाजसेवियों को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया और उन्हें स्मृति चिह्न स्वरूप डायरी और पेन भेंट किए गए। सम्मान समारोह में लगभग दो दर्जन से अधिक पत्रकारो को सम्मानित किया गया। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के पदाधिकारियों की मौजूदगी रही। समारोह का समापन किसान एकता, सामाजिक समरसता और संगठन की मजबूती के संकल्प के साथ किया गया।

## शादी के छः माह बाद भी नही मिला शादी अनुदान

**माल/लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में समाज कल्याण की शादी अनुदान योजना का लाभ निर्धन व जरूतमंद लड़कियों को नहीं मिल पा रहा है। जरूरत मंद के परिजन दर दर भटक ररहे हैं।परिजन विभाग के खिलाफ अपना रोष जता रहे हैं। माल क्षेत्र की नारायणपुर गांव निवासी वृद्ध महिला गुड्डी का आरोप है कि,बेटी की शादी का शादी अनुदान के छः माह पूर्व आवेदन की समस्त प्रक्रिया पूरी करने के बाद भी उन्हें योजना का लाभ नहीं मिला है। विभाग के जिम्मेदारों ने बेटी के आवेदन पर गौर नहीं किया। उन्होंने सरकार से आवेदन पत्रों की जांच कराकर अनुदान दिए जाने की मांग की है।

**क्या बोले जिम्मेदार**

इस संबंध में जिला समाज अधिकारी लखनऊ ने बताया कि,पोर्टल का इश्यू है।पोर्टल अच्छे से काम नहीं कर रहा है।जो हमारे पास जांच होके आ जाते हैं उनका पेमेंट कर देते हैं।लाभार्थी अगर बैंक खाता आधार से लिंक न करवाएं हों तो अवश्य करवा लें।

## चौहान गुट ने अमर शहीद ननकू सिंह को पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**रायबरेली** जनपद के सलोन कोतवाली अंतर्गत कराहिया बाजार स्थित अमर शहीद ननकू सिंह के स्मारक पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार जिला संयोजक जी सी सिंह चौहान बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में अमित फौजी रहे। कार्यक्रम में ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट के जिलाध्यक्ष मो0 उमर, जिला मीडिया प्रभारी इम्तियाज खान, जिला इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रभारी वसीम खान, शाहगंज अध्यक्ष देशराज भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में पहुंचकर दोनों अतिथियों ने अमर शहीद ननकू सिंह जी को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की और भारत माता की जय, वंदे मातरम् के नारे लगाए। मुख्य अतिथि ने कहा कि हमें अपने राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को पूर्ण निष्ठा के साथ पूरा करना चाहिए। आजादी की कीमत हम सबको समझनी चाहिए। हमें अपने पूर्वजों द्वारा दिए गए बलिदान का सम्मान करना चाहिए। हमें मिल जुलकर एकसाथ रहते हुए भारत को विश्व में सर्वोत्तम स्थान पर के जाने के लिए कार्य करना चाहिए। देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए सदैव कार्य करना चाहिए। हमारे अमर शहीदों ने जिस भारत का सपना देखा था हमें भी वैसे ही भारत के निर्माण में अपना योगदान देते हुए उनके सपनों को साकार करना चाहिए। अंत में श्री चौहान ने कहा कि 7 जनवरी से 14 जनवरी तक चलने वाले शहीद दिवस का शुभारंभ शहर के मुंशीगंज स्थित शहीद स्मारक पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा दीपदान करके और शहीद स्तंभ पर पुष्प अर्पित करके किया गया। जनपदवासियों से अपील करना चाहूंगा कि वो भी समय निकाल कर देश के लिए शहीद हुए अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित जरूर करें। इस मौके पर तहसीलदार सलोन, बीडीओ, चौकी इंचार्ज, ग्राम प्रधान, किसान संगठन के पदाधिकारी सहित सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे।

## श्री संकटा देवी मंदिर प्रांगण में वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**महमूदाबाद- सीतापुर** विश्व मानवाधिकार कानून एवं अपराध नियंत्रण ट्रस्ट भारत तथा गुड़िया ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में मां संकटा देवी मंदिर परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरियाली संवर्धन एवं समाज में जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर विश्व मानवाधिकार कानून एवं अपराध नियंत्रण ट्रस्ट भारत की राष्ट्रीय अध्यक्षा माननीया नीतू सिंह दिनकर, राष्ट्रीय संरक्षक एस. एस. दिनकर, लखनऊ कार्यालय प्रभारी एवं गुड़िया ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्षा रेनू वर्मा तथा गुड़िया ट्रस्ट के राष्ट्रीय सचिव निखिल वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में नीम, चंपा, सिंदूर, टिकौमा, चांदनी, कनेर सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधों का बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया गया। इस पुनीत कार्य में दोनों संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं सदस्यों



ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संतोष कुमारी, पूनम वर्मा, पुष्पा देवी, अर्चना देवी, अरविंद कुमार, रेनू वर्मा, ममता देवी, मंजू वर्मा, लज्जावती, सुनीता देवी, फूलमती, प्रियंका गुप्ता सहित अनेक पदाधिकारी, सदस्य एवं मां संकटा देवी मंदिर के पुजारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित पदाधिकारियों ने लगाए गए पौधों की नियमित देखरेख एवं संरक्षण का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक लोगों को पर्यावरण संरक्षण से जुड़ने का आह्वान किया।

## सैनिक स्कूल में मेधावियों का चयन, विद्यालय में खुशी का माहौल



**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के सीपीएस माण्टेसरी स्कूल के 18 मेधावियों ने यूपी सैनिक स्कूल में चयनित होकर लालगंज का नाम रोशन किया है। मेधावियों की सफलता पर शनिवार को विद्यालय में खुशी का माहौल देखा गया। प्रधानाचार्य विक्रम सिंह तथा निदेशक विचित्र प्रताप सिंह ने सफलता को विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि कहा है। चयनित होने वाले मेधावियों में दिव्या तिवारी, कृष्णा कौशल, अली अहमद, खुशबू शुक्ला, आराध्या सिंह, सृष्टि गुप्ता, अनन्या, अमन यादव, ऋषभ विश्वकर्मा, आशुतोष विश्वकर्मा, श्रेया सिंह, कीर्ति यादव, शिवनंदिनी मिश्रा आदि हैं।

# समाजसेवी अवधेश साहू को स्वामी विवेकानंद यूथ अवॉर्ड से सम्मानित करेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**● ...राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर अवधेश साहू को समाज सेवा के लिए मिलेगा राज्य स्तरीय सम्मान, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे पुरस्कार वितरण।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय युवा दिवस के पावन अवसर पर समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले समाजसेवी अवधेश साहू को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान किया जाएगा प्रतिष्ठित 'स्वामी विवेकानंद यूथ अवॉर्ड '। यह सम्मान उन्हें प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 12 जनवरी को आयोजित भव्य समारोह में दिया जाएगा।

समाजसेवी अवधेश साहू का जीवन संघर्ष और सेवा का एक अनुपम उदाहरण है। अत्यधिक गरीब परिवार में जन्मे और मुश्किलों के बावजूद शिक्षा के साथ समाज सेवा की दिशा में काम करने वाले साहू जी ने न केवल अपनी जीवनशैली को बदला, बल्कि समाज में भी हजारों जरूरतमंदों को सहायता और मार्गदर्शन प्रदान किया। उनकी अनथक मेहनत और समर्पण ने उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में एक आदर्श बना दिया है।

अवधेश साहू का जीवन स्वामी विवेकानंद के विचारों 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो' का सजीव प्रमाण है। उनका यह सम्मान न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है,



बल्कि उनके द्वारा किए गए समाज सेवा के कार्यों का प्रतीक भी है, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा। समाज में उनके योगदान को देखते हुए जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, और क्षेत्रवासियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं और इसे पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताया है। यह सम्मान एक माँ के त्याग और बेटे के संघर्ष की जीत है, जो समाज सेवा के संकल्प को और भी प्रगाढ़ करता है।

## एमसीएफ के महाप्रबंधक पी, के मिश्रा की पुस्तक ने खोले रेलवे इतिहास के पन्ने

**● रेलवे को साम्राज्य से राष्ट्र की जीवन रेखा तक ले जाती पुस्तक**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लालगंज रायबरेली।** भारतीय रेलवे केवल इंजनों की गर्जना, पटरियों की खनक और स्टेशनों की भीड़ का नाम नहीं है। यह उस राष्ट्र की धड़कन है, जिसने गुलामी की बेड़ियों में भी अपने भविष्य की राह इस्पात पर लिखी। इसी ऐतिहासिक सत्य को शब्द, संदर्भ और संवेदना प्रदान करती है पुस्तक 'हिंदुस्तान का राजमार्ग : ईस्ट इंडियन रेलवे (1841-1871)', जिसे लिखा है आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (मॉडर्न कोच फैक्ट्री), लालगंज (रायबरेली) के महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने। महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा का व्यक्तित्व भारतीय रेलवे में केवल एक शीर्ष प्रशासक का नहीं, बल्कि इतिहास बोध से संपन्न एक चिंतक, विरासत के संरक्षक और समय को शब्दों में थाम लेने वाले विद्वान लेखक का है। उन्होंने इस पुस्तक में पूर्वी भारतीय रेलवे के प्रारंभिक तीन दशकों का ऐसा प्रामाणिक और व्यापक इतिहास रचा है, जो अब तक उपलब्ध किसी भी अध्ययन से कहीं आगे जाता है। यह पुस्तक प्राथमिक और मूल अभिलेखीय स्रोतों पर आधारित है–वे दस्तावेज, वे रिपोर्टें, वे पत्र और वे निर्णय, जिन्होंने रेलवे को साम्राज्य की आवश्यकता से निकालकर राष्ट्र की जीवनरेखा बनाया। लेखक ने यह स्पष्ट किया है कि रेलवे केवल ब्रिटिश सत्ता का औजार नहीं थी, बल्कि वही लौह मार्ग आगे चलकर भारत की आर्थिक चेतना, सामाजिक संरचना और भौगोलिक एकता की रीढ़ बना।

**हिंदुस्तान का राजमार्ग' कोई साधारण पुस्तक नहीं, बल्कि भारतीय रेलवे की वह स्मृति है, जिसे प्रशांत कुमार मिश्रा ने शब्दों में अमर कर दिया**

दक्कन में रेलवे विस्तार, अकाल और औपनिवेशिक नीतियाँ, इंजीनियरिंग के असंभव को संभव करने वाले प्रयास, गुमनाम श्रमिकों का पसीना, और दूरदर्शी सुधारकों की सोच–इन सभी को प्रशांत मिश्रा ने केवल इतिहास की तरह नहीं, बल्कि मानवीय कथा के रूप में प्रस्तुत किया है। यह पुस्तक बताती है कि कैसे इस्पात की पटरियों पर सिर्फ रेलगाड़ियाँ नहीं चलीं, बल्कि एक सभ्यता ने अपनी दिशा तय की। महाप्रबंधक के रूप में प्रशांत कुमार मिश्रा ने जहां रेलवे के आधुनिक निर्माण और प्रशासन में अपनी अलग पहचान बनाई है, वहीं एक इतिहासकार के रूप में उन्होंने भारतीय रेलवे की आत्मा को संरक्षित करने का कार्य किया है। देशभर में पचास से अधिक ऐतिहासिक रेलवे संरचनाओं के जीर्णोद्धार का नेतृत्व कर उन्होंने यह सिद्ध किया कि विकास और विरासत विरोधी नहीं, बल्कि सहयात्री हो सकते हैं।उनका



लेखन केवल अकादमिक नहीं, बल्कि जीवंत है- ऐसा लेखन जो पाठक को 19वीं सदी के प्लेटफॉर्म पर खड़ा कर देता है, जहां भाप से चलती ट्रेन के साथ-साथ इतिहास की दिशा भी बदल रही होती है। यही कारण है कि उनकी रचनाएँ डोरलिंग किंडरस्ले और पेंगुइन रैंडम हाउस जैसे विश्वविख्यात प्रकाशन समूहों द्वारा प्रकाशित की गई हैं। 'हिंदुस्तान का राजमार्ग' कोई साधारण पुस्तक नहीं, बल्कि भारतीय रेलवे की वह स्मृति है, जिसे प्रशांत कुमार मिश्रा ने शब्दों में अमर कर दिया है। यह पुस्तक इतिहासकारों के लिए संदर्भ, प्रशासकों के लिए दृष्टि, विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा और आम पाठक के लिए गर्व का कारण है।यह कृति बताती है कि जब एक प्रशासक के हाथ में कलम आती है और उसके भीतर इतिहास की चेतना जागती है, तो वह केवल किताब नहीं लिखता–वह आने वाली पीढ़ियों के लिए राष्ट्र की स्मृति रच देता है।

## महमूदाबाद में शिव मठ मंदिर को कब्जा मुक्त कराने के लिए नागरिकों का बड़ा ज्ञापन

**● जिलाधिकारी से 11 बिंदुओं पर कार्रवाई की मांग**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**महमूदाबाद, सीतापुर** नगर पालिका परिषद महमूदाबाद क्षेत्र में फैले अवैध अतिक्रमण को लेकर स्थानीय नागरिकों ने जिलाधिकारी, सीतापुर को संबोधित एक विस्तृत ज्ञापन उपजिलाधिकारी, महमूदाबाद के माध्यम से सौंपा है। ज्ञापन में नगर के विभिन्न इलाकों में सरकारी, धार्मिक, तालाबों, शत्रु संपत्ति व सार्वजनिक मार्गो पर किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटवाने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि ठठेरी बाजार स्थित प्राचीन ऐतिहासिक व धार्मिक स्थल, जहां से प्रसिद्ध जलबिहार प्रारंभ होता था, वहां शिव मंदिर, कुआं व नगरपालिका की भूमि पर अवैध रूप से मार्केट का निर्माण कर लिया गया है, जिसे अतिक्रमण मुक्त कराया जाना आवश्यक है। इसी प्रकार बेलदारी टोला में नगर पालिका के तालाब की भूमि पर अवैध रूप से मस्जिद व मदरसे का निर्माण कर सार्वजनिक रास्ता बंद कर दिया गया है, जिसकी निशानदेही कर कब्जा हटाने की मांग की गई है।

नगरपालिका कार्यालय के पास स्थित तालाब के चारों ओर अतिक्रमण, बजाजा चौराहे से बस स्टाप रोड पर मस्जिद के बाहर बने अवैध चबूतरे व दुकानों से मुख्य मार्ग बाधित होने, तहसील से संकटा देवी मार्ग के दोनों ओर अवैध दुकानों व मजार के चारों तरफ बनी बाउंड्रीवाल को हटाने की मांग भी ज्ञापन में की गई है। इसके अलावा बरदही बाजार में शत्रु संपत्ति पर अवैध कब्जा, पुरुष अस्पताल जाने वाले मार्ग पर अतिक्रमण के कारण एंबुलेंस आवागमन में हो रही परेशानी, सब्जी मंडी को अन्यत्र स्थानांतरित करने, शत्रु संपत्ति की बागों व कृषि भूमि की नीलामी में भ्रष्टाचार की जांच, रेलवे स्टेशन के पास रेलवे लाइन किनारे बनी ईदगाह, सिधौली रोड पर पावर हाउस के पास व गल्ला मंडी गेट पर किए गए अवैध निर्माण तथा रेलवे क्रॉसिंग के पास लकड़ी कारोबारियों द्वारा पुनः किए जा रहे कब्जे को



रोकने की मांग की गई है। नागरिको ने जिलाधिकारी से मांग की है कि नगर हित में इन सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कर अवैध अतिक्रमण को तत्काल हटवाया जाए तथा दोषी अधिकारियों व भू-माफियाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। उक्त ज्ञापन अमरीश गुप्ता पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि नगरपालिका के नेतृत्व में रमेश वर्मा, अशोक वर्मा, राजू पोरवाल, अमरीश वर्मा, पंकज वर्मा, ब्रजेश कुमार, अवध राम साहू, अभिषेक सोनी आदि लोगो ने कोतवाली परिसर में उप जिलाधिकारी को सीओ कोतवाल की उपस्थिति में सौपा।

## मनरेगा को कमजोर करने की साज़िश:-कौशल कुमार सिंह ' मुन्ना राय

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**आजमगढ़** जिला कांग्रेस कमेटी, आज़मगढ़ द्वारा केंद्र की भाजपा सरकार के उस जनविरोधी फैसले के खिलाफ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई, जिसमें महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना (मनरेगा) से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाने और इसके मूल स्वरूप व प्रमुख प्रावधानों में बदलाव करने का निर्णय लिया गया है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष कौशल कुमार सिंह 'मुन्ना राय' ने कहा कि मनरेगा करोड़ों गरीब और ग्रामीण परिवारों के लिए रोज़गार की संवैधानिक गारंटी है। इस ऐतिहासिक योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाना भाजपा सरकार की गांधी-विरोधी और गरीब-विरोधी सोच को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि सरकार मनरेगा को नए नाम विकसित भारत ग्राम जी के माध्यम से उसकी आत्मा से अलग करने की कोशिश कर रही है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार



जानबूझकर मनरेगा को कमजोर करने की दिशा में काम कर रही है। काम के दिनों की गारंटी को व्यवहारिक रूप से सीमित किया जा रहा है, मज़दूरी भुगतान में अनावश्यक तकनीकी अड़चनें खड़ी की जा रही हैं, राज्यों के अधिकारों में कटौती की जा रही है और योजना को मांग-आधारित स्वरूप से हटाकर सरकारी नियंत्रण में लाने की साज़िश की जा रही है। इसका सीधा असर ग्रामीण मज़दूरों, महिलाओं और वंचित वर्गों पर पड़ेगा।

कौशल कुमार सिंह 'मुन्ना राय' ने कहा कि भाजपा सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि उसे गरीबों के रोज़गार और महात्मा गांधी के नाम से इतनी परेशानी क्यों है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि यह फैसला वापस नहीं लिया गया तो कांग्रेस पार्टी सड़कों से लेकर संसद तक संघर्ष तेज करेगी।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने एक स्वर में कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस मनरेगा के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ को बर्दाश्त नहीं करेगी और इस योजना की रक्षा के लिए निर्णायक लड़ाई लड़ेगी। प्रेस कांफ्रेंस में रियाजुल हसन, अजीत राय, राहुल राय, गिरीश चंद्र चतुर्वेदी, तेज बहादुर यादव, मुन्नू यादव, बेलाल बेग, मो. आमिर, श्यामदेव यादव, मंतराज यादव, हरिओम उपाध्याय, मुन्नू मौर्य शहज़ादे मिंटू, प्रदीप यादव, तुषार सिंह पालीवाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र तक पहुँचे, लापरवाही बर्दाश्त नहीं-प्रभारी मंत्री

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**उरई(जालौन)-** गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्यमंत्री तथा जनपद के प्रभारी मंत्री संजय सिंह गंगवार की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं तथा कानून-व्यवस्था की गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। प्रभारी मंत्री ने सभी अधिकारियों को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।



प्रभारी मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, पोषण, पेंशन सहित सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों तक पहुँचना चाहिए। किसी भी पात्र लाभार्थी का योजना से वंचित रहना प्रशासनिक लापरवाही माना जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी पूर्ण कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण जनप्रतिनिधियों के माध्यम से ही कराया जाए, जिससे जनभागीदारी और पारदर्शिता सुनिश्चित हो। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि पात्रता की जांच मानकों के अनुसार कर ग्राम स्तर पर पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से लाभार्थियों की सूची तैयार की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी अपात्र को लाभ न मिले और कोई भी पात्र व्यक्ति छूटने न पाए। विद्यालयों में कायाकल्प योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि मानकों के अनुरूप कार्य कराते हुए सभी विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि पाइपलाइन बिछाने के पश्चात सड़कों को यथाशीघ्र दुरुस्त कराया जाए तथा जल गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। प्रभारी मंत्री ने लोक निर्माण विभाग एवं संबंधित निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए कि जिन सड़कों की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है, उनकी सूची सभी जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए, ताकि जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कार्यों की निगरानी सुनिश्चित हो सके। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि क्षतिग्रस्त एवं गड्ढायुक्त सड़कों की प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत कर उन्हें गड्ढामुक्त किया जाए, जिससे आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। चिकित्सा विभाग को निर्देशित किया गया कि मरीजों को बेहतर, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध उपचार उपलब्ध कराया जाए। वहीं आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों का त्वरित पंजीकरण कर उन्हें योजना के लाभ से वंचित न रहने दिया जाए। समाज कल्याण विभाग को सभी पेंशन योजनाओं में पात्रता की शुद्धता सुनिश्चित करते हुए लाभार्थियों को समय से भुगतान कराने के निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि शहरी क्षेत्रों में 24 घंटे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 72 घंटे के भीतर खराब ट्रांसफार्मर बदले जाएं। किसानों को पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराए जाएं। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने स्पष्ट चेतावनी दी कि शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में ग्रामीण विकास, पंचायती राज, कृषि, पशुपालन, खाद्य एवं रसद, श्रम एवं सेवायोजन, पीएम सूर्य घर योजना सहित सभी विभागों की योजनाओं की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को जनहित सर्वोपरि रखते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, एमएलसी रमा निरंजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, डीसी मनरेगा रामेंद्र सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा, पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन, भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित सहित जनप्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# वायु प्रदूषण की निरंतरता और सर्दी की मार बदलते मौसम में बिगड़ता जनजीवन



**सामूहिक सावधानी की आवश्यकता**

देश में वायु प्रदूषण अब किसी एक मौसम तक सीमित रहने वाली समस्या नहीं रह गई है, बल्कि यह एक ऐसी निरंतर चुनौती के रूप में सामने आया है, जिसने पर्यावरण, स्वास्थ्य और जनजीवन तीनों को गहरे स्तर पर प्रभावित किया है। हालिया अध्ययनों और उपग्रह आधारित विश्लेषणों से यह स्पष्ट हो रहा है कि देश के बड़े हिस्से में वायु गुणवत्ता लंबे समय से तय मानकों से नीचे बनी हुई है। इसका असर केवल महानगरों तक सीमित नहीं है, बल्कि छोटे और मध्यम शहर भी इसकी चपेट में आ चुके हैं। इस स्थिति ने यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि वायु प्रदूषण को केवल मौसमी समस्या मानना वास्तविकता से मुंह मोड़ने जैसा है, क्योंकि इसके मूल में निरंतर उत्सर्जन और बदलते पर्यावरणीय हालात जुड़े हुए हैं। सर्दियों के मौसम में यह समस्या और भी गंभीर रूप ले लेती है। ठंडी हवा, कम तापमान और वातावरण में नमी के कारण प्रदूषक तत्व नीचे की सतह पर अधिक समय तक ठहर जाते हैं। इससे धुंध और स्मॉग की स्थिति बनती है, जो न केवल दृश्यता को कम करती है बल्कि सांस संबंधी बीमारियों, आंखों में जलन, त्वचा समस्याओं और हृदय रोगों के खतरे को भी बढ़ा देती है। देश के कई हिस्सों में सर्दी की मार और प्रदूषण के दोहरे प्रभाव ने जनजीवन को अस्तव्यस्त कर दिया है। स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति प्रभावित हो रही है, बुजुर्ग और पहले से बीमार लोग घरों में कैद होने को मजबूर हैं और सामान्य जन भी दैनिक गतिविधियों में कठिनाई महसूस कर रहा है। वायु प्रदूषण के आंकड़े यह संकेत देते हैं कि यह समस्या किसी एक राज्य या क्षेत्र तक सीमित नहीं है। उत्तर भारत से लेकर पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों तक, अनेक शहर लगातार पीएम 2.5 और पीएम 10 के मानकों का उल्लंघन कर रहे हैं। इसका अर्थ यह है कि हवा में मौजूद सूक्ष्म कण लंबे समय तक शरीर में प्रवेश कर फेफड़ों और रक्तप्रवाह को नुकसान पहुंचा रहे हैं। यह स्थिति एक प्रकार की प्राकृतिक आपदा जैसी बनती जा रही है, जिसमें मौसमीय परिस्थितियां प्रदूषण के प्रभाव को और तीव्र कर देती हैं। ऐसे में किसी एक व्यक्ति, संस्था या क्षेत्र की जवाबदेही तय करना व्यावहारिक नहीं है, क्योंकि यह समस्या सामूहिक और व्यापक स्तर पर विकसित हुई है। सरकार ने इस गंभीरता को समझते हुए समय-समय पर एहतियातन कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम जैसे प्रयासों के माध्यम से वायु गुणवत्ता में सुधार लाने की कोशिश की जा रही है। शहरों में प्रदूषण की निगरानी के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग, प्रदूषण फैलाने वाले स्रोतों पर नियंत्रण, निर्माण गतिविधियों में धूल प्रबंधन, हरित क्षेत्र बढ़ाने और सार्वजनिक परिवहन को प्रोत्साहित करने जैसे कदम इस दिशा में महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। इसके साथ ही सर्दियों के दौरान आपातकालीन योजनाओं को सक्रिय करने, स्कूलों के समय में बदलाव, खुले में जलाने पर प्रतिबंध और स्वास्थ्य सेवाओं को सतर्क रखने के निर्देश भी दिए जाते हैं ताकि प्रदूषण के दुष्प्रभावों को कम किया जा सके। सरकारी स्तर पर यह भी समझा जा रहा है कि वायु प्रदूषण से निपटने के लिए दीर्घकालिक और सतत उपायों की आवश्यकता है। ऊर्जा के स्वच्छ स्रोतों को बढ़ावा देना, उद्योगों में आधुनिक तकनीक अपनाना, वाहनों के उत्सर्जन मानकों को सख्ती से लागू करना और शहरी नियोजन में पर्यावरणीय संतुलन को प्राथमिकता देना ऐसे प्रयास हैं, जो समय के साथ सकारात्मक परिणाम दे सकते हैं। हालांकि, इन उपायों के प्रभावी होने में समय लगता है और तब तक जनता को सावधानी और संयम बरतने की जरूरत होती है। सामान्य नागरिकों की भूमिका भी इस संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रदूषण से बचाव के लिए लोगों को व्यक्तिगत स्तर पर भी सतर्क रहना होगा। खराब वायु गुणवत्ता के दिनों में अनावश्यक बाहर निकलने से बचना, विशेषकर सुबह और देर शाम के समय, स्वास्थ्य की दृष्टि से लाभकारी हो सकता है। घर के अंदर स्वच्छता बनाए रखना, खिड़कियों और दरवाजों को उचित समय पर खोलना-बंद करना और जहां संभव हो वहां वायु शुद्धिकरण के उपाय अपनाना सहायक सिद्ध हो सकते हैं। बुजुर्गों, बच्चों और श्वसन रोग से पीड़ित व्यक्तियों को अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए और किसी भी असुविधा की स्थिति में चिकित्सकीय सलाह लेने में देरी नहीं करनी चाहिए। सर्दी के मौसम में शरीर की प्रतिरोधक क्षमता भी कमजोर पड़ सकती है, इसलिए संतुलित आहार, पर्याप्त पानी और गर्म कपड़ों का उपयोग आवश्यक है। यह केवल ठंड से बचाव के लिए नहीं, बल्कि प्रदूषण के प्रभाव को कम करने में भी सहायक होता है। मास्क का उपयोग, विशेषकर भीड़भाड़ वाले और अधिक प्रदूषित क्षेत्रों में, एक सरल लेकिन प्रभावी उपाय हो सकता है। इसके अलावा, नियमित स्वास्थ्य जांच और जागरूकता भी इस समस्या से निपटने में सहायक भूमिका निभा सकती है। वायु प्रदूषण को प्राकृतिक आपदा के रूप में देखने का अर्थ यह नहीं है कि इसके समाधान असंभव हैं, बल्कि यह स्वीकार करना है कि इसके प्रभाव व्यापक हैं और इसके लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। बदलते मौसम, शहरीकरण और औद्योगिक विकास के साथ पर्यावरण पर दबाव बढ़ा है, जिससे इस तरह की स्थितियां उत्पन्न हो रही हैं। ऐसे में सरकार, समाज और व्यक्ति सभी को मिलकर सावधानी, जागरूकता और सहयोग की भावना के साथ आगे बढ़ना होगा। आज आवश्यकता इस बात की है कि वायु प्रदूषण को केवल आंकड़ों और रिपोर्टों तक सीमित न रखा जाए, बल्कि इसे जनस्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता से जोड़कर देखा जाए। सर्दी की मार और प्रदूषण की गंभीरता हमें यह संदेश देती है कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखना कितना आवश्यक है। यदि समय रहते सावधानी और सतत प्रयास किए जाएं, तो इस चुनौती का सामना किया जा सकता है और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा सकता है।

**कांतिलाल मांडोत**

# हिंदी हमारी संस्कृति का गौरव और स्वाभिमान है

हम भारतीय हैं, और हिंदी हमारी संस्कृति का गौरव है। आज हिंदी न केवल भारत की राजभाषा है, बल्कि विश्व की सबसे अधिक बोली जाने वाली प्रमुख भाषाओं में तीसरे स्थान पर है। भारत के हर राज्य में अपनी-अपनी स्थानीय भाषाएँ बोली जाती हैं, लेकिन हिंदी लगभग हर राज्य में प्रचलित है। यह सरकारी कार्यालयों से लेकर आम लोगों के रोज़मर्रा के संवाद तक का प्रमुख माध्यम बनी हुई है। सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला', फणीश्वरनाथ रेणु, जयशंकर प्रसाद, महादेवी वर्मा, मुंशी प्रेमचंद, हरिवंश राय बच्चन, रामधारी सिंह 'दिनकर' और मैथिलीशरण गुप्त जैसे महान साहित्यकारों ने कविता, उपन्यास, नाटक और कहानियों के माध्यम से हिंदी साहित्य को अपार समृद्धि प्रदान की। ब्रिटिश काल में अंग्रेजों के खिलाफ जन-जागरण और क्रांति में हिंदी साहित्यकारों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आधुनिक काल में मोहन राकेश, गीत चतुर्वेदी, मृदुला गर्ग, मनु भंडारी आदि ने अपनी सशक्त लेखनी से हिंदी को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। वर्तमान में समसामयिकी मुद्दे पर चर्चित लेखक नृपेन्द्र अभिषेक 'नृप' हिंदी में अपनी मजबूत लेखनी द्वारा हिंदी को बढ़ावा दे रहे हैं। हालाँकि, संविधान लागू होने के 75 वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी उच्च शिक्षा, कानून और तकनीकी क्षेत्रों में अंग्रेजी ही प्रमुख माध्यम बनी हुई है। राजनीतिक स्वतंत्रता मिले 78 वर्ष हो चुके हैं, किंतु मानसिक गुलामी आज भी बरकरार है और डिजिटल युग में यह और गहराती जा रही है। आजकल कई शिक्षित माता-पिता हिंदी को हेय दृष्टि से देखते हैं और बच्चों को जन्म से ही अंग्रेजी में बोलना सिखाते हैं। आधुनिक अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में हिंदी बोलना अक्सर प्रतिबंधित-सा लगता है। नौकरी के साक्षात्कारों से लेकर सार्वजनिक बैठकों तक अंग्रेजी बोलने वालों को अधिक सम्मान मिलता है, जबकि हिंदी को कमतर आँका जाता है। हिंदी विश्व में तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है, जिसमें लगभग कुल वक्ता 60 करोड़ से अधिक हैं। विश्व के 150 से अधिक देशों में करोड़ों प्रवासी हिंदी बोलते और लिखते हैं। कई विदेशी विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जाती है। भारत की लगभग 50 प्रतिशत से अधिक आबादी हिंदी को समझती और बोल सकती है, फिर भी ज्ञान-विज्ञान, तकनीकी शिक्षा और उच्च अध्ययन का माध्यम अभी भी मुख्यतः अंग्रेजी है। हिंदी साहित्य, काव्य और आलेखों में तो अद्भुत योगदान हुआ है, किंतु वैज्ञानिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में हिंदी माध्यम की गुणवत्तापूर्ण पुस्तकों का अभाव बना हुआ है। हिंदी भारत की आत्मा है और हजारों वर्ष पुरानी है। यह हमारी सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। दक्षिण भारत के कुछ राज्यों में हिंदी के प्रति विरोध देखा जाता है, जहाँ इसे थोपने की आशंका जताई जाती है। लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हिंदी हमारी एकता का सूत्र है। दूसरी भाषाएँ सीखना उत्तम है, किंतु अपनी मातृभाषा को तिरस्कृत करना अपनी जड़ों से कटना है। हिंदी में बोलना, लिखना और पढ़ना न केवल भाषा को समृद्ध करेगा, बल्कि देश की सांस्कृतिक पहचान को भी सशक्त बनाएगा। डिजिटल युग में हिंदी का वैश्विक प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। यूट्यूब, सोशल मीडिया, ऐप्स और एआई टूल्स पर हिंदी कंटेंट की भरमार है। हिंदी भारत की राजभाषा होने के साथ-साथ फिजी की भी आधिकारिक भाषा है। भारत के बढ़ते आर्थिक, राजनीतिक और सामरिक प्रभाव से विदेशों में हिंदी सीखने की रुचि बढ़ रही है। विश्व हिंदी सचिवालय (मॉरीशस में स्थापित) हिंदी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने का कार्य कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र में हिंदी को आधिकारिक भाषा बनाने की पहल जारी है, हालाँकि अभी यह पूर्ण नहीं हुई है। हिंदी को तकनीकी और डिजिटल युग के अनुरूप विकसित करना आवश्यक है। स्कूलों-विश्वविद्यालयों में हिंदी माध्यम की शिक्षा को प्रोत्साहन देना और जहाँ संभव हो, अनिवार्य बनाना चाहिए। सभी राज्यों के नागरिकों को समझाना होगा कि अपनी भाषा का अपमान स्वयं का अपमान है। जब तक हम अंग्रेजी को प्रतिष्ठा का प्रतीक और भारतीय भाषाओं को साधारण मानते रहेंगे, हिंदी का पूर्ण उत्थान संभव नहीं। हिंदी हमारी जन्मभूमि की आत्मा है। हिंदी बोलने, लिखने, पढ़ने और सीखने में हमें शर्म नहीं, बल्कि गर्व होना चाहिए। देश में हिंदी के प्रति सम्मान, ज्ञान और स्वाभिमान जगाने के लिए देशव्यापी जागरूकता अभियान शुरू करने की आवश्यकता है। हमारा कर्तव्य है, हिंदी को अपनाकर उसकी वास्तविक गरिमा प्रदान करें, क्योंकि हिंदी सिर्फ भाषा नहीं, हमारा स्वाभिमान है।

**अम्बिका कुशवाहा 'अम्बी'**

# छात्रा की मौत के पीछे रह गए अनुत्तरित सवाल

हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के धर्मशाला डिग्री कॉलेज की 19 वर्षीय छात्रा की इलाज के दौरान मौत मामला तूल पकड़ता जा रहा है. मृतक के परिजनों के आधार पर की गई शिकायत पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर की है. शिकायत पर एक प्रोफेसर सहित तीन लोगों के खिलाफ रैगिंग और यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं. सवाल है कि आखिर एक होनहार छात्रा को मौत के मुंह में धकेलने के लिए कौन जिम्मेदार है? हमारे उच्च शिक्षा संस्थान उत्पीड़न के अड्डे में क्यों तब्दील हो रहे हैं? शिक्षकों की संवेदनशीलता और नैतिकता कहां गायब हो रही है? पुलिस थाना धर्मशाला में दर्ज शिकायत में बताया गया है कि मृतक छात्रा डिग्री कॉलेज में द्वितीय वर्ष की छात्रा थी. आरोप है कि 18 सितंबर को कॉलेज की कुछ छात्राओं ने उनकी बेटी के साथ मारपीट की और उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकियां दी. एफआईआर में मृतक छात्रा के परिजनों ने कॉलेज के प्रोफेसर अशोक कुमार पर यौन उत्पीड़न के भी आरोप लगाए हैं.परिजनों के बताया कि कॉलेज प्रोफेसर की इन हरकतों के बाद छात्र गहरे सदमे में चली गई. धीरे-धीरे उसकी हालात बिगड़ती गई. छात्रा के परिजनों के अनुसार विभिन्न अस्पताल में इलाज के बाद 26 दिसंबर को लुधियाना के डीएमसी अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई. इतना ही नहीं छात्रा की मौत के बाद दर्ज हुई एफआईआर में यह भी लिखा गया है कि कॉलेज की कुछ लड़कियां उसके साथ मारपीट करती हैं। पुलिस के अनुसार, यह मामला पीड़िता के पिता की शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया है. शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 18 सितंबर 2025 को कॉलेज की तीन सीनियर छात्राओं- हर्षिता, आकृति और कोमोलिका ने उनकी बेटी के साथ रैगिंग की और उसके साथ मारपीट की. इसके साथ ही कॉलेज के प्रोफेसर अशोक कुमार पर पीड़िता के साथ अशोभनीय व्यवहार और यौन उत्पीड़न करने के आरोप लगाए गए हैं। छात्रा ने मरने से पहले इसको लेकर एक वीडियो भी जारी किया था. पुलिस के मुताबिक लड़की के साथ यह घटनाक्रम 18 सितंबर को शुरू हुआ. खुद के साथ हुए घटनाक्रम से वह डिप्रेशन में चली गई. इसके बाद लगातार उसकी तबीयत खराब होती गई और वह अलग-अलग साथ अस्पतालों में उसका इलाज चला लेकिन तबीयत में सुधार नहीं हुआ. इसी बीच 26 दिसंबर 2025 को सुबह करीब 6 बजे पल्लवी की मौत हो गई। आरोप है कि तीन सीनियर छात्राओं ने उसे रैगिंग का शिकार बनाया और एक कॉलेज प्रोफेसर ने उसका यौन उत्पीड़न किया. अब छात्रा का एक कथित वीडियो सामने आया है, जिसमें वह अपने कॉलेज में झेली गई आपबीती बता रही है.छात्रा ने अपनी लास्ट वीडियो में बताया कि अशोक सर पीछे पढ़ जाते थे और अजीब-अजीब हरकतें करते थे. छात्रा ने वीडियो के जरिए कॉलेज प्रोफेसर पर यह भी आरोप लगाया की अशोक सर मुझे गलत जगह टच करते थे. इतना नहीं वीडियो में छात्रा ये भी कहती सुनाई दे रही है कि आपको कैसे बताऊं, मैं उठकर बताउंगी. लेकिन छात्रा ठीक नहीं हो पाई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दूसरी और छात्रा के मरने के बाद एक वीडियो और सामने आया है, जिसमें छात्रा की मां और पिता उससे पूछते नज़र आए कि कॉलेज में तुम्हारे साथ क्या-क्या होता है? इस पर छात्रा कहती है कि लड़कियां मारती थीं और पढ़ने नहीं देती थीं. साथ ही छात्रा ने यह भी बताया कि कॉलेज में लड़कियों ने उसे सिर पर भी मारा था. इसके अलावा लड़कियां मुझे पढ़ने भी नहीं देती थीं. छात्रा के फेल होने पर उसे लड़कियां तंग करती थीं। पूरे मामले को लेकर यूजीसी ने जांच के आदेश दिए हैं. अधिकारियों के अनुसार, यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला के एक सरकारी कॉलेज में रैगिंग के आरोपों के बाद एक छात्रा की मौत की जांच के आदेश दिए हैं। यूजीसी ने घटना की जांच के लिए एक फैक्ट-फाइंडिंग कमेटी बनाई है. एक सीनियर यूजीसी अधिकारी ने कहा कि यूजीसी ने धर्मशाला के सरकारी डिग्री कॉलेज में एक छात्रा की दुखद मौत का गंभीर संज्ञान लिया है. यूजीसी एंटी-रैगिंग हेल्पलाइन ने मीडिया रिपोर्ट्स के आधार पर खुद ही शिकायत दर्ज की है, जिसमें रैगिंग के कारण आत्महत्या का आरोप लगाया गया है. जबकि कॉलेज अधिकारियों ने कहा है कि यह मामला मौत का है, आत्महत्या का नहीं। अधिकारी ने आगे कहा कि पुलिस जांच चल रही है और यूजीसी ने घटना की जांच के लिए एक फैक्ट-फाइंडिंग कमेटी बनाई है. यूजीसी भरोसा दिलाता है कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. छात्रों की सुरक्षा सबसे ज़रूरी है. पुलिस के अनुसार कॉलेज के तीन छात्रों पर रैगिंग और जानबूझकर चोट पहुंचाने का मामला दर्ज किया गया है. साथ ही एक प्रोफेसर पर भी यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया है। एसपी कांगड़ा अशोक रतन ने बताया कि मामले की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है. यह मामला पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 75, 115(2), 3(5) और हिमाचल प्रदेश शैक्षणिक संस्थान (रैगिंग निषेध) अधिनियम, 2009 की धारा 3 के तहत मामला दर्ज किया गया है. एसपी ने यह भी कहा कि छात्रा का बड़े अस्पताल में इलाज हो रहा था। देश के शिक्षण संस्थानों में लगातार शैक्षिक स्तर में गिरावट आई रही है वहीं हर साल पचास से अधिक छात्र छात्राओं की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाती है। हमारी शिक्षा व्यवस्था में शिक्षा के साथ दीक्षा की जरूरत है वहीं शिक्षकों में पेशेगत योग्यता के साथ साथ नैतिकता और सदाचार का कठोर प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है मौजूदा घटना भी इस जरूरत को संकेत करती है वहीं जो शिक्षक स्वयं असंवेदनशील और कदाचार मे लिप्त हैं उनसे प्रेरित होकर अन्य छात्र छात्राओं द्वारा भी सज्जन और चरित्रवान छात्र छात्राओं का शारीरिक मानसिक उत्पीड़न किया जाता है। इस छात्रा की मौत की उच्च स्तरीय जांच कर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# संपादकीय

## सूर्य, संस्कृति और स्त्री: मकर संक्रांति का भारतीय स्वरूप

**सूर्य के उत्तरायण संग नारी चेतना का जागरण**

**मकर संक्रांति: परंपरा की वाहक और परिवर्तन की सूत्रधार स्त्री**

जब शीत ऋतु की कठोरता के बीच सूर्य उत्तरायण होता है और अंधकार से प्रकाश की यात्रा आरंभ होती है, तब मकर संक्रांति केवल तिथि परिवर्तन का संकेत नहीं देती, बल्कि भारतीय चेतना के नवजागरण का उद्घोष करती है। यह पर्व ऋतु, कृषि, आस्था और सामाजिक एकता का संगम है। भारत जैसे सांस्कृतिक रूप से समृद्ध देश में मकर संक्रांति अनेक नामों और रूपों में मनाई जाती है, किंतु उसकी आत्मा एक ही रहती है। इन सभी रूपों को जीवंत बनाए रखने में महिलाओं की भूमिका केंद्रीय, सशक्त और प्रेरणादायक रही है। आधुनिक युग की व्यस्तता के बावजूद नारी शक्ति इस पर्व को परंपरा और परिवर्तन के संतुलन के साथ आगे बढ़ा रही है। मकर संक्रांति सूर्य उपासना का पर्व है, जो जीवन में सकारात्मकता, ऊर्जा और संतुलन का प्रतीक माना जाता है। यह वह समय है जब किसान नई फसल के आगमन का उत्सव मनाते हैं और समाज श्रम के सम्मान को स्वीकार करता है। महिलाओं के लिए यह पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि परिवार और समाज को जोड़ने का माध्यम है। वे घर की रसोई से लेकर सामुदायिक आयोजनों तक, हर स्तर पर इस पर्व की आत्मा को साकार करती हैं। उनकी सहभागिता से यह उत्सव भावनात्मक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनता है। उत्तर भारत में मकर संक्रांति लोहड़ी और माघी के रूप में मनाई जाती है। पंजाब और हरियाणा में महिलाएँ अग्नि के चारों ओर घूमकर तिल, गुड़, मूंगफली और रेवड़ी अर्पित करती हैं। लोकगीतों की मधुर ध्वनि और गिद्दा-भांगड़ा की लय से वातावरण उल्लासपूर्ण हो उठता है। नवविवाहित बहुओं को विशेष सम्मान दिया जाता है, जो उन्हें परिवार की परंपरा से जोड़ने का प्रतीक है। यहाँ महिलाएँ सामूहिक उत्सव की धुरी बनती हैं और नारी शक्ति तथा सामाजिक एकता का सजीव उदाहरण प्रस्तुत करती हैं। पश्चिम भारत में यह पर्व महाराष्ट्र में मकर संक्रांति के नाम से हल्दी-कुंकू और तिलगुल की परंपरा से जुड़ा है। विवाहित महिलाएँ एक-दूसरे को तिल-गुड़ की मिठाइयाँ भेंट करती हैं और मधुर वाणी का संदेश देती हैं। घर-घर में सौहार्द और अपनत्व का वातावरण बनता है। नवविवाहित महिलाएँ विशेष पूजा करती हैं और पारंपरिक वस्त्र धारण करती हैं। यह पर्व महिलाओं के बीच आपसी सहयोग, सम्मान और सामाजिक संबंधों को मजबूत करने का सशक्त माध्यम बनता है। मध्य भारत में मकर संक्रांति को सुकरात या सक्रात कहा जाता है। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में महिलाएँ हल्दी-कुंकू की रस्म निभाती हैं, एक-दूसरे को आमंत्रित करती हैं और तिल-गुड़, खिचड़ी, लाई तथा लड्डुओं का आदान-प्रदान करती हैं। नदियों में स्नान, पूजा-अर्चना और दान-पुण्य की परंपरा सौभाग्य और पारिवारिक सुख की कामना से जुड़ी होती है। हाल के वर्षों में सामाजिक और सरकारी प्रयासों से यह पर्व महिला सशक्तीकरण और सामाजिक समरसता का प्रतीक भी बन रहा है। गुजरात में मकर संक्रांति उत्तरायण के रूप में मनाई जाती है। रंग-बिरंगी पतंगों से भरा आकाश उल्लास, स्वतंत्रता और आशा का प्रतीक बन जाता है। महिलाएँ भी पूरे उत्साह से पतंगबाजी में भाग लेती हैं और परिवार के साथ इस आनंद को साझा करती हैं। राजस्थान में यह पर्व सुहाग और सौभाग्य से जुड़ा है। सुहागिन महिलाएँ सास को वायना देकर आशीर्वाद लेती हैं, अन्य विवाहित महिलाओं को वस्त्र और श्रृंगार सामग्री दान करती हैं तथा सामूहिक भोज का आयोजन करती हैं। ये परंपराएँ महिलाओं की सामाजिक भूमिका और पारिवारिक संतुलन को उजागर करती हैं। दक्षिण भारत में यही पर्व पोंगल, मकर संक्रांति/सुग्गी हब्बा, पेड्डा पांडुगा के रूप में मनाया जाता है। तमिलनाडु में महिलाएँ घर के आँगन में रंगोली बनाती हैं, सूर्य और प्रकृति की पूजा करती हैं तथा पोंगल पकाकर समृद्धि की कामना करती हैं। कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में भी महिलाएँ पारंपरिक व्यंजन बनाकर पड़ोसियों के साथ साझा करती हैं। यहाँ यह पर्व प्रकृति और मानव के सह-अस्तित्व का उत्सव बन जाता है, जिसमें नारी की भूमिका सृजन और पोषण की प्रतीक के रूप में उभरती है।आधुनिक युग में महिलाएँ इन परंपराओं को केवल निभा ही नहीं रहीं, बल्कि उन्हें नई चेतना से जोड़ रही हैं। वे स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन तैयार कर रही हैं, पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैला रही हैं और सामाजिक



सेवा को पर्व से जोड़ रही हैं। सामुदायिक दान, जरूरतमंदों की सहायता और सांस्कृतिक शिक्षण के माध्यम से वे मकर संक्रांति को व्यापक सामाजिक अर्थ प्रदान कर रही हैं। संचार माध्यमों के उपयोग से महिलाएँ युवा पीढ़ी को पर्व के महत्व से जोड़ने में भी सफल हो रही हैं। परंपराओं को अगली पीढ़ी तक जीवंत रूप में पहुँचाने में माताओं की भूमिका निस्संदेह अमूल्य और आधारभूत है। वे बच्चों को केवल उत्सव की बाहरी चमक या औपचारिक रस्में निभाना ही नहीं सिखातीं, बल्कि सूर्य, कृषि, श्रम और प्रकृति के प्रति गहरे सम्मान तथा कृतज्ञता का संस्कार भी देती हैं। लोककथाओं की कथन-शैली, पारंपरिक गीतों की लय और पारिवारिक अनुष्ठानों की आत्मीयता बच्चों के मन में सांस्कृतिक स्मृति को स्थायी रूप से अंकित करती है। इसी निरंतर, स्नेहपूर्ण और अर्थपूर्ण शिक्षण के माध्यम से मकर संक्रांति मात्र वर्तमान का पर्व न रहकर भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक सशक्त सांस्कृतिक पूंजी और पहचान बन जाती है। मकर संक्रांति–चाहे वह लोहड़ी के उल्लास में प्रकट हो, माघी की आस्था में सिमटी हो, उत्तरायण की उमंग में उड़ती हो, पोंगल की समृद्धि में ढली हो या सक्रात की परंपरा में रची-बसी हो–हर नाम और हर रूप में भारतीय संस्कृति की एक ही आत्मा विद्यमान है। इस आत्मा को जीवंत और सशक्त बनाए रखने वाली सबसे मजबूत कड़ी महिलाएँ हैं। उनकी आस्था, श्रम और संवेदना से यह पर्व समय और पीढ़ियों की सीमाओं को पार करता है। सूर्य के उत्तरायण होने के साथ नारी शक्ति भी समाज को प्रकाश, एकता और आशा की सकारात्मक दिशा में आगे ले जाती है। यही मकर संक्रांति की अनुपम, अप्रतिम और शाश्वत महिमा है।

**कृति आरके जैन**

# नशे में डूबा जश्न और होश में डूबे मातम

**[ सड़क ने कुछ नहीं छीना, हमने सब दे दिया ]**

**[ यह सड़क दुर्घटना नहीं, संस्कारों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट है ]**

घड़ी में अभी पाँच बजने में कुछ ही मिनट बाकी थे। वह खामोश, धोखेबाज़ वक्त–रात और सुबह के बीच का–जब शरीर थक चुका होता है, दिमाग़ सुन्न पड़ जाता है और इंसान खुद को सबसे ज़्यादा अजेय समझ बैठता है। तभी अचानक एक तेज़ धमाका हुआ। सड़क पर नहीं, सीधे समाज की चेतना पर। वह टक्कर सिर्फ़ वाहन और वाहन के बीच नहीं थी; यह ज़िंदगी और लापरवाही के बीच हुई निर्मम भिड़ंत थी। इंदौर शहर में 09 जनवरी की वह सुबह तीन परिवारों के लिए कभी खत्म न होने वाली रात बन गई। तीन ज़िंदगियाँ वहीं थम गईं, और एक ज़िंदगी आज भी अस्पताल के बिस्तर पर मौत से जूझ रही है। पुलिस की बताई कहानी इस त्रासदी को और भी निर्मम बना देती है। दो युवक और दो युवतियाँ, जिनमें से एक का जन्मदिन था, रात भर जश्न में डूबे रहे। शराब की बोतलें, डिस्पोज़ेबल गिलास और देर रात तक चलने वाला उत्सव–सब कुछ उस कार के भीतर मौजूद था, जो अलसुबह तेज़ रफ्तार में आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। यह महज़ एक 'गलत मोड़' नहीं था; यह नशे, थकान और गैर-जिम्मेदारी का निर्मम परिणाम था। जब नशा दिमाग़ पर हावी हो जाता है, तब ब्रेक नहीं, विवेक फेल होता है। और उसी फेल विवेक की कीमत इंसान को जान देकर चुकानी पड़ती है। हम ऐसी घटनाओं को अक्सर 'दुर्घटना' कहकर खुद को तसल्ली दे लेते हैं। यह शब्द हमें बच निकलने का भ्रम देता है। लेकिन सच्चाई यह है कि यह कोई अचानक टूटी हुई किस्मत नहीं थी, बल्कि धीरे-धीरे बुनी गई लापरवाही की चादर थी। देर रात तक शराब पीना, नींद की अनदेखी करना, तेज़ रफ्तार को रोमांच समझना, और यह मान लेना कि 'कुछ नहीं होगा'–ये सभी सोच-समझकर लिए गए फैसले थे। और फैसलों के परिणाम होते हैं। यहाँ परिणाम इतना भयावह था कि तीन सांसें हमेशा के लिए थम गईं। आज का समाज युवाओं की आज़ादी पर गर्व करता है, लेकिन जिम्मेदारी की बात आते ही चुप हो जाता है। जश्न मनाना गुनाह नहीं है; जन्मदिन खुशी का मौका होता है। लेकिन जब खुशी विवेक को कुचल देती है, तब वह उत्सव नहीं, बल्कि आत्मघात बन जाता है। शराब पीकर गाड़ी चलाना सिर्फ़ कानून तोड़ना नहीं है; यह दूसरों की जान को दांव पर लगाना है। और यह सोचना कि 'मैं संभाल लूंगा' नशे का सबसे बड़ा झूठ है। तेज़ रफ्तार को आज भी ताक़त और स्टेटस का प्रतीक माना जाता है। खाली सड़कें युवाओं को चुनौती देती हैं, और नशे में डूबा दिमाग़ उस चुनौती को स्वीकार कर लेता है। लेकिन सड़क किसी को माफ़ नहीं करती। खड़ा ट्रक कोई अचानक उभरी बाधा नहीं था–वह वहीं था, साफ़ और अडिग। जो नहीं था, वह था नियंत्रण, सजगता और समझ। नशा सिर्फ़ आँखों की रोशनी नहीं छीनता; वह निर्णय लेने की क्षमता भी तबाह कर देता है। यही वजह है कि ऐसे हादसों में पछतावे का मौका तक नहीं मिलता। इस त्रासदी का सबसे दर्दनाक पहलू यह है कि इसकी कीमत सिर्फ़ उन चार लोगों ने नहीं चुकाई। इसकी कीमत उनके माता-पिता चुका रहे हैं, जिनके सपने ताबूत में बंद हो गए। इसकी कीमत वह घर चुका रहा है, जहाँ अब जन्मदिन की तारीख़ मातम की तारीख़ बन गई है। एक मां का सवाल–'मैंने उसे रोका क्यों नहीं?' और एक पिता की चुप्पी– 'मैंने उसे समझाया क्यों नहीं?'–इन सवालों का कोई जवाब नहीं होता, बस उम्र भर का बोझ होता है। यहीं परिवारों की भूमिका सबसे अहम हो जाती है। बुराइयों से बचाने में परिवार ही पहली जिम्मेदारी निभाता है। अगर घर में खुलकर संवाद हो, अगर बच्चों को यह समझाया जाए कि नशा आधुनिकता नहीं, बल्कि विनाश है, तो शायद कई फैसले बदल सकते हैं। सिर्फ़ पढ़ाई और करियर पर ध्यान देना काफी नहीं; जीवन मूल्यों की शिक्षा उससे भी ज़्यादा ज़रूरी है। माता-पिता का व्यवहार, उनकी आदतें और उनका दृष्टिकोण बच्चों की सोच की नींव बनता है। अगर घर में ही नियमों को हल्के में लिया जाएगा, तो बाहर उनसे पालन की उम्मीद खोखली रह जाएगी। दोस्तों की जिम्मेदारी भी उतनी ही बड़ी और अहम होती है जितनी परिवार की होती है। सच्ची दोस्ती वही है, जो सबसे मुश्किल और गलत समय में भी हिम्मत करके रोक सके। नशे में गाड़ी चलाने देना दोस्ती नहीं, अपराध में साझेदारी है। अक्सर समूह में यह सोच बन जाती है कि कोई और रोक लेगा, कोई और संभाल लेगा। इसी 'कोई और' के भरोसे कई ज़िंदगियाँ हमेशा के लिए खतरे में डाल दी जाती हैं। अगर उस रात किसी ने चाबी छीन ली होती, किसी ने सख़्ती से मना किया होता, तो शायद आज तीन घर सूने न होते और तीन परिवारों की खुशियाँ अभी भी जिन्दा होतीं। प्रशासन और कानून की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। शराब पीकर ड्राइविंग पर सख़्त कार्रवाई, तेज़ रफ्तार पर सतत निगरानी और सड़कों की बेहतर व्यवस्था ज़रूरी हैं। लेकिन यह मान लेना कि सिर्फ़ कानून ही सब कुछ ठीक कर देगा, सबसे बड़ी भूल है। कानून डर पैदा कर सकता है, लेकिन संस्कार नहीं। संस्कार घर और समाज से आते हैं। जब तक जिम्मेदारी को सहज, गंभीर और क़ानूनी कूल के ऊपर रखा नहीं जाएगा, तब तक नियमों की अनदेखी शान और साहस का प्रतीक बनी रहेगी। यह घटना हमें आईना दिखाती है–कड़वा, सच्चा और बेहद ज़रूरी आईना। यह आईना हमें झकझोर कर पूछता है कि हम किस तरह का समाज बना रहे हैं, जहाँ जश्न और खुशी अब ज़िंदगी से महंगी हो गई हैं। जन्मदिन हर साल आता है, पार्टी दोबारा मनाई जा सकती है, लेकिन ज़िंदगी केवल एक बार मिलती है, और एक बार चली गई तो वह कभी लौटकर नहीं आती। नशे में लिया गया एक क्षणिक, अनियंत्रित फैसला पूरे परिवार की उम्र भर की सज़ा और गहरे दर्द का कारण बन जाता है। 09 जनवरी की यह सुबह भूलने के लिए नहीं है। यह सिर्फ़ घटना नहीं, बल्कि चेतावनी है–एक कड़वी चेतावनी, जो कहती है कि आख़िरी नहीं, शायद अगली भी आए। अगर आज भी हम नहीं चेते, अगर आज भी परिवार, दोस्त और समाज अपनी ज़िम्मेदारी और भूमिका को गंभीरता से नहीं समझे, तो अगली सुबह किसी और सड़क पर, किसी और तेज़ रफ्तार ट्रक के सामने, किसी और घर की रौशनी हमेशा के लिए बुझ सकती है। सवाल यह नहीं है कि हादसा कब होगा; सवाल यह है कि क्या हम उससे पहले बदलने का साहस जुटा पाएँगे, और अपनी ज़िम्मेदारियों को निभाएँगे।

**प्रो. आरके जैन**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### शाखाप्रबंधक ने मृतक शिक्षक के परिवार को सौंपा 50 लाख रुपए बीमा का चेक



**गोलाबाजार गोरखपुर।** गोला क्षेत्र के हरपुर निवासी शिक्षक सुशील कुमार सिंह का बीते दिनों मार्ग दुर्घटना में मृत्यु हो गयी। स्टेट बैंक गोला की शाखा में मृतक शिक्षक का सेलरी आ रहा था। और सैलरी पैकेज का बीमा रहता है। स्टेट बैंक गोला के द्वारा शिक्षक के मृत्यु के बाद उनकी पत्नी पुष्पा सिंह को बीमा राशि का 50 लाख रूपया सौंपा गया।शुक्रवार को भारतीय स्टेट बैंक गोला के प्रबंधक अजय कुमार राय के द्वारा मृतक शिक्षक की पत्नी पुष्पा सिंह को बीमा राशि का 50 लाख सौंप दिया गया। शाखा प्रबंधक ने बताया कि सैलरी पैकेज का बीमा रहता है उसी से 50 लाख रुपए का चेक के माध्यम से भुगतान किया गया है। और आगे कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में जानकारी के अभाव के कारण खाता धारकों को लाभ नहीं मिल पाता है।

### ख़जनी में अवैध खनन पर खबर का असर, हल्का लेखपाल ने लिया संज्ञान - सतुआभार पहुँची राजस्व टीम, खनन पर तत्काल रोक

**खजनी–** क्षेत्र में चल रहे अवैध खनन को लेकर प्रकाशित खबर का असर दिखने लगा है। खबर सामने आते ही हल्का लेखपाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संज्ञान लिया और राजस्व टीम के साथ सतुआभार गांव पहुंचकर मौके की स्थिति का जायजा लिया। मौके पर खनन को लेकर राजस्व निरीक्षक कौटिल्य दुबे ने बताया कि संबंधित स्थल ईट-भट्ठा क्षेत्र बताया जा रहा था, जहां लाल मिट्टी निकालने का हवाला देकर काश्तकार द्वारा मिट्टी का खनन किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट रूप से पाया गया कि मिट्टी की खुदाई की जा रही थी। राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर ही खनन को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए तत्काल खनन कार्य बंद कराने के निर्देश दिए। साथ ही स्पष्ट हिदायत दी गई कि किसी भी स्थिति में आगे खनन नहीं किया जाएगा। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि आदेश की अवहेलना करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल राजस्व विभाग के हस्तक्षेप के बाद खनन कार्य पूरी तरह से रोक दिया गया है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई न होती तो बड़े पैमाने पर अवैध खनन जारी रहता। इस पूरे मामले में खबर के असर से प्रशासन की सक्रियता सामने आई है।

### तेज रफ्तार ट्रक ने महिला को मारी ठोकर, मेडिकल कॉलेज रेफर

**रूद्रपुर, देवरिया।** गौरी बाजार -रुद्रपुर मुख्य मार्ग पर पिपरा चौराहे पर एक महिला को ट्रक ने ठोकर मार दिया जिससे वह महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पाकर पहुंची मुकामी पुलिस ने एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रूद्रपुर भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज देवरिया रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार संध्या गुप्ता पत्नी संदीप गुप्ता उम्र 30 वर्ष निजी कार्य से पिपरा चौराहे पर आयी हुई थी। रुद्रपुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार ट्रक ने संध्या को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर गई। रूद्रपुर -गौरीबाजार मार्ग पर तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रकों का आवागमन काफी बढ़ गया है जो आये दिन दुर्घटना का कारण बन रहे हैं। सड़क पर ब्रेकर न होने के कारण भीड़ में भी तेज चलते हैं। पुलिस प्रशासन इनकी गति पर अंकुश नहीं लगा पा रहा है जिससे दुर्घटनायें बढ़ती जा रही हैं।

### डीएम व एसपी ने गरीब एवं असहाय व्यक्तियों को कंबल वितरित किए

**सिद्धार्थनगर–** थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा गरीब/असहाय व्यक्तियों में कम्बल का वितरण किया गया। शीतलहर के चलते लोगों को सर्दी से राहत दिलाने के लिए जिलाधिकारी ने आयोजित थाना दिवस कार्यक्रम में असहाय तथा कमजोर वर्ग के व्यक्तियों एवं महिलाओं को कंबल वितरित किए। जिले में धीरे-धीरे बढ़ रही कड़ाके की ठंड एवं सर्दी के मौसम को देखते हुए जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने थाना परिसर में गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को ठंड से बचाव के लिए क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों को कंबलों का वितरण किया। डीएम ने उप जिलाधिकारी एवं लेखपाल को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में ठंड से कोई भी जन हानि नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अत्याधिक ठंड व शीतलहर से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कंबलों का वितरण कराया जा रहा है।

## गोरखपुर में बड़ी डकैती का खुलासाः पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार, तमंचा, नकदी व आभूषण बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत थाना एम्स पुलिस और एसओजी टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। 80 लाख रुपये के आभूषण और 4 लाख नकदी की सनसनीखेज डकैती के मामले में पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में एक अभियुक्त गोली लगने से घायल हो गया, जबकि दूसरा भागने के प्रयास में दुर्घटनाग्रस्त होकर दबोच लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी कैंट के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष एम्स संजय कुमार मिश्रा मय पुलिस टीम एवं एसओजी टीम चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि डकैती के आरोपी लूट के माल का बंटवारा कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी की तो अभियुक्त रामरक्षा उर्फ तेजू यादव ने पुलिस पर फायर झोंक दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली से वह घायल हो गया। वहीं दूसरा अभियुक्त देवेन्द्र निषाद उर्फ दयानन्द उर्फ डायना मोटरसाइकिल से भागते समय पेड़ से टकराकर गिर पड़ा और मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से एक देशी तमंचा .315 बोर, दो जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, कुल 50 हजार रुपये नकद, डकैती के आभूषण तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। घायल अभियुक्त रामरक्षा को इलाज के लिए सदर अस्पताल गोरखपुर में भर्ती कराया गया है। गौरतलब है कि 5 जनवरी 2026 को थाना एम्स क्षेत्र में चार अज्ञात बदमाशों ने दो मोटरसाइकिलों से पहुंचकर एक घर में घुसकर पूरे परिवार को असलहे के बल पर बंधक बना लिया था। बदमाशों ने जान से मारने की धमकी देकर अलमारी में रखे आभूषण, परिवार के सदस्यों द्वारा पहने गए गहने (अनुमानित कीमत करीब 80 लाख रुपये) और 4 लाख रुपये नकद लूट लिए थे। विरोध करने पर वादी के सिर पर तमंचे के बट से वार कर बदमाश फरार हो गए थे। इस मामले में पहले से दर्ज मुकदमे में पुलिस ने धाराओं में वृद्धि करते हुए डकैती, आर्म्स एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराएं जोड़ दी हैं। पुलिस का कहना है कि फरार अन्य अभियुक्तों की तलाश तेज कर दी गई है और जल्द ही पूरे गिरोह का पर्दाफाश किया जाएगा। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों के हौसले पस्त हुए हैं और आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है।

## गोरखपुर सेल टैक्स कार्यालय में भीषण आग, लाखों की संपत्ति और अहम दस्तावेज खाक, घंटों बाद भी नहीं पाया गया काबू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** शहर के रामगढ़ताल थाना क्षेत्र स्थित सेल टैक्स (वाणिज्य कर) कार्यालय में बीती रात भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग इतनी भयावह थी कि देखते ही देखते कई मंजिलों को अपनी चपेट में ले लिया और लाखों रुपये के सम्पत्ति नुकसान की आशंका जताई जा रही है। आग लगने का कारण समाचार लिखे जाने तक स्पष्ट नहीं हो सका है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग रात करीब एक बजे के आसपास लगी। अचानक इमारत से उठते घने धुएं को देखकर आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी मच गई। कुछ ही देर में आग की लपटें ऊपरी मंजिलों तक पहुंच गई, जिससे कार्यालय परिसर में रखे महत्वपूर्ण दस्तावेज, फर्नीचर, कंप्यूटर सिस्टम और अन्य सरकारी अभिलेख जलकर खाक हो गए। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दर्जनों गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। आग की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बावजूद सुबह करीब 7:30 बजे तक भी आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका था। दमकल कर्मी लगातार आग पर काबू पाने में जुटे रहे, वहीं आसपास की इमारतों को सुरक्षित करने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरती गई। घटना की जानकारी मिलते ही रामगढ़ताल थाना प्रभारी (एसएचओ) पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गए। एहतियातन पूरे इलाके को घेराबंदी कर आम लोगों की आवाजाही रोक दी गई। किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है, लेकिन सरकारी संपत्ति को भारी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है।

आग की वजह शॉर्ट सर्किट, किसी तकनीकी खराबी या अन्य कारणों से लगी– इसको लेकर फिलहाल कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। दमकल विभाग और प्रशासनिक अधिकारी आग पर पूरी तरह काबू पाने के बाद जांच कर कारणों का पता लगाने की बात कह रहे हैं। इस घटना ने सरकारी भवनों की अग्नि सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि आग देर रात नहीं बल्कि दिन में लगती, तो स्थिति और भी भयावह हो सकती थी। फिलहाल प्रशासन नुकसान का आकलन करने और जले हुए दस्तावेजों की स्थिति का जायजा लेने में जुटा हुआ है। पूरे शहर में इस घटना को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है और लोग प्रशासन से जल्द खुलासे की मांग कर रहे हैं।

## एसबीएम में फर्जी भुगतान का बड़ा मामलाः इटियाथोक तथा रूपईडीह ब्लॉक की कई ग्राम पंचायतों में सोशल ऑडिट बना खानापूर्ति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोंडा।** विकासखंड इटियाथोक तथा रूपईडीह अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) के तहत खर्च की गई धनराशि को लेकर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। रुपईडीह ब्लॉक के कुरसहा, रूकमंगदपुर, निबिया परसपुर, तिर्रेमनोरमा, पचरन, दुल्हापुर पहाड़ी, खरगूपुर इमलिया ,खरगूपुर डिंगुर, चौहट्टा, खनवापुर, मिश्रौलिया सहित अन्य ग्राम पंचायतों में तथा इटियाथोक ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलवा बहुता, बेलभरिया, भवानियापुर कला, बिनोहनी, बिशुनपुर संगम, हरदैंईया भटपुरवा, गूंगीदेई, लखनीपुर सहित अन्य ग्राम पंचायत में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य मद में हुए खर्च को लेकर ग्रामीणों ने फर्जी भुगतान और धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि सोशल ऑडिट की प्रक्रिया केवल औपचारिकता बनकर रह गई, जिससे अनियमितताओं पर पर्दा डाल दिया गया।ग्रामीणों के अनुसार शौचालय निर्माण, ठोस कचरा प्रबंधन, साफ-सफाई अभियान और जागरूकता कार्यक्रमों के नाम पर काग़ज़ों में कार्य पूर्ण दर्शाकर भुगतान करा लिया गया, जबकि धरातल पर कई कार्य या तो हुए ही नहीं या फिर अधूरे एवं घटिया गुणवत्ता के पाए गए। कुछ ग्राम पंचायतों में लाभार्थियों के नाम पर भुगतान दिखाया गया, लेकिन संबंधित लोगों को किसी प्रकार का वास्तविक लाभ नहीं मिला।

सूत्रों का कहना है कि सोशल ऑडिट बैठकों की सूचना सीमित लोगों तक ही पहुंचाई गई, जिससे आम ग्रामीणों की भागीदारी नहीं हो सकी। न तो खर्च का विस्तृत विवरण सार्वजनिक रूप से प्रस्तुत किया गया और न ही सभी कार्यों का भौतिक सत्यापन कराया गया। आरोप यह भी है कि बिना स्थल निरीक्षण के ही बिल-वाउचर पास कर दिए गए तथा एक ही कार्य को अलग-अलग मदों में दिखाकर दोहरी निकासी की गई।

स्थानीय ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि यदि सोशल ऑडिट वास्तव में निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी तरीके से कराया जाता, तो इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न ही नहीं होती। उनका आरोप है कि ऑडिट के नाम पर केवल हस्ताक्षर और काग़ज़ी कार्रवाई कर ली गई, जिससे कथित फर्जीवाड़े को वैधता मिल गई।

इस पूरे मामले में ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि एसबीएम के अंतर्गत किए गए सभी भुगतानों की स्वतंत्र एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। साथ ही प्रत्येक ग्राम पंचायत में कराए गए कार्यों का भौतिक सत्यापन, लाभार्थियों से सीधा संवाद तथा सोशल ऑडिट रिपोर्ट को सार्वजनिक पोर्टल पर अपलोड किया जाए। दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों से रिकवरी करते हुए कड़ी कानूनी कार्रवाई की भी मांग की गई है।

वहीं, इस संबंध में एडीओ पंचायत गिरजेश पटेल ने बताया कि सोशल ऑडिट के लिए टीम आई थी। टीम द्वारा सभी संबंधित सचिवों की एक या दो ग्राम पंचायतों की फाइलों का ही ऑडिट किया गया। उन्होंने कहा कि समय और संसाधनों की सीमा के कारण सभी ग्राम पंचायतों का ऑडिट एक साथ करना संभव नहीं होता।

फिलहाल, मामला सरकारी धन की पारदर्शिता के साथ-साथ स्वच्छता और जनस्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण उद्देश्यों की विश्वसनीयता से जुड़ा हुआ है। यदि समय रहते निष्पक्ष जांच और ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो योजनाओं के प्रति जनता का भरोसा कमजोर पड़ना तय माना जा रहा है।

## सुभासपा बस्ती में 100 स्थानों पर मनायेगी महाराजा सुहेलदेव राजभर की जयंती

**●बैठक में बनी रणनीति, सौंपी जिम्मेदारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले मेंसुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की बैठक जिला अध्यक्ष मनोज राजभर की अध्यक्षता में रोडवेज के पीछे स्थित शिविर कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक में महाराजा सुहेलदेव राजभर की जयंती भव्यता से मनाये जाने की रूप रेखा पर विचार के साथ ही पदाधिकारियों में दायित्वों का वितरण किया गया। पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव एवं पूर्व राज्य मंत्री अरविंद राजभर के निर्देश पर आयोजित बैठक के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव विनोद राजभर एवं विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामललित चौधरी रहे। संचालन राजेश राजभर ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव विनोद राजभर ने कहा कि पूरे देश में चक्रवर्ती सम्राट राष्ट्रवीर महाराजा सुहेलदेव राजभर जी की जयंती 23 जनवरी को मनाई जाएगी । इसी क्रम में बस्ती जनपद में 100 कार्यक्रम तय किए गए हैं। जिसमें पार्टी के सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है । महाराजा सुहेलदेव राजभर जी की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई जाएगी जिन्होंने हिंदुत्व को पूरे देश में बचाने का काम किया उनकी वीरगाथा लोगों के बीच में बताई जाएगी।

विशिष्ट अतिथि रामललित चौधरी ने कहा कि चक्रवर्ती सम्राट राष्ट्रवीर महाराजा सुहेलदेव राजभर जी ना होते तो शायद आज हम उनके इतिहास को नहीं बता पाते। जिला अध्यक्ष मनोज राजभर ने पार्टी के सभी नेताओं को धूमधाम से मनाने का जिम्मेदारी सौंपी। कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने महाराजा सुहेलदेव राजभर को पूरे देश में स्थापित करने का काम किया है । बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष श्री चतुर्भुज पाण्डेय , मंत्री प्रतिनिधि अमन राजभर, एमएलसी प्रतिनिधि उमेश राजभर, प्रमोद चौधरी, अर्जुन राजभर, राहुल निषाद, जगराम राजभर, मनोज राजभर , राम किशुन राजभर, विनोद राजभर, सत्येन्द्र शुक्ला, बाबू राम राजभर, उमेश यादव, राहुल पाण्डेय, प्रेमा देवी कनौजिया, विजय राजभर, पूजा देवी राजभर, दीपक यादव, आशीष राजभर, गोविंद गुप्ता, परशुराम चौधरी, बनवारी राजभर, अनुराग सिंघानिया, महेंद्र राजभर, दीनानाथ चौधरी, श्यामू प्रसाद ,सर्वजीत राजभर, रामदीन राजभर ,धर्मात्मा प्रसाद चौधरी ,सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 126 लीटर देशी शराब के साथ छह तस्कर गिरफ्तार



**देवरिया।** जनपद की बनकटा पुलिस ने पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में ऑपरेशन प्रहार के तहत बनकटा बड़ी कार्रवाई करते हुए 126 लीटर अवैध देशी शराब के साथ छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर जंजीरहा प्राथमिक विद्यालय के पीछे से एक टाटा हेक्सा कार और तीन चोरी की मोटरसाइकिल के साथ आरोपियों को पकड़ा। पकड़े गए अभियुक्तों में राणा प्रताप उर्फ मुटुरू, राहुल राम, अंकेश यादव, राहुल यादव, धीरज यादव और रोहित यादव शामिल हैं, सभी बिहार के सिवान जिले के निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने इनके पास से 14 पेटियों में भरी 126 लीटर बंटी बबली ब्रांड की देशी शराब बरामद की, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 40 हजार रुपये बताई गई है। इस मामले में बनकटा थाने में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### मऊनाथ भंजन ने मेजबान रूद्रपुर को 3-1 से किया परास्त



**●- मऊ के अबू साद बने हीरो**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रूद्रपुर ,देवरिया।** स्व0 पंडित खेदन त्रिपाठी की स्मृति में आदर्श टाउन क्लब सेवा समिति द्वारा संचालित एवं एकलव्य फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र के तत्वावधान में आयोजित छः दिवसीय ऑल इंडिया फुटबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन शनिवार को दुग्धेश्वर नाथ इंटर कॉलेज के मैदान पर रूद्रपुर और मऊ के बीच खेला गया। मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि सपा नेता प्रदीप यादव ने फीता काटकर तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मजबूत डिफेंस और शानदार गोलकीपिंग के चलते शुरुआती आधे घंटे तक स्कोरबोर्ड खामोश रहा। इसके बाद मुकाबले ने अचानक करवट ली। रूद्रपुर की ओर से जर्सी नंबर 14 के खिलाड़ी गौरव चौहान ने शानदार गोल दागकर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी, जिससे स्टेडियम तालियों और जयकारों से गूंज उठा। लेकिन मऊ ने भी तीन मिनट के भीतर करारा जवाब दिया। जर्सी नंबर 11 के अबू साद ने गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। हाफ टाइम के अंतिम क्षणों में मऊ की टीम पूरी तरह हावी नजर आई। और लगातार दो सधे हुए गोल कर मऊ के अबू साद ने मुकाबले को 3-1 से अपने नाम कर लिया और रूद्रपुर के खेमे में सन्नाटा छा गया। मुकाबले में निर्णायक की भूमिका पंकज ने निभाई।जबकि सह निर्णायक रिंकू रहे। आंखों देखा हाल तारकेश्वर विश्वकर्मा, विनय गुप्ता एवं सज्जाद अली ने सुनाया। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता के तहत 11 जनवरी को वाराणसी और पीपीगंज गोरखपुर के बीच मुकाबला होगा।

## खजनी में चोरी की बढ़ती घटनाओं से दहशत, थाने से चंद दूरी पर मेडिकल स्टोर में सेंध का बड़ा प्रयास

**●एक दिन पूर्व चोरों ने जनरल स्टोर के दुकान को बनाया था निशाना, अब तक नही दर्ज हुआ मुकदमा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ख़जनी –** गोरखपुर जिले के खजनी थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। एक बार फिर चोरों की सक्रियता और पुलिस गश्त पर सवाल खड़े हो गए हैं। ताजा मामला खजनी थाना से महज 200 से 300 मीटर की दूरी पर स्थित शिव शक्ति मेडिकल स्टोर का है, जहां चोरों ने पीछे की दीवार से सेंध काटकर बड़ी चोरी का प्रयास किया। हालांकि दुकान में मौजूद मोटी दीवार और लोहे के मजबूत फाटक के कारण चोर अपने मंसूबों में सफल नहीं हो सके और बिना कोई माल या नकदी हाथ लगाए फरार हो गए प्राप्त जानकारी के अनुसार चोर पीछे की ओर से दीवार काटकर दुकान के अंदर तक पहुंचे, लेकिन अंदर एक और लोहे का फाटक होने के चलते मेडिकल स्टोर के मुख्य हिस्से तक नहीं पहुंच सके। सुबह जब दुकान संचालक ने देखा तो सेंध कटी देख दंग रह गए। घटना से पूरे कस्बे में दहशत का माहौल है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जब थाना से इतनी कम दूरी पर चोरी का प्रयास हो सकता है, तो आम लोग खुद को कैसे सुरक्षित मानें। पुलिस गश्त की प्रभावशीलता पर सवाल उठने लगे हैं। लोगों का आरोप है कि रात्रि गश्त सिर्फ कागजों तक सीमित रह गई है। गौरतलब है कि बीते दिनों बुधवार और शुक्रवार की मध्य रात्रि में खजनी क्षेत्र के पड़ियापार में खजनी मुख्य मार्ग पर स्थित पांडेय जनरल स्टोर में चोरी की बड़ी वारदात हुई थी। चोरों ने दुकान से 50 हजार रुपये से अधिक का सामान उड़ा लिया था। दुकान के प्रोपराइटर सुनील पांडेय ने बताया था कि यह घटना पुलिस गश्त में कमी का नतीजा है। उन्होंने कहा कि 'हम जैसे छोटे व्यापारियों की छोटी-सी पूंजी पर ही पूरा परिवार निर्भर होता है। 50 हजार का माल चोरी होना हमारे लिए व्यापार से उजड़ जाने के बराबर है। '

वहीं, शिव शक्ति मेडिकल स्टोर के संचालक बिंध्याचल मौर्य ने बताया कि यह चोरी का कोई पहला प्रयास नहीं है। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह पहले अज्ञात लोगों द्वारा छीना-झपटी की घटना हुई थी, जिसकी सूचना थाने में दी गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। शनिवार की सुबह दुकान के पीछे सेंध कटी देख वे खुद को बेहद असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। हद तो तब हो गई जब जनरल स्टोर पर हुई चोरी के मामले में पुलिस ने अब तक मुकदमा दर्ज नही किया । जिससे ब्यापारी में भारी आक्रोश ब्याप्त है । लगातार हो रही चोरी और आपराधिक घटनाओं से खजनी कस्बे के व्यापारी और आम नागरिक भय के साए में जीने को मजबूर हैं। अब देखना यह है कि पुलिस प्रशासन इन घटनाओं को गंभीरता से लेकर गश्त बढ़ाता है या फिर सवाल यूं ही उठते रहेंगे।

## अमर शहीद राम प्रसाद बिस्मिल युवा प्रशिक्षण केंद्र परमेश्वरपुर से युवाओं को मिल रही देश सेवा व खेलों की नई दिशा- दीपक द्विवेदी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** जिले के कुदरहा विकास खंड में मे परमेश्वरपुर में स्थापित एसबीआई फाउंडेशन एवं सुविधा संस्था द्वारा स्थापित अमर शहीद राम प्रसाद बिस्मिल युवा प्रशिक्षण केंद्र से तीन युवाओं का भरतीय सेना में चयन हुआ है। जिससे क्षेत्र के युवाओं का उत्साहवर्धन होने के साथ प्रशिक्षण लेने वालों के लगातार संख्या बढ़ रहा है। दैजी गांव के शिवम सिंह, कोपे अंकुर यादव, टेंगरिहा राजा के राम किशान का अग्निवीर योजना के तहत भारतीय सेना में चयन हुआ है। जिससे क्षेत्र के युवाओं में उत्साह है। इनके चयन का श्रेय एसवीआई फाउंडेशन एवं सुविधा संस्था को लोगों ने बताया। युवाओं ने बताया कि यह प्रशिक्षण स्थल माझा क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। सेवा के सेवानिवृत फौजी अनिल यादव द्वारा कुशल प्रशिक्षण प्राप्त हुआ है। इसी का देन है कि हम लोगो को सेना में सेवा देने का अवसर प्राप्त हुआ है। यदि यह परियोजना न आया होता तो द्वाबा क्षेत्र के लोगों को यह अवसर प्राप्त न हुआ होता। युवाओं के लिए प्रेरणा का केंद्र बनकर उभर रहा है। परियोजना प्रबंधक दीपक द्विवेदी ने बताया कि इस संस्था का उद्देश्य है कि युवाओं में शारीरिक समताओ का विकास एवं खेल प्रतिभाओं की जागृति करने के साथ कम्प्यूटर क्लास व लिखित परीक्षा की भी तैयारी करवाई जा रही है द्य यहा के युवाओं को भारतीय सेना, राज्य पुलिस तथा सशस्त्र सीमा बल की तैयारी कुशल प्रशिक्षक से कराया जा रहा है। साथ-साथ खेलों के प्रति भी उत्साह को नई गति दी जा रही है। इतना ही नहीं बालिकाओं के उत्थान व चिकित्सा पर भी कार्य किया जा रहा है। युवाओं को प्रतिभा निखारने का सुनहरा अवसर है।

## दस दिवसीय कौशल एवं उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में कॉन द्वारा संचालित एक जनपद एक उत्पाद योजना के अंतर्गत दस दिवसीय कौशल एव उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री महेश शुक्ला ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन व प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया ।श्री शुक्ला ने उपस्थित प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना एक जनपद एक उत्पाद है जिससे जुड़कर आज के कारीगर वैश्विक पटल पर अपना और जनपद का नाम रोशन कर सकते है । यू पी सी एम पोर्टल पर पंजीकृत होकर बिज़नेस में आनेवाली आर्थिक समस्या का समाधान कर सकते हैं । मुख्य अतिथि का स्वागत उपायुक्त जिला उद्योग हरेंद्र प्रताप ने पुष्प गुच्छ और स्मृति चिह्न देकर किया । उपायुक्त श्री हरेंद्र ने अपने संबोधन में जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास साथ ही कार्यदायी संस्था यू पी कॉन द्वारा संचालित योजना पर विस्तार से बताते हुए कहा कि दस दिवसीय प्रशिक्षण के उपरांत एस एस सी द्वारा मूल्यांकन का कार्य किया जाएगा तदुपरांत टूल किट प्रशिक्षुओं को विभाग प्रदान कराएगा । किसी भी कारीगर के लिए उनके जीवन यापन का इससे ब डा साधन और कौई हो नही सकता । उद्घाटन शिविर में प्रशिक्षुओं के स्वास्थ परीक्षण हेतु कैम्प का भी आयोजन कराया गया जिसमे ब्लड प्रेशर सुगर ब्लड ग्रुप और सामान्य जांच करायी गई । सेल्फी स्टैंड कार्यक्रम का सबसे आकर्षक बिंदु रहा जहा सभी ने अपनी सेल्फी ली । कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ आशीष नारायण त्रिपाठी नेत्र रोग विशेषज्ञ , बेगम खैर गर्ल्स इंटर कॉलेज के प्रबंधक मोहम्मद आलम भारतीय जानता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमर बहादुर सिंह व द डिवाइन हॉस्पिटल की टीम का महत्वपूर्ण सहयोग रहा । कार्यक्रम का संचालन डॉ अजीत प्रताप सिंह ने किया व आभार ज्ञापन यू पी कॉन के प्रतिनिधि बब्बन सिंह चौहान ने किया ।

## कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन के समर्थन में उड़ाई पतंग, NPS/UPS का किया प्रतीकात्मक विरोध

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश –** उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ के बैनर तले पेंशन विहीन कर्मचारियों ने आगामी मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर अनोखे तरीके से अपनी मांग सरकार तक पहुंचाई। कर्मचारियों ने एनपीएस/यूपीएस के विरोध और पुरानी पेंशन बहाली के समर्थन में 'OPS' लिखी पतंग उड़ाकर प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कर्मचारियों ने संकल्प लिया कि जब तक पुरानी पेंशन योजना बहाल नहीं होती, तब तक हर पर्व, त्योहार और सामाजिक कार्यक्रम में OPS की मांग को प्रमुखता से उठाया जाता रहेगा। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष मनोज दुबे, चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष राजा राम दुबे, कार्यक्रम प्रभारी एवं जिला मंत्री मनोज पांडे, माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री संतोष कुमार मौर्य, प्रदेश अध्यक्ष क्रांति सिंह, जिला कोषाध्यक्ष बृजेश श्रीवास्तव, कर्म मंत्री राजेश मिश्रा सहित सुनील तिवारी, यज्ञ नारायण, धीरेंद्र बनारसी गुप्ता, सुनील शुक्ला, अमरनाथ यादव, चंद्रभान, परमानंद, मनोज कनौजिया, परमेश्वर यादव सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी, अधिकारी और शिक्षक मौजूद रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## कांग्रेस ने भाजपा पर मनरेगा को कमजोर करने का आरोप लगाया



**लखीमपुर खीरी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर शनिवार को जनपद कांग्रेस कार्यालय में 'मनरेगा बचाओ संग्राम' अभियान के तहत एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को कमजोर करने का आरोप लगाया।प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार कॉरपोरेट हितों के लिए काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मनरेगा जैसी गरीब और मजदूर हितैषी योजना को हटाकर नई योजना लाने की कोशिश सरकार की गरीब विरोधी नीति को दर्शाती है।जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने बताया कि 'मनरेगा बचाओ संग्राम' अभियान पूरे देश में एक माह से अधिक समय तक चलाया जाएगा। इसके तहत कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर मजदूरों को सरकार की नीतियों के प्रति जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि मजदूरों से रोजगार की गारंटी छीनना देश के श्रमिक वर्ग के साथ सबसे बड़ा धोखा है।जिला प्रवक्ता अमित गुप्ता ने कांग्रेस की प्रमुख मांगें बताईं, जिनमें रोजगार की गारंटी, प्रतिदिन ?400 न्यूनतम मजदूरी और मनरेगा कार्यक्षेत्र का विस्तार शामिल है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार इन मांगों को नजरअंदाज करती है, तो ग्रामीण क्षेत्रों से मजदूरों का पलायन बढ़ेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।कार्यक्रम की कोऑर्डिनेटर शिप्रा अवस्थी ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस को योजना के नाम से नहीं, बल्कि उसमें किए जा रहे बदलावों से आपत्ति है। उन्होंने 125 दिन रोजगार की घोषणा का स्वागत किया, लेकिन इसकी कानूनी गारंटी और बेरोजगारी भत्ते की व्यवस्था को आवश्यक बताया। प्रेस वार्ता का संयोजन जिला उपाध्यक्ष मोहन चंद्र उप्रेती और रवि तिवारी ने किया। इस अवसर पर यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष नवाज खान, रामकुमार वर्मा, राजेंद्र गुप्ता, रामपाल शाक्य सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आजाद हिन्दू सेना व संयुक्त हिंदू संगठनों का प्रदर्शन, डीएम को सौंपा ज्ञापन



**बरेली/** आजाद हिन्दू सेना एवं संयुक्त हिंदू संगठन जय परशुराम सेना के पदाधिकारी आजाद हिन्दू सेना के अध्यक्ष अमित राठौर के नेतृत्व में दामोदर स्वरूप पार्क में एकत्र हुए। वहां से प्रदर्शन करते हुए सभी कार्यकर्ता जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां सिटी मजिस्ट्रेट को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में हिंदू रक्षा दल के अध्यक्ष पिंकी चौधरी (गाजियाबाद) की गिरफ्तारी तथा उनके परिवार के साथ कथित अमानवीय व्यवहार पर कड़ा विरोध जताया गया। संगठनों का आरोप है कि पिंकी चौधरी द्वारा कोई आपराधिक कृत्य नहीं किया गया, बल्कि उन्होंने स्वयं की, नारी सुरक्षा एवं सम्मान की रक्षा के उद्देश्य से शस्त्रों का वितरण किया था, जिसे विरोधी तत्वों द्वारा तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत किया गया। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि गिरफ्तारी के दौरान पुलिस द्वारा उनके परिवार के साथ अभद्रता, मारपीट व धमकी दी गई। संगठनों ने इसे सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार करने वालों को निशाना बनाकर की गई कार्रवाई बताया। साथ ही हालिया घटनाओं का हवाला देते हुए कानून के दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप भी लगाया गया। संयुक्त हिंदू संगठन ने मांग की कि पिंकी चौधरी को सम्मानपूर्वक रिहा कर उनके विरुद्ध दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएं, उनके परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए तथा दोषी पुलिसकर्मियों पर तत्काल कार्रवाई कर उन्हें निलंबित एवं गिरफ्तार किया जाए। चेतावनी दी गई कि मांगें पूरी न होने पर संगठन आंदोलन को बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अमित राठौर ने कहा कि आजाद हिन्दू सेना हिंदुत्व के लिए कार्य करने वाले प्रत्येक व्यक्ति के साथ खड़ी है और किसी भी हिंदूवादी नेता का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर जय परशुराम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता, जयपाल कश्यप, शिवम पंडित, ओम प्रकाश, देव शर्मा, यश, राष्ट्रीय महासचिव रविशंकर, जिला प्रमुख उमंग संखधार ,सोनू यादव, अमन यादव छोटू, गौतम कश्यप, विशाल बाबा, प्रदीप सिंह, राहुल राणा, करण सिंह, निर्भय राठौर, बाबा लहरी, सूरज राजपूत ,सोनू कश्यप ,मयंक जौरही ,रिंकू आदि सैकड़ो सैनिक उपस्थित रहे।

# खलिहान की बेशकीमती जमीन पर बने दर्जनों निर्माणाधीन मकान, शिकायतों के बाद भी कार्यवाही शून्य

## ● प्रशासन नही हटवा सका खलिहान की बेशकीमती जमीन पर अवैध कब्जा, हटवाने की मांग लेखपाल समेत जिम्मेदारो ने करा दिया खलिहान की जमीन पर कब्जा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर-खीरी।** शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन जहां सरकारी जमीनों से अवैध कब्जा हटवाने के लिए अभियान चला रहा है वहीं दूसरी तरफ कब्जा हटवाने की जिम्मेदारी संभाल रहे राजस्वकर्मी व सम्बंधित जिम्मेदार ही इन जमीनों पर अपने चहेतों व मोटी रकम लेकर कब्जा कराने में जुटे हैं। इसी क्रम में मामला जनपद खीरी की तहसील सदर क्षेत्र की ग्राम पंचायत लौकिहा का है, जहाँ जिम्मेदारों पर ही अवैध कब्जेदारों को संरक्षण देने के आरोप लग रहें है स्थानीय शिकायतकर्ता ने खलिहान पर कब्जे सहित घरौंनी में अनियमिताओं की शिकायत जिलाधिकारी, सहित आयुक्त एवं अध्यक्ष राजस्व परिषद को की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता सत्येन्द्र प्रकाश तिवारी पुत्र स्व0 सुरेश चन्द्र तिवारी ग्राम व पोस्ट लौकिहा तहसील लखीमपुर परगना श्रीनगर जिला खीरी ने गांव में गाटा संख्या- 220 रकबा 0.267 हे. जो कि राजस्व अभिलेखों में खलिहान के नाम दर्ज को वर्तमान ग्राम प्रधान व स्थानीय लेखपाल अजय कुमार द्वारा गैर कानूनी तरीके से स्वयं का हित साधते हुये कुछ लोगों को कब्जा करवाने की शिकायत की है। उन्होंने बताया किकुछ लोग अवैध काबिज हैं,वहीं कुछ को अभी भी अवैध कब्जा करवाने हेतु आश्वासन दिया जा रहा है। उपरोक्त सरकारी भूमि पर लोगों ने मकान, टीन शेड, छप्पर आदि बना कर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है, इसकी शिकायत प्रार्थी द्वारा पूर्व में की गई थी एवं आंशिक रूप से कार्यवाही के आदेश भी दिये गये थे,किन्तु लेखपाल द्वारा एक बार फिर कब्जेदारो से मोटी रकम वसूल कर उनको छोड़ दिया गया। एक कब्जेदार के खिलाफ उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 67(1) की कार्यवाही की गई थी। बाद में उससे भी समझौता कर लिया जिससे उसको भी अभी तक बेदखल नहीं किया गया है। ग्राम प्रधान व लेखपाल द्वारा खुलेआम ग्राम पंचायत की भूमि और अन्य सरकारी संपत्तियां बिक्री की जा रही हैं। शिकायत करने पर उल्टा शिकायतकर्ता को धमकाना शुरू कर देते हैं, इनके हौसले बुलन्द हैं और बे खौफ गांव की सरकारी संपत्तियों की बिक्री कर रहे हैं। प्रार्थी द्वारा की गयी शिकायतों से खिन्न उपरोक्त आरोपी प्रार्थी के भाई अमित कुमार की मृत्यु दिनांक- 28 अप्रैल 2024 को होने के बाद उसकी पत्नी अंकिता के नाम घरौनी बनना था, लेकिन ग्राम प्रधान व स्थानीय लेखपाल द्वारा बेवा अंकिता पत्नी स्व. अमित कुमार की घरौनी नहीं बनाई है वहीं प्रार्थी को भी घरौनी नहीं मिली है, उक्त लोगो से घरौनी मांगने पर टाल मटोल कर रहे है प्रार्थी को आशंका जाहिर की है कि उक्त लोगो ने शिकायत कर्ता के परिजनों आदि की घरौनी नहीं बनाई है शिकायतकर्ता ने मामले की जांच करवाते हुए दोषी लोगों के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाने व सरकारी सम्पत्ति को अतिक्रमण मुक्त करवाने सहित घरौनी के लिये भटकते ग्रामीणों को घरौनी प्रपत्र दिलाये जाने की मांग की है।

## हैदराबाद थाना के अंतर्गत 16 वारंटियो को किया गया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** थानाध्यक्ष थाना हैदराबाद सुनील मलिक के नेतृत्व में थाना हैदराबाद पुलिस टीम द्वारा दिनांक 10.01.2026 को 16 वांछित अभियुक्तगण 1.संजय पुत्र परमेश्वरदन 2.नीटू पुत्र परमेश्वरदीन निवासीगण ग्राम त्रिलोकपुर 3.राजेश पुत्र निरंजन निवासी ग्राम अयोध्यापुर 4.सोमवारी पुत्र सतनू निवासी ग्राम तकिया 5.राधेश्याम पुत्र प्यारेलाल निवासी ग्राम सुहेला 6.अशोक कुमार पुत्र अमृतलाल निवासी ग्राम नौगवा उम्र करीब 45 वर्ष 7.अशोक कुमार पुत्र लालेराम निवासी ग्राम लीलापुर 8.रामचन्द्र पुत्र मिश्रीलाल निवासी ग्राम बैदाखेडा 9.मनोज पुत्र रमेश चन्द्र निवासी ग्राम कोटखेरवा थाना 10 .नन्हे उर्फ अनिल पुत्र हंसराम वर्मा निवासी ग्राम पन्नापुर पोस्ट लंदनपुर ग्रंट 11. राजपाल पुत्र डालचन्द उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम मोतीपुर को गिरफ्तार कर वास्ते विधिक कार्यवाही हेतु मा0 न्यायालय खीरी के समक्ष भेजा गया तथा अभियुक्तगण 12. रंजीत कुमार पुत्र मुन्नालाल 13 .मुन्नालाल पुत्र गोवर्धन 14 .वंशी पुत्र त्रिलोकी 15.करुणाकान्त पुत्र श्रीपाल निवासीगण मूडा अस्सी, खीरी 16.दिपू पुत्र जगदीश उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम गाधीनगर के परिजनो द्वारा थाना उपस्थित आकर वारन्ट से सम्बन्धित रिकाल प्रस्तुत किया गया। जिसमें मा0 न्यायालय के आदेश के क्रम में सम्बन्धित अभि0गणो को परिजनो के सुपुर्द कर थाना हाजा से रुकसत किया गया। वही गिरफ्तारी करने वाली टीम मे मुख्य रूप से उप निरीक्षक हेमन्त कटियार, अशोक कुमार सिंह, खेमन्द्र कुमार, विनोद कुमार पाण्डेय व आरक्षी धर्मेन्द्र कुमार संजीव यादव, कन्हैया तेजयान, व मोहित कुमार थाना हैदराबाद मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## धरना स्थल से हटी एक पोकलैंड बाकी सामान ज्यों का त्यों



**सिंगाही।** इलाके के मांझा गांव में किसान खनन पट्टा निरस्त के विरोध में आज नौवें दिन भी धरने पर बैठे हैं। इस बीच, खनन ठेकेदारों ने मौके से एक पोकलैंड को हटा दिया बाकी सामान ज्यों का त्यों पड़ा है। किसान खनन पट्टे का निरस्ती लिखित पत्र मिलने का अब भी कर रहे इंतजार। बताते चलें कि खनन आवंटित पट्टे को लेकर किसानों के लगातार विरोध और धरने के नवें दिन किसान परमजीत सिंह पम्मी ने बताया कि ठेकेदार ने शनिवार को खनन के लिए लाई गई दो पोकलैंड में से एक पोकलैंड मशीन को ट्रक में लाद कर यहां से हटाया हैं, लेकिन अभी तक किसी भी सक्षम अधिकारी द्वारा पट्टा निरस्त करने का कोई लिखित पत्र नहीं मिला, जब तक किसी सक्षम अधिकारी द्वारा खनन पट्टा निरस्ती का लिखित पत्र नही मिल जाता तब तक किसान अपना धरना जारी रखेंगे, इसी प्रकार से दिन रात धरने पर डटे रहेंगे।

## जब रक्षक ही भक्षक बन जाए तो आम आदमी न्याय पाने कहां जाए

### ● मामला गोला तहसील के ग्राम जटपुरा में खेल मैदान पर अवैध कब्जा से जुड़ा है

### लेखपाल और कानून को की पैमाइश में अवैध कब्जा की पुष्टि होने के बाद भी नहीं ध्वस्त कराया जा रहा अवैध निर्माण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** तहसील गोला के अंतर्गत ग्राम जटपुरा में शासन व उच्च न्यायालय के आदेश की जमकर धज्जियां उड़ाते हुए अवैध कब्जा की पुष्टि होने के बाद भी अवैध निर्माण को ध्वस्त कराए जाने की बजाय अवैध कब्जा दारो को संरक्षण दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस खेल में लेखपाल से लेकर तहसीलदार के शामिल होने का मामला जन चर्चा का विषय बना हुआ है ।मामले की ग्रामीण राजेंद्र कुमार ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर खेल मैदान की गाटा संख्या 1192 /0.1500 और प्राइमरी पाठशाला के नाम आरक्षित जमीन गाटा संख्या 474 /0.600 हेक्टेयर व 159/ 0.01000हे पर अवैध कब्जा करके दबंग एक विशेष समुदाय के लोगों के द्वारा तहसील प्रशासन से साठ गांठ करके पक्का निर्माण दुकान आदि बना लिए गए हैं। उसका अवैध निर्माण की शिकायत पर की गई पैमाइश में खेल मैदान और प्राइमरी पाठशाला की जमीन पर अवैध कब्जा पक्का निर्माण पाया गया जिसके बाद भी भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे तहसील प्रशासन द्वारा इस अवैध निर्माण का ध्वस्तीकरण नहीं कराया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है की भूमि प्रबंध समिति का अध्यक्ष ग्राम प्रधान कुलदीप कुमार और हल्का लेखपाल मामले को मैनेज करने में लगे हैं ऐसा बताया जाता है कि शायद ग्राम प्रधान और तहसील प्रशासन गोला के लिए उच्च न्यायालय के आदेश और मुख्यमंत्री के आदेश कोई मायने ही न रखते हो।

जटपुरा में हरिजन बस्ती की जमीन पिछड़ा वर्ग के लोगों का और खलिहान पर प्रधान के खास लोगों का अवैध कब्जा के आरोप ग्राम पंचायत जटपुरा में शासन प्रशासन के आदेशों के बाद भी सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा का सिलसिला हमने का नाम ही नहीं ले रहा है ग्रामीणों के बताएं अनुसार ग्राम प्रधान और लेखपाल की मिली भगत से खलिहान के नाम दर्ज जमीन पर जहां ग्राम प्रधान के खास लोगों का अवैध कब्जा है वहीं हरिजन बस्ती के नाम आरक्षित जमीन पर पिछड़ा वर्ग के लोगों का कब्जा कराए जाने के आरोप ग्राम प्रधान पर लगाए जा रहे हैं लेखपाल से लेकर तहसीलदार तक इस मामले पर चुपी साधे मौन बैठे दिखाई देते हैं। शायद उनके लिए मुख्यमंत्री के आदेश कोई मायने ना रखते हो।

## पिछड़ा वर्ग को एकत्रित करने आ रहे कांग्रेस सांसद राकेश राठौर



**बरेली/**कांग्रेस सांसद राकेश राठौर पिछड़ा वर्ग को जागरूक एवं एकत्रित करने के लिए 11 जनवरी रविवार को वह बरेली के रिठौरा में स्थित भोजीपुरा मार्ग पर एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है यह कार्यक्रम पिछड़ों को जागरूक करने एवं उनके अधिकारों का हनान रोकने के साथ ही वह सुजात बांधों को भी एकत्रित करने के लिए आ रहे हैं इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर सीतापुर सांसद राकेश राठौर आ रहे हैं उनको सुनाने के लिए भारी भीड़ जुटाना का अनुमान लगाया जा रहा है यह जानकारी नाथूलाल निरंकारी द्वारा उपलब्ध कराई गई है।

## प्राइवेट अस्पतालों में अब सड़क हादसों में घायलों का मुफ्त होगा इलाज होगा पूरा खर्च उठाएगी सरकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी:** हाईवे और एक्सप्रेस पर होने वाले सड़क हादसे में घायलों का अब मुक्त इलाज प्राइवेट अस्पताल में कराया जाएगा. सड़क हादसे में घायल लोगों की जान बचाने के लिए यह फैसला लिया गया है. दरअसल, सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को त्वरित एवं निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना लागू की गई है। मुख्य चिकित्साधिकारी लखीमपुर खीरी डॉक्टर संतोष गुप्ता ने बताया कि अब दुर्घटना में घायल व्यक्ति का इलाज न केवल सरकारी बल्कि सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में भी निःशुल्क किया जाएगा. सीएमओ ने स्पष्ट किया कि घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति से किसी प्रकार की पूछताछ या कानूनी औपचारिकता नहीं की जाएगी और इलाज तत्काल शुरू किया जाएगा. इस योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति के उपचार पर आने वाला अधिकतम 1.50 लाख रुपये तक का खर्च जिला सड़क सुरक्षा समिति द्वारा वहन किया जाएगा, ताकि मरीज और उसके परिजनों पर आर्थिक बोझ न पड़े। प्राइवेट हॉस्पिटल की भागीदारी से बचेगी जान उन्होंने बताया कि सड़क हादसे देश और प्रदेश के लिए गंभीर चुनौती बने हुए हैं. आंकड़ों के अनुसार देश में हर वर्ष लगभग 1.6 लाख से अधिक लोगों की मौत सड़क दुर्घटनाओं में होती है, जबकि करीब 4.5 लाख से अधिक लोग घायल होते हैं. उत्तर प्रदेश में भी प्रतिवर्ष 20 हजार से अधिक सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की जाती हैं, जिनमें हजारों लोगों को गंभीर चोटें आती हैं. ऐसे में निजी अस्पतालों की भागीदारी से घायलों को समय पर इलाज मिल सकेगा और दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में कमी लाने में मदद मिलेगी। कैशलेस होगी सुविधा सरकार 7 दिनों तक के इलाज का पूरा खर्चा खुद उठाएगी. इसके लिए डेढ़ लाख रुपये तक की सीमा तय की गई है. यह सुविधा पूरी तरह कैशलेस होगी. इससे गोल्डन ऑवर में मरीज की जान बचाना आसान हो जाएगा. अस्पताल अब इलाज के लिए पैसे की मांग नहीं कर पाएंगे. सरकार सीधे अस्पतालों को भुगतान करेगी।

## भाजपा नगर अध्यक्ष टूण्डला के दो साल पूर्ण होने पर जिलाध्यक्ष व भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा जोरदार स्वागत किया



**टूण्डला** - भारतीय जनता पार्टी टूण्डला नगर अध्यक्ष के दो साल पूर्ण होने पर पार्टी कार्यालय भारत माता चौक पर भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में चौधरी भंवर सिंह चेयरमेन, नारखी ब्लॉक प्रमुख सुशील चक एवं समस्त भाजपा कार्यकर्त्ताओ द्वारा फूलमाओ से जोदार स्वागत किया। स्वागत के दौरान शिव शंकर शर्मा, अनंत प्रताप सिंह, विवेक वर्मा, विष्णु तिवारी, सोनू कश्यप, गुड्डा दीक्षित, अग्रज जैन, लोकेंद्र पौनिया, उदय प्रताप सिंह वर्मा,विनोद बाबू, गुड्डा दीक्षित, राकेश दिवाकर, लकी यादव, दीपक ठेनुआ, हनी जादौन, प्रदीप जैन टाइगर, बॉबी सैंगर, सोनू बघेल,ज्ञानेंद्र सिंह, कन्हैया पूनिया, सुरेंद्र सिंह, विनोद चौहान,अरुण शास्त्री, महेंद्र झा, विजय प्रजापति, जुबिन भारद्वाज, अजय पचौरी, गोपाल शर्मा,शशांक प्रताप सिंह,रोहित कटिहार, जितेंद्र पंजवानी, गौतम सिंह नौहवार आदि कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## दहेज हत्या के मामले में पति, देवर और सास गिरफ्तार




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखीमपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था शव, नाना की तहरीर पर कार्रवाईगोला गोकर्णनाथ के हैदराबाद थाना क्षेत्र के शहाबुद्दीनपुर गांव में एक विवाहिता नीरज देवी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने मृतका के पति, देवर और सास को गिरफ्तार किया है। मृतका के नाना मिश्रीलाल की तहरीर पर हैदराबाद थाने में दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने मृतका के पति अजय कुमार पाल, देवर अवधेश कुमार उर्फ अशीष और सास रामश्री को गिरफ्तार किया है। इन तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मृतका के नाना मिश्रीलाल ने आरोप लगाया है कि उनकी नातिन नीरज देवी को दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया, जिसके कारण उसने परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।मृतका के पति अजय पाल ने पुलिस को बताया था कि सोमवार दोपहर वह पशुओं के लिए चारा लेने गया था। जब वह घर लौटा, तो उसकी पत्नी नीरज देवी चारपाई पर बेसुध पड़ी थी। परिवार के सदस्य उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला ले गए, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। अजय पाल ने अपने ऊपर लगे आरोपों को निराधार बताया है। वहीं, मृतका के नाना के अनुसार, विवाह को एक वर्ष ही हुआ था और इस दौरान दहेज की कई बार मांग की गई थी। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## SIR मतदाता पुनरीक्षण गहन शुद्धिकरण अभियान की बैठक क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा ब्रज क्षेत्र के आवास पर हुई

### ● उदय प्रताप सिंह को पुनः जिलाध्यक्ष वनने पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा ब्रज क्षेत्र सचिन जैन ने अपने आवास पर फूलमाला, शाल व खाटू श्याम मंदिर के स्मृति चिन्ह देकर स्वागत सम्मान किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**टूण्डला-** SIR मतदाता पुनरीक्षण गहन शुद्धिकरण अभियान की बैठक हुई। उसके बाद क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा ब्रज क्षेत्र सचिन जैन के आवास पर पुनः नव निर्वाचित फिरोजाबाद भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह के बनने पर उनका स्वागत ओर सम्मान भव्य तरीके से किया गया। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा सचिन जैन ने भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह को खाटू श्याम मंदिर के स्मृति चिन्ह ओर शाल, माला पहनाकर उनका भव्य तरीके सम्मान किया। इसी क्रम में मंडल प्रभारी वीरेंद्र प्रताप सिंह ने भी जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह का स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम के बाद जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कार्यकर्ता संगठन की मजबूत नींव है ओर संगठन सर्वोपरि है सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता ओर स्ढ्ढक्रमतदाता पुनरीक्षण गहन शुद्धिकरण अभियान में लगे ओर नए वोट 6 नंबर फोरम भरकर सभी के वोट व्यवस्थित बन सके इसकी सभी को चिंता करनी है। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, कमलेश कुमार जैन कोल्ड, विधानसभा संयोजक शिव शंकर शर्मा, मंडल प्रभारी वीरेंद्र प्रताप सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा ब्रज क्षेत्र सचिन जैन, नगर प्रभारी योगेंद्र चौहान, अनंत प्रताप सिंह, राजू जैन, शशांक प्रताप सिंह, विवेक वर्मा, जुबिन भारद्वाज ओर सभी भाजपाई मौजूद रहे।

## मजदूर पर बाघ ने गन्ने के खेत में ने किया हमला किसानों ने बचाई जान इलाके में दहशत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** दुधवा टाइगर रिजर्व के मझगई वन रेंज के अंतर्गत आने वाले बेला कलां क्षेत्र में बाघ का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को गन्ना छीलने गए 60 वर्षीय मजदूर पर बाघ ने हमला कर दिया। किसानों के साहस और शोर-शराबे के कारण बाघ मजदूर को छोड़कर जंगल की ओर भाग निकला। घायल मजदूर को गंभीर अवस्था में पलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

बेलाकलां निवासी वाजिद अली (60 वर्ष) गांव के ही अरुण सिंह के खेत में मजदूरी पर गन्ना छीलने गए थे। दोपहर के समय जब वह काम कर रहे थे कि तभी झाड़ियों से निकलकर आए बाघ ने अचानक उन पर हमला बोल दिया। बाघ ने वाजिद की पीठ और हाथ पर अपने पंजों से गहरे घाव कर दिए। चीख-पुकार सुनकर पास के खेतों में काम कर रहे अन्य मजदूर और किसान हाथों में गन्ना लेकर बाघ की ओर दौड़े और शोर मचाया। इस पर बाघ वाजिद को छोड़कर गन्ने के खेत में ओझल हो गया।

**घटना के बाद इलाके में दहशत**

किसानों ने घायल के परिजनों को सूचना दी। ग्रामीणों की मदद से घायल वाजिद अली को पलिया सीएचसी ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत फैली हुई है। किसान खेतों पर जाने से कतरा रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि बाघ को जल्द से जल्द पकड़ कर आबादी वाले क्षेत्र से दूर भेजा जाए ताकि लोग सुरक्षित होकर खेतीबाड़ी कर सकें।मझगई रेंजर अंकित सिंह ने बताया कि क्षेत्र में बाघ की मौजूदगी को देखते हुए पहले से ही पिंजरा लगाया गया है। शनिवार सुबह भी बाघ को क्षेत्र में देखा गया था। वन विभाग की टीम लगातार गश्त कर रही है। घटनास्थल का निरीक्षण कर वहां भी पिंजरा लगाया जाएगा और ग्रामीणों को समूह में निकलने की सलाह दी गई है।

## गोला मिल केन यार्ड का औचक निरीक्षण

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर एवं सचिव बलवन्त चौधरी ने बजाज हिन्दुस्थान शुगर मिल गोला के केन यार्ड का रात्रि के समय औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसान विश्रामालय, पेयजल व्यवस्था, शुलभ शौचालय और अलाव व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण में पाया गया कि किसान विश्रामालय में किसानों के ठहरने की उचित व्यवस्था है। पेयजल और शुलभ शौचालय साफ-सुथरे मिले। अलाव कई स्थानों पर जलता हुआ पाया गया। किसानों ने बताया कि विश्रामालय में ठहरने के लिए तख्त आदि की व्यवस्था है, पीने के पानी की व्यवस्था सही है, शुलभ शौचालय की नियमित साफ-सफाई होती है और अलाव प्रतिदिन जलाया जाता है। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक गोला ने मिल प्रबंधन को निर्देश दिए कि किसानों को ठहरने, पेयजल, शुलभ शौचालय सम्बन्धी कोई समस्या न हो। उन्होंने कहा कि शीत लहर के प्रकोप को देखते हुए नियमित रूप से अलाव जलवाते रहें और इसका नियमित निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान मिल के इकाई प्रमुख राकेश यादव,महाप्रबन्धक गन्ना पी एस चतुर्वेदी, सहायक महाप्रबन्धक गन्ना ओ डी शर्मा, प्रबन्धक गन्ना सत्येन्द्र कुमार मिश्र सहित मिल के कई अधिकारी उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत मायके वालों का तांडव घर की मार पीट ग्रामीणों ने बचया

### ●लव मैरिज शादी की थी प्रियंका ने गार्डन में मिले निशान हत्या का संकेत देते हैं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/**क्यों लड़ियां थाना क्षेत्र के गांव आसुवा के अशोक कुमार ने पीलीभीत के गांव आमडार निवासी सुनील की बहन प्रियंका से प्रेम विवाह किया था जिसके तहत प्रियंका ने अपनी ससुराल में दो बच्चों को जन्म दिया जिसमें बेटा एक बेटी है परंतु प्रियंका के पति अशोक के अनुसार प्रियंका का किसी एक और प्रेमी के साथ भी प्रेम संबंध चल रहे थे। जिसके चलते पति अशोक को हजम नहीं हो रहा था सूत्रों के अनुसार बीती रात मृतका का प्रेमी कमरे में पाए जाने की चर्चा गुनगुना रही है जिसे देखकर पति से बर्दाश्त नहीं हुआ इस घटना की सूचना मृतक प्रियंका के मायके वालों को सूचना मिली सूचना मिलते ही वह गांव असुवा पहुंच गए और उन्होंने अपनी बहन को मृत पड़ा देखकर आग बबूला हो गए और उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। इस कोहराम के बीच ग्रामीण मौके पर पहुंच गए किसी तरह ग्रामीणों ने अशोक बा उसके परिजनों को बचाया अपना को घिरा देखकर लड़की पक्ष वालों ने 112 नंबर पर फोन करके सूचना दी मौके पर पहुंची 112 नंबर पुलिस ने इसकी जानकारी प्रभारी निरीक्षक क्यों लड़िया वेद सिंह को दी इस पर प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक प्रियंका का शव खाट पर पड़ा मिला उन्होंने फील्ड यूनिट टीम को सूचना देकर मौके पर बुलाया गया उनका निरीक्षण करने के बाद मृत का के गले पर चोट के निशान पाए गए सूत्रों के अनुसार इतना सब कुछ होने के बाद दोनों में समझौता हो गया परंतु सूचना के मुताबिक पुलिस को मृतक का सब पोस्टमार्टम के लिए भेजना था। इसके लिए पुलिस को कई घंटे कड़ी मशक्कत करनी पड़ी इतना ही नहीं प्रियंका के मायके वालों



ने शव को छीने का भी प्रयास किया परंतु पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए सबको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा दिया गया है इसके लिए पुलिस को कई घंटे फंसे रहना पड़ा यहां पर पुलिस बल में प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह उप निरीक्षक देशराज सिंह तोमर महिला उप निरीक्षक मीनाक्षी एवं कांस्टेबल मौजूद इन सभी की मौजूदगी में पुलिस किसी तरह शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह के अनुसार सबको पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है अग्रिम कार्यवाही रिपोर्ट आने या किसी की तहरीर मिलने पर की जाएगी।

## मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने वांछित अपराधी को पकड़ा जेल भेजा

**बरेली/**क्यों लड़िया थाना क्षेत्र के गांव सिलरा निवासी सुशील कुमार का पुत्र अमन11 दिन पूर्व एक किशोरी को भाग कर ले गया था किशोरी के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने पास को एक्ट एवं अपहरण की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी इसके बाद पुलिस ने किशोरी को बरामद कर के आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी लेकिन आज मुखविर सूचना पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया और उसे जेल भेज दिया है इसे पकड़ने के लिए पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह उप निरीक्षक अरिमर्दन सिंह कांस्टेबल सुमित कुमार आदि ने पकड़ लिया और उसे जेल भेज दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### नेकी की दीवार बना जरूरत मंद लोगों का मददगार

पेश कर रहा मानवता की नजीर




**चुनार, मीरजापुर।** नगर के ऐबकपुर मोहाना मुहल्ले मे नेकी की दीवार संस्था द्वारा जरूरत मंद लोगों के लिए नए पुराने कपड़ों की व्यवस्था की जाती है, जिससे जरूरत मंद लोग लाभ उठा रहे हैं। स्थानीय लोगो ने बताया कि सन 2020 से लगातार एक दिसंबर से एक फरवरी तक यह व्यवस्था रहती है। जिसमें नगर और आस पास के लोगों द्वारा नए पुराने कपड़ों को यहां दे दिया जाता है, जिसे जरूरत मंद अपने जरूरत और उपयोग के हिसाब से यहां से ले जाते हैं। लोगों ने बताया कि बड़ी संख्या में जरूरत मंद लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। इस कपकपाती ठंड में अपने जरूरत के कपड़ो को पाकर लोग प्रसन्न हो रहे हैं और देने वालों को दुआएं भी दे रहे हैं।

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रही हिंसा के विरोध में आप का धरना-प्रदर्शन आज

**भदोही।** बांग्लादेश में कथित तौर पर लगातार हो रही हिंदुओं की हत्या के विरोध में केंद्र सरकार की चुप्पी के खिलाफ आम आदमी पार्टी, जनपद भदोही द्वारा प्रादेशिक आवाहन पर रविवार को धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। यह प्रदर्शन दुर्गागंज तिराहा, ज्ञानपुर में दोपहर 1 बजे से आयोजित होगा। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष अशोक यादव ने बताया कि पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी धरना-प्रदर्शन के माध्यम से केंद्र सरकार से इस मुद्दे पर ठोस कार्रवाई की मांग करेंगे। उन्होंने आमजन से कार्यक्रम में शामिल होकर विरोध दर्ज कराने की अपील की।

### मलिहाबाद ऑटो में साथ बैठी महिला ने उड़ाए 10 हजार, जांच में जुटी पुलिस

**मलिहाबाद।** मलिहाबाद कस्बे के मिर्जागंज इलाके शनिवार दोपहर में आटो रिक्शा मे सवार महिला के बैग मे रखे 10 हजार रूपये साथ बैठी एक महिला ने निकाल लिये और मौके से भाग निकली। आटो का किराया देने के दौरान जब बैग खोलकर देखा तो उससे रूपये नदारद देखकर महिला को घटना की जानकारी हुयी। महिला ने पुलिस को फोनकर अपने साथ हुई टप्पेबाजी की शिकायत की। मौके पर पहुँची पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी महिला की तलाश कर रही है। उन्नाव जनपद के करादेव तोंदा निवासी महिला संगीता माल थानाक्षेत्र के नबीपनाह इलाके मे ब्याही हैं। पीडित ने बताया कि शनिवार दोपहर मे वह आटो रिक्शा पर बैठकर मोहान रोड तिराहा जा रही थी। आटो मे उसके साथ ही एक अन्य महिला भी बैठी थी। मिर्जागंज बाजार मे सब्जी मण्डी मे साथ बैठी वह महिला उतर गयी और जब पीडित टैम्पो स्टैण्ड मोहान रोड पर पहुंच कर आटो वाले को पैसे देने के लिये बैग खोला तो वह खुला हुआ था। उसके बैग मे रखे दस हजार रूपये गायब थे। यह देख पीडित ने पुलिस को फोनकर घटना की जानकारी दी। पुलिस बाजार मे लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी महिला की तलाश कर रही है।

### राशन लेने गई महिला को कोटेदार ने पीटा पुलिस ने लिया हिरासत में

स्वतंत्र प्रभात
ब्रेकिंग न्यूज़

**सहजनवां** गीडा थाना क्षेत्र के खरेला गांव में कोटेदार के घर राशन लेने पहुंची महिला को गेहूं देने की बात को लेकर कोटेदार ने महिला को पीट कर घायल कर दिया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी कोटेदार को हिरासत में ले लिया है। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र खरेला निवासी फूलमती पत्नी राजेंद्र शनिवार को दोपहर 12 बजे के करीब कोटेदार के घर राशन लेने गई थी। कोटेदार जबरन चावल दे रहा था। तो महिला ने कहा कि गेहूं की आवश्यकता है। इसी बात को लेकर कोटेदार महिला के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने आरोपी कोटेदार के खिलाफ थाने में तहरीर दे दिया है। पुलिस कोटेदार को हिरासत में ले लिया है। इस संदर्भ में थानेदार अश्वनी पाण्डेय ने कहा कि कोटेदार के खिलाफ केस दर्ज किया जायेगा।

## रक्तदान के जागरूकता के लिए विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट एवं नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में रैली निकाली गई

● आज (रविवार को) घंटाघर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन होगा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मीरजापुर।** शनिवार स्वामी विवेकानंद जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) के पूर्व दिवस पर घंटाघर में आयोजित होने वाले स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के मद्देनजर रक्तदान के प्रति लोगो में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कार्यक्रम के आयोजक विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट एवं नगर पालिका परिषद मीरजापुर के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान जागरूकता रैली निकाली गई। नगर पालिकाध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी के नेतृत्व में घंटाघर प्रांगण से निकली रैली ओलियर घाट, वासलीगंज, खजांची चौराहा, गिरधर चौराहा, पेहटी चौराहा, पक्की सराय होते हुए वापस घंटाघर प्रांगण में ही समाप्त हुआ। रैली में नगर पालिकाध्यक्ष के साथ ही विभिन्न वार्डो से आए सभासद एवं सभासद प्रतिनिधि गण, विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट के सदस्यगण, ब्रह्मकुमारीज परिवार के सदस्यगण,घंटेश्वर महादेव सेवा समिति के सदस्यगण, एनसीसी कैडेट्स सहित नगर के गणमान्य जन मौजूद रहें। रैली के दौरान स्वामी विवेकानंद जी के पोस्टर के साथ रक्तदान को बढ़ावा देने वाले पोस्टर, हैंडबिल इत्यादि हाथ में लेकर नारे लगाते हुए चलते हुए लोगों ने नगर में रक्तदान के प्रति एक सकारात्मक संदेश दिया।

रैली के दौरान नगर पालिकाध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी ने रक्तदान की आवश्यकता को बताते हुए लोगों से बड़ी संख्या में आकर रक्तदान करने की अपील की। विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष कृष्णानंद हैहयवंशी ने रैली का संचालन करने के साथ ही रैली में सम्मिलित सभी संस्थाओ एवं व्यक्तियों का आभार भी व्यक्त किया।

रैली मे राधेश्याम गुप्ता, सत्यनारायण जायसवाल , श्रीकिशन कसेरा,विकास यादव, रुपेश यादव, शशिधर साहू, ऋषभ जायसवाल, अलंकार जायसवाल, गोवर्धन यादव उर्फ टीटू, किशन गुप्ता,धीरज सोनकर, शरद इत्यादि विभिन्न सभासद एवं सभासद प्रतिनिधिगण सहित सीताराम, श्याम सिंह, रत्नेश दुबे,शशिन यादव, संतोष तिवारी, श्री प्रकाश सिंह, बालमुकुंद सिंह, गोपाल अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट, ब्रहमकुमारीज परिवार, घंटेश्वर महादेव जनकल्याण सेवा समिति इत्यादि संस्थाओ के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहें। रैली के दौरान एनसीसी कैडेट्स एवं शहर कोतवाली के जवानों की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही। रैली के दौरान जिले के मीडिया से जुड़े लोगों का योगदान भी सराहनीय रहा।

## एसीसीबी हैंडलूम क्रिकेट प्रतियोगिता के सौजन्य से डीएम-एसपी ने जरूरतमंदों को बाँटा कम्बल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** एसीसीबी हैंडलूम क्रिकेट प्रतियोगिता के सौजन्य से शनिवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय अभिया में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत जरूरतमंद एवं असहाय लगभग पाँच सौ लोगों को कंबल वितरित कर ठंड से राहत पहुंचाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी शैलेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक उपस्थित रहे। आयोजन समिति की ओर से जिला पंचायत सदस्य आशीष सिंह, सुभाषपा नेता राकेश वर्मा एवं ग्राम प्रधान अनिल सिंह ने दोनों अधिकारियों का माल्यार्पण कर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

कंबल वितरण के दौरान जिलाधिकारी शैलेश कुमार ने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों की सहायता करना सबसे बड़ा मानवीय कार्य है। ऐसे आयोजन न केवल जरूरतमंदों को राहत पहुंचाते हैं, बल्कि समाज में आपसी सहयोग और संवेदनशीलता की भावना को भी मजबूत करते हैं। वहीं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने कहा कि सामाजिक संगठनों एवं आयोजकों की यह पहल सराहनीय है। प्रशासन का प्रयास है कि कोई भी व्यक्ति ठंड में असहाय न रहे। उन्होंने आमजन से भी ऐसे सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन समिति की इस सामाजिक पहल की डीएम व एसपी द्वारा व्यापक सराहना की गई।

## कार की टक्कर से बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल, रेफर

**माल/लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में शनिवार को थाना क्षेत्र के सालेहनगर पुलिया के निकट मोटरसाइकिल सवार युवक को कार ने टक्कर मार दी।टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आपको बता दें कि मिली जानकारी के मुताबिक,शाम लगभग साढ़े पांच बजे माल - भरावन मार्ग पर सालेहनगर पुलिया के निकट अलीगंज लखनऊ निवासी प्रमोद त्यागी को कार ने जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर लगने से प्रमोद गंभीर रूप से घायल हो गए।राहगीरों ने घायल को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। वहीं कार चालक घटना को अंजाम देने के बाद कार छोड़कर भाग निकला। सूचना मिलते से मौके पर स्थानीय पुलिस ने मोटरसाइकिल व कार को कब्जे में लेकर आगे जाँच शुरू कर दी है।

## राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में मीरजापुर की टीम बनी विजेता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीखड़।** आजाद स्पोर्टिंग क्लब सीखड़ के तत्वावधान में चल रहे राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य रूप से समापन हुआ। आजाद स्पोर्टिंग क्लब सीखड़ के अध्यक्ष विनोद चतुर्वेदी ने विजेता और उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन की मुख्य अतिथि सुधा चतुर्वेदी रही। शनिवार को आजाद स्पोर्टिंग क्लब सीखड़ के तत्वावधान में चल रहे राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में दुसरा सेमीफाइनल मैच मेड़िया और चंदौली के बीच खेला गया। मेड़िया ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर 20ओवर में महज 71रन बना कर आल आउट हो गई। जबाब में उतरी चंदौली मुगलसराय की टीम ने पांच ओवर में बिना विकेट खोए लक्ष्य हासिल कर फाइनल में प्रवेश कर लिया। सेकेंड टाइम के बाद फाइनल मैच का मुकाबला चंदौली और मीरजापुर की टीम के बीच खेला गया।मैच प्रारंभ होने से पहले मुख्य अतिथि सुधा चतुर्वेदी ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय किया तत्पश्चात राष्ट्रगान किया गया।इस अवसर पर शंकराश्रम इंटर कालेज सीखड़ का ग्राउंड लगभग दस हजार दर्शकों से खचा खच भरा रहा। बाजे गाजे नगाड़े के साथ फाइनल मुकाबला प्रारंभ हुआ। मीरजापुर की टीम ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी चंदौली की टीम ने निर्धारित 20ओवर में महज 151रन बना पाई। लक्ष्य का पीछा करते हुए मीरजापुर की टीम ने निर्धारित 20ओवर में 152रन बना कर क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया।इस प्रतियोगिता में मैन ऑफ द सीरिज आकाश वर्मा रहें वही इस प्रतियोगिता के बेस्ट गेंदबाज का खिताब गोबिंद चौबे को मिला। इस मैच निर्णायक विनीत और अजय रहें तथा स्कोरर बीनू यादव और नरेश यादव। कॉमेंटेटर उदित नारायण पाठक हिंदी और अंग्रेजी में अमित मिश्रा व संदीप मिश्रा ने किया। इस प्रतियोगिता के आयोजक सच्चिदानंद मिश्र गोली, अजय कुमार यादव ग्राम प्रधान, अनिल पाण्डेय, देवी प्रसाद त्रिपाठी, चन्द्र बली यादव अरविंद चौबे, विनित यादव सहित काफी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

## कड़ाके की ठंड व शीतलहर से बचाव हेतु शासन के निर्देशानुसार जनपद में कंबल वितरण अभियान जारी

● औराई के गिर्द बड़गांव में कंबल पाकर गरीबों को मिली ऊर्जा,जताया मुख्यमंत्री व जिला प्रशासन का आभार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही/**कड़ाके की ठंड, घना कोहरा एवं शीतलहर से आमजन को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से शासन के मंशानुरूप तथा जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देश के क्रम में जनपद के समस्त तहसील क्षेत्रों में निराश्रित व्यक्तियों को शासकीय कंबलों का वितरण निरंतर किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य समाज के वंचित, गरीब, असहाय एवं बेसहारा व्यक्तियों को ठंड से राहत प्रदान करना है। इसी क्रम में तहसील औराई के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र ग्राम पंचायत गिर्द बड़गांव में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तहसील औराई राजस्व टीम द्वारा पात्र व जरूरतमंद व्यक्तियों को शासकीय कंबल वितरित किए गए। कंबल पाकर लाभार्थियों ने प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी श्याम मणि त्रिपाठी एवं तहसीलदार औराई ने बताया कि शासन एवं जिला प्रशासन का यह प्रयास है कि शीतलहर के दौरान कोई भी जरूरतमंद ठंड से प्रभावित न हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि ग्राम स्तर पर सर्वे कर वास्तविक जरूरतमंदों की पहचान सुनिश्चित की जाए तथा उन्हें प्राथमिकता के आधार पर राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाए। कंबल वितरण के दौरान स्थानीय प्रशासन, ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि, लेखपाल एवं अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। जिला प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि शीतलहर की अवधि तक कंबल वितरण सहित अलाव, रैन बसेरा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं निरंतर की जाती रहेंगी, ताकि जनपद के प्रत्येक जरूरतमंद को समय से राहत मिल सके।

## नगर विधायक ने विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के अंतर्गत महत्वपूर्ण बैठक की

**मीरजापुर।** नगर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्र अपने विधानसभा क्षेत्र के नगर पश्चिमी मण्डल स्थित अग्रवाल कालोनी में विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) अभियान के अंतर्गत महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। उपस्थित कार्यकर्ताओं व नागरिकों को SIR अभियान की प्रक्रिया, उद्देश्य एवं महत्व के साथ-साथ मतदाता सूची के शुद्धिकरण हेतु मृतक मतदाताओं के नाम हटाने, स्थानांतरित मतदाताओं के संशोधन तथा नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6, 7 व 8 की जानकारी दी।

इस अवसर पर साथ में जिला महामंत्री भाजपा रवि शंकर पाण्डेय जी, सभासद अलंकार जायसवाल जी, सभासद सतीश उपाध्याय जी, मृत्युंजय त्रिपाठी जी (जिला कार्यसमिति सदस्य), धर्मदीप जायसवाल जी, मनीष विश्वकर्मा जी, अजय मोदनवाल (नगर उपाध्यक्ष) जी, मनमोहन जायसवाल जी, वासु कुमार जी, नरेश जी, राहुल जी, विष्णु जी, रवि जी, दीना जी, सौरभ जी, अथर्व पाठक जी, सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता बंधु एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## विधायक से मिला ग्रापए का प्रतिनिधि मण्डल



**सीखड़।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का प्रतिनिधि मण्डल जिला उपाध्यक्ष शीतलेश्वर प्रसाद पाठक के नेतृत्व में शनिवार को विधायक अनुराग सिंह से मंगरहा स्थित उनके आवास पर मिला। विंध्याचल मण्डल अध्यक्ष रुपेश पाण्डेय ने विधायक से पत्रकारों को स्वास्थ्य कार्ड का लाभ दिलाने व समाचार संकलन के दौरान पत्रकारों के सम्मान तथा संगठन के प्रदेश कार्यालय के लिए, मुख्यमंत्री से वार्ता कर लखनऊ में स्थान आवंटित कराने के लिए आवश्यक कार्यवाही कराने का आग्रह किया। विधायक को संगठन की नव वर्ष की डायरी व अंगवस्त्र भेंट की गई। इस अवसर पर गोपी नाथ मिश्रा, कृष्णा दूबेराजन, अभयराज, ज्ञानधर शुक्ला, वीरेंद्र सिंह आदि थे।

## थाना समाधान दिवस में आई 56 शिकायतों में आठ पर हुई त्वरित कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** शासन की मंशानुसार आमजन को त्वरित, पारदर्शी और न्यायसंगत राहत उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शनिवार को जनपद भदोही के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी शैलेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में आयोजित इस जनसुनवाई में फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक स्वयं थाना सुरियावां पहुंचे, जहां उन्होंने फरियादियों की शिकायतें सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शासन की प्राथमिकता है कि जनता की समस्याओं का समाधान समयबद्ध और निष्पक्ष तरीके से हो तथा फरियादियों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

थाना समाधान दिवस के दौरान जनपद के सभी थानों पर कुल 56 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 48 राजस्व विभाग एवं 08 पुलिस विभाग से संबंधित थे। पुलिस विभाग से जुड़ी सभी शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि राजस्व मामलों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के लिए पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त रूप से पांच टीमें गठित की गई। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि भूमि विवाद, कब्जा, रास्ता, पैमाइश जैसे मामलों में पुलिस और राजस्व विभाग समन्वय के साथ संयुक्त जांच कर निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करें, जिससे पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिल सके। थाना औराई में आयोजित समाधान दिवस में क्षेत्राधिकारी राजीव कुमार सिंह, थानाध्यक्ष एवं प्रशासनिक टीम की मौजूदगी में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया गया।

## विकसित भारत- रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन जन जागरण अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**आजमगढ़** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर आयोजित आजमगढ़ / लालगंज जिला की प्रेस वार्ता में आजमगढ़ प्रभारी व कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार अनिल राजभर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शीतकालीन सत्र के दौरान अति महत्वपूर्ण जी राम जी अधिनियम को पारित किया है। इस अधिनियम के पारित होने के बाद हमारे गांव में रहने वाले लोगों के जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण परिवर्तन आने वाला है। जी राम जी अधिनियम हमारे गांव को आत्मनिर्भर बनाएगा गांव के अंदर सर्वांगीण विकास की परिकल्पना को चरितार्थ करेगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकसित भारत बनाने का जो संकल्प है उसमें सबसे महत्वपूर्ण योगदान करेगा। मनरेगा अभियान के अंतर्गत 100 दिनों की रोजगार की गारंटी थी लेकिन जो नया कानून प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने बनाया है उसके अंतर्गत 125 दिनों की रोजगार की गारंटी होगी। जी राम जी अधिनियम के माध्यम से यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी श्रमिक यदि इस योजना के अंतर्गत काम कर रहा है तो उसको एक हफ्ता के अंदर भुगतान सुनिश्चित किया जाए ।यदि किसी कारणवश उसकी मजदूरी एक सप्ताह के अंदर नहीं मिलती है तो एक सप्ताह के बाद उसकी बकाया मजदूरी पर ब्याज भी दिया जाएगा। जब खेती किसानी का समय होता है तब मजदूरों की कमी को देखते हुए उस समय इस अभियान को रोका गया। यदि परिस्थिति वश किसी ग्राम सभा में 125 दिन का रोजगार देना संभव नहीं हो पाया तो सरकार इस अधिनियम के अंतर्गत बेरोजगारी भत्ता भी देगी। जी राम जी योजना के अंतर्गत यह भी सुनिश्चित किया गया है कि गांव के विकास का पूरा रोड मैप ग्राम पंचायत में ही बनाया जाएगा। अब हर गांव को इस बात की स्वतंत्रता दी गई है की वह अपने गांव की स्थिति के अनुसार अपने गांव की परियोजना का रोड मैप तैयार करें और उसके आधार पर बजट का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजें और शासन उनको बजट की उपलब्धता कराएगा। देश में यह पहली बार देखने को मिल रहा है कि इस अधिनियम के माध्यम से गांव को पूरी स्वतंत्रता दी जा रही। हम सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार का अभिनंदन करते हैं कि आज इतना बड़ा फैसला भारत सरकार ने किया है जो आने वाले समय में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस योजना के अंतर्गत असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को भी सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराई जा रही है।श्रम विभाग के द्वारा संगठित क्षेत्र के मजदूरों को जिन योजनाओं का लाभ दिया जाता है उन सभी योजनाओं का लाभ अब असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को भी उपलब्ध कराने का काम इस अधिनियम के अंतर्गत किया जाएगा। इस फैसले के लिए हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हैं। ग्राम पंचायतों को बधाई देते हैं और गांव में काम करने वाले श्रमिकों को भी ढेर सारी बधाई देते हैं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आजमगढ़ सदर ध्रुव सिंह जिलाध्यक्ष उपाध्यक्ष लालगंज हनुमंत सिंह, ऋषिकांत राय, सूरज प्रकाश श्रीवास्तव संतोष सिंह घनश्याम पटेल पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में भदोही का शानदार प्रदर्शन प्रदेश में मिला 12 वां स्थान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**भदोही।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत माह दिसम्बर की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद भदोही ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। विकास एवं राजस्व कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन के दम पर जनपद ने 91.70 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए प्रदेश में 12वां स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि जनपद के प्रशासनिक तंत्र की कार्यकुशलता, पारदर्शिता एवं सतत निगरानी का सशक्त प्रमाण मानी जा रही है। इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल ने जनपद के सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए उनके परिश्रम, कर्तव्यनिष्ठा और टीम भावना की सराहना की। जिलाधिकारी ने कहा कि सीएम डैशबोर्ड शासन की प्राथमिकताओं को धरातल पर उतारने का प्रभावी माध्यम है और भदोही का बेहतर प्रदर्शन सभी विभागों के समन्वित प्रयासों का परिणाम है।

जिलाधिकारी ने बताया कि विकास योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन, राजस्व मामलों में पारदर्शिता, जनहित से जुड़े प्रकरणों का त्वरित निस्तारण तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की सतत मॉनिटरिंग से यह सफलता संभव हो सकी है। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि इसी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए जनपद को और बेहतर प्रदर्शन की दिशा में आगे बढ़ाया जाए।

वहीं मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल ने कहा कि जनपद का उद्देश्य केवल रैंकिंग सुधारना नहीं, बल्कि शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने विश्वास जताया कि निरंतर सुधार, तकनीकी नवाचार और विभागीय समन्वय के माध्यम से भदोही आने वाले समय में सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में और बेहतर स्थान प्राप्त करेगा।

## राजस्थान इंटर कॉलेज मीरजापुर में आयोजित राष्ट्रीय गणित दिवस का कार्यक्रम

अधिक ठंड के कारण विद्यालयों मे 9 जनवरी से 12 जनवरी तक शिक्षण कार्य बंद होने के कारण स्थगित कर दिया गया है

स्वतंत्र प्रभात
ब्रेकिंग न्यूज़

**मीरजापुर।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तरप्रदेश द्वारा संचालित जिला विज्ञान क्लब मीरजापुर द्वारा 12जनवरी 2026 को राजस्थान इंटर कॉलेज मीरजापुर मे आयोजित राष्ट्रीय गणित दिवस का कार्यक्रम जिलाधिकारी के आदेश नुसार अधिक ठंड के कारण विद्यालयों मे 9 जनवरी से 12 जनवरी तक शिक्षण कार्य बंद होने के कारण स्थगित कर दिया गया है।यह कार्यक्रम आगे किसी तिथि पर आयोजित किया जायेगा। जिसकी सूचना सभी विद्यालयों को दी जायेगी इस आशय की सूचना सुशील कुमार पाण्डेय समन्वय यक जिला विज्ञान क्लब मीरजापुर ने दी।

## युवाओं को अपने चरित्र निर्माण में ध्यान देने की जरूरत- डॉ आजाद दूबे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** जिले के सेमराध में 1996 से हर वर्ष माघ माह में कल्पवास मेला का आयोजन होता है। कल्पवास में भदोही जनपद के साथ साथ आसपास के जनपदों के लोग भी कल्पवास करते है। कल्पवास मेले में पुरे माघ माह तमाम आध्यत्मिक कार्यक्रमों प्रवचन, सीताराम संकीर्तन, भंडारा, शतचंडी महायज्ञ इत्यादि होता है। जहां पुरे माघ माह में भक्ति रस की धारा बहती है और लोगो कि भीड़ रहती है।

शनिवार को कल्पवास में कोइरौना क्षेत्र के सगरा निवासी डॉ आजाद दूबे ने महंत करुणा शंकर दास का आशीर्वाद लिया और मेले में आयोजित प्रवचन का भी श्रवण किया। सेमराध कल्पवास के बारे में डॉ आजाद दूबे ने बताया कि काशी, प्रयागराज और विंध्य क्षेत्र के मध्य स्थित सेमराधनाथ धाम जनपद का सबसे प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है। यहां पर श्रावण माह, प्रत्येक सोमवार और तमाम पर्व पर भक्तों की भारी भीड़ लगती है और जो भी दर्शन पूजन करता है उसकी सभी मनोकामना पूर्ण होती है। सेमराध कल्पवास के बारे में बताया कि 1996 से माघ माह में कल्पवास मेला का आयोजन ज़िला प्रशासन और मेला समिति के तरफ से होता है, जो भदोही जनपद के लिए बड़े ही सौभाग्य की बात है। कल्पवास मेले के आयोजन के दौरान व्यवस्थाओं और कार्यक्रमों की भी जमकर तारीफ की। डॉ आजाद दूबे ने अपने सम्बोधन में युवाओं और बच्चों से कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन से बच्चों को भी अपनी संस्कृति और संस्कार की शिक्षा मिलती है, बच्चों को आपने माता पिता और बड़ो की बात को मानना चाहिए जिनसे उनके चरित्र का निर्माण हो सके और उनका बेहतर भविष्य है। डॉ आजाद दूबे ने बच्चों को मोबाइल के लत से छुटकारा पाना बहुत जरूरी है। मोबाइल का प्रयोग बहुत जरूरी होने पर ही करें। युवाओं और बच्चों को अपने चरित्र के निर्माण में बेहतर कार्य करने की जरूरत है। कहा कि भदोही जनपद के यह मेला बीते तीन दशक से बड़े ही भव्यता के साथ चल रहा है और भविष्य में यह आयोजन और भव्य और दिव्य हो, इसके लिए सभी को प्रयास करना चाहिए। कहा कि मेरे तरफ से जो भी सहयोग बन सकेगा मै भी पूरी तरह तैयार हूं। मेले के भव्य आयोजन को लेकर महंत करुणा शंकर दास का आभार भी जताया। इस मौके पर श्री शंकर तिवारी, भूवर यादव, सिंटू दूबे, अशोक तिवारी, विपुल दूबे, बद्रीनाथ यादव, सुनील बिन्द समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### जन जागरण यात्रा पहुंची सेल्फी प्वाइंट अरैल घाट

**जमीन मानव जीवन और अर्थव्यवस्था का आधार है इसके बिना जीवन संभव नहीं है**



**नैनी, प्रयागराज।** शनिवार को अरैल मेला क्षेत्र के सेल्फी प्वाइंट पर जन जागरण यात्रा पहुंची।यात्रा के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा पिछड़ा मोर्चा एवं यात्रा प्रमुख अश्विनी कुमार सिंह पटेल ने बताया की जमीन का महत्व :जमीन (भूमि) मानव जीवन और अर्थव्यवस्था का आधार है, जो भोजन, पानी, आश्रय, खनिज और प्राकृतिक संसाधन (जैसे लकड़ी, ऑक्सीजन) प्रदान करती है; यह कृषि, आवास, उद्योगों, सड़कों और रेलवे के लिए आवश्यक है, जैव विविधता का घर है, और आर्थिक विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक व धार्मिक महत्व भी रखती है, इसलिए इसका संरक्षण और प्रबंधन अत्यंत महत्वपूर्ण है।यात्रा में साधु संतों एवं श्रद्धालुओं के साथ-साथ प्रमुख रूप से रहे।यात्रा के मुख्य अतिथि कृष्ण पाल सिंह अरेला अध्यक्ष, गगन सिंह, अंगद पटेल, दुर्गेश सिंह,रवि शंकर सिंह, रविंद्र कुमार पटेल, संजय कुमार सिंह, जय सिंह, संतोष सिंह,आदि रहे। यह यात्रा का समापन महाशिवरात्रि के दिन होगा।

### मुख्यमंत्री ने संगम नोज पहुंचकर स्नान एवं पूजा लेटे हनुमान जी की विधि विधान से पूजा की




**ब्यूरो प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज माघ मेले मेले में आकर व्यवस्था का निरीक्षण किया और संगम तट पर पहुंच कर पहले स्नान किया। मुख्यमंत्री ने तीन बार डुबकी लगाई वही उनके प्रयागराज के प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने साथ में पांच तथा नंदी ने सात डुबकी लगाई। मुख्यमंत्री ने उसके बाद गंगा जी की पूजा अर्चना करके बड़े हनुमान जी का दर्शन किया और विधान से पूजा और आरती की। मंदिर केमहंत बलवीर गिरी ने विधि विधान से हनुमान जी की पूजाआरती कराई। मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ ने संगम में मंडरा रहे साइबेरियन पक्षियों को अपने हाथ से दाना खिलाया।और गौ सेवा भी की।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल



**नैनी प्रयागराज।** औद्योगिक थाना क्षेत्र के डेज मेडिकल के समीप शनिवार देर शाम एक सड़क हादसा हुआ। बाइक पर सवार दो लोग प्रयागराज से मेंजा की तरफ जा रहे थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हालांकि खबर लिखे जाने तक नाम पता नही मिल सका।

### पूर्व IPS अधिकारी अमिताभ ठाकुर को मिली जमानत



**ब्यूरो प्रयागराज।** आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर को वाराणसी जिला जज कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने उन्हें 50-50 हजार रुपये की दो जमानतों और बंधपत्र पर रिहा करने का आदेश दिया है। यह जमानत आदेश देवरिया मामले से जुड़े प्रकरण में दिया गया है। हालांकि अदालत ने यह भी स्पष्ट किया है कि मामले की सुनवाई आगे जारी रहेगी और कानूनी प्रक्रिया अपने तय रास्ते पर चलेगी। अमिताभ ठाकुर के वकीलों ने अदालत में दलील दी कि उनके मुवक्किल ने जांच में सहयोग किया है और वे किसी भी तरह से न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित नहीं करेंगे। दलीलों पर सुनवाई के बाद जिला जज कोर्ट ने जमानत मंजूर करते हुए रिहाई के आदेश जारी किए।

# योगी ने आगामी स्नान पर्वों को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सभी अधिकारियों को पूरी लगन के साथ जुट जाने को कहा

**● ठण्ड के मौसम को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में अलाव जलाये जाने तथा जरूरतमंदों को कम्बल वितरण भी कराये जाने के लिए कहा**

**मुख्यमंत्री ने माघ मेला 2026 के लिए बनाए गए मेला सेवा एप का किया विमोचन**

**जगद्गुरू रामानन्दाचार्य जी का भव्य स्मारक बनाये जाने के हेतु प्रशासन को जमीन चिन्हीकरण की कार्यवाही करने के लिए कहा**

**मेले में नियमित रूप से साफ सफाई की अच्छी व्यवस्था सड़कों पर अतिक्रमण को रोकने तथा खुला रखे जाने के दिए निर्देश**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रयागराज मेला प्राधिकरण स्थित आईसीसीसी सभागार में माघ मेला 2026 के आगामी स्नान पर्वों की तैयारियों के सम्बंध में समीक्षा बैठक की। मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को पॉवर प्रेजेंटेशन के माध्यम से माघ मेला के आयोजन के सम्बंध में की गयी तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्यमंत्री जी ने माघ मेला को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सभी अधिकारियों को पूरी तत्परता व लगन के साथ कार्य करने के लिए कहा और 14 से 18 जनवरी के बीच कम समय में दो महत्वपूर्ण स्नान पर्वों को सकुशल सम्पन्न कराना एक बड़ी चुनौती है, इसके लिए अभी से सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी व तत्परता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए स्नानपर्वों को सकुशलढंग से सम्पन्न करायें। उन्होंने पौष पूर्णिमा स्नान पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए माघ मेला में लगे सभी सम्बंधित अधिकारियों की प्रशंसा की। मुख्य मंत्री योगी ने कहा कि मेले में साफ सफाई व्यवस्था उच्च स्तर की रहनी चाहिए। श्रद्धालुओं के स्नान करने के लिए घाटों के स्नान क्षेत्र व सर्कुलेटिंग एरिया को और बढ़ाया जाये, ताकि ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालु एक साथ स्नान कर सके तथा उन्हें स्नान करने में कोई समस्या न हो। श्रद्धालु कपड़े, प्लास्टिक थैली अथवा पूजा सामग्री को गंगा नदी में न फेंके तथा कोई भी श्रृद्धालु स्नान के समय साबुन इत्यादि का इस्तेमाल न करें, जिससे जल की स्वच्छता बनी रहे और सभी स्नानार्थी स्वच्छ एवं निर्मल जल में आस्था की पावन डुबकी लगाए। उन्होंने कहा कि माघ मेला में लगे हुए स्वच्छाग्रहियों के मानदेय का भुगतान समय से किया जाए, उन्हें और उनके बच्चों को शिक्षा आदि की सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई जाए। नगर निगम से कहा कि रोड पर अतिक्रमण न होने पाये, रोड व पाथवे को खुला रखा जाए, जिससे माघ मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। अनावश्यक एवं अवैध रूप से लगी हुई होर्डिंगों को हटाये ज पुलिस विभाग को श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु नियमित रूप से पेट्रोलिंग करते रहने के लिए कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेले में कहीं पर भी मादक पदार्थो की बिक्री न होने पाए तथा कोई भी अराजकतत्व मेले में अराजकता न फैलाने पाए इसपर पुलिस विभाग निरंतर कड़ी निगरानी रखे। हर के मन में इच्छा होती है कि वह संगम नोज पर ही स्नान करें, इसलिए मुख्य स्नान पर्वो पर संगम नोज पर अत्यधिक दबाव रहेगा, जिसके दृष्टिगत पहले से ही सारे आवश्यक प्रबंध कर लिए जाए ठण्ड के मौसम के दृष्टिगत पर्याप्त संख्या में अलाव जलाये जाये तथा जरूरतमंदों को चिन्हित कर उन्हें कम्बल वितरण भी सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा है। मेले में आने वाले संत-महात्माओं, श्रद्धालुओं एवं स्नानार्थियों के साथ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी अच्छा व्यवहार करें। शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार कराये जाने के लिए निर्देशित किया है, जिससे सरकार की योजनाओं की लोगो को जानकारी हो सक संत-महात्माओं के द्वारा जगद्गुरू रामानन्दाचार्य जी के स्मारक बनाये जाने का अनुरोध किया गया है। प्रयागराज अनेक ऋषिमुनि-महात्माओं की धरती है। रामानन्दाचार्य जी का भव्य स्मारक बनाये जाने हेतु प्रशासन को जमीन चिन्हीकरण सहित अन्य आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा है। माघ मेला 2026 के लिए बनाए गए मेला सेवा एप का विमोचन किया। इस ऐप के क्यूआर कोड स्कैन करके श्रद्धालु अपनी शिकायतें एवं सुझाव को दे सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के द्वारा यदि कोई भी सुझाव या कार्य बताए जाये, तो उसपर प्राथमिकता पर कार्यवाही की जाये। शहर पश्चिमी के विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने एयरपोर्ट पर समुचित रूप से प्रकाश की व्यवस्था को बढ़ाये जाने के लिए मुख्यमंत्री जी से आग्रह किया। विधायक बारा डॉ0 वाचस्पति ने कहा कि पडुआ से कौशाम्बी को जोड़ने वाला पीपा पुल अभी चालू नहीं हो पाया। इस अवसर पर जगद्गुरू महामण्डलेश्वर संतोषदास उर्फ सतुआ बाबा, मा0 कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, कैबिनेट मंत्र नंद गोपाल गुप्ता नंदी, मा0 सांसद फूलपुर प्रवीण पटेल, मा0 विधायक फूलपुर दीपक पटेल, मा0 विधायक शहर उत्तर हर्षवर्धन वाजपेयी, मा0 विधायक करछना पीयूष रंजन निषाद, मा0 विधायक कोरांव राजमणि कोल, मा0 विधायक बारा डॉ0 वाचस्पति, मा0 विधायक शहर पश्चिम सिद्धार्थ नाथ सिंह, विधान परिषद सदस्य के0पी0 श्रीवास्तव, सांसद विनोद सोनकर, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, गंगापार अध्यक्ष निर्मला पासवान, यमुनापार अध्यक्ष राजेश शुक्ला, अपर पुलिस महानिदेशक, मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल, पुलिस आयुक्त जोगेन्द्र कुमार, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मेलाधिकारी ऋषिराज, मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह, नगर आयुक्त सांई तेजा सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सामाजिक कार्य एवं लोगों की सहायता बाबू जी को सच्ची श्रद्धांजलि

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**कोरांव प्रयागराज।** यमुनापार क्षेत्र के लोकप्रिय जननेता रहे स्वर्गीय अवधेश शुक्ला 'नेता जी' की स्मृति में आयोजित कंबल वितरण एवं सहायता कार्यक्रम ने एक बार फिर उनके जनसेवा के आदर्शों को जीवंत कर दिया। चंद्रशेखर आज़ाद जूनियर हाईस्कूल, सिंहपुर जोरा बहेरा में आयोजित इस कार्यक्रम में भारी संख्या में समर्थक, ग्रामीण एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह ने नेता जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। पूर्व जिला पंचायत सदस्य रहे स्व. अवधेश शुक्ला जी का संपूर्ण जीवन गरीबों, असहायों और वंचितों की सेवा के लिए समर्पित रहा। वे पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वी.पी. सिंह एवं समाजवादी चिंतक स्व. जनेश्वर मिश्र के बेहद करीबी रहे और उनके विचारों से प्रेरित होकर जनहित के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाते रहे। यमुनापार क्षेत्र में लोग उन्हें सम्मानपूर्वक 'नेता जी' के नाम से पुकारते थे—यह संबोधन उनके प्रति जनमानस के स्नेह और विश्वास का प्रतीक था। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि नेता जी ने राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया। उनके दरवाजे हमेशा ज़रूरतमंदों के लिए खुले रहते थे। शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय और गरीब कल्याण के लिए उन्होंने जो कार्य किए, वे आज भी प्रेरणास्रोत है। ठंड के मौसम में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम के माध्यम से सैकड़ों जरूरतमंदों को राहत पहुंचाई गई, जिसे उपस्थित लोगों ने नेता जी की सोच और कार्यशैली के अनुरूप सच्ची श्रद्धांजलि बताया। इस अवसर पर प्रबंधक गिरिजेश शुक्ला ने कहा कि कंबल वितरण और जनसहायता जैसे कार्य ही बाबू जी को सच्ची श्रद्धांजलि हैं। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक मदद पहुंचाना ही नेता जी का सपना था, जिसे हम सब मिलकर आगे बढ़ाएंगे। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से यज्ञ नारायण मिश्रा,मुन्नन शुक्ला,राधा मोहन पांडे,अनिल पांडे,अनिल शुक्ला,नित्यानंद उपाध्याय,भामें शुक्ला,संतोष द्विवेदी,सूर्य निधान पाण्डेय,रामरक्षा,शिव प्रसाद,अशोक पांडे,रंजन शुक्ला,अश्वनी जैन,मिथिलेश शुक्ल,बृजेश शुक्ला,विजय केसरी,सुरेश यादव,मिथिलेश मिश्रा,राजेश्वर प्रसाद आदि लोग उपस्थित रहे।

### 12 को होगा महर्षि जन्म उत्सव

**नैनी, प्रयागराज।** सोमवार को 11:00 बजे से जन्म उत्सव मनाया जाएगा। उक्त जानकारी आश्रम प्रभारी सुनील श्रीवास्तव आश्रम प्रभारी बसंत दास जी ने देते हुए बताया कि पूज्य परम महर्षि जी के शिष्य वेद विद्या मार्तंड ब्रह्मचारी गिरीश जी के निर्देशन में 12 जनवरी को भव्य रूप से सिद्ध महापुरूष महर्षि महेश योगी जी का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस शुभ अवसर पर भागवत कथा एवं उनके जन्मदिन पर उनके चरित्र चित्रण के बारे में संतों के द्वारा आशीर्वाद वचन का कार्यक्रम होगा। मीडिया प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने बताया पूजन अर्चन के बाद सभी को प्रसाद का वितरण किया जाएगा। मुख्य अतिथि,कमलेश कुमार पाठक ,प्रशासनिक अधिकारी हाई कोर्ट,एसपी प्रोटोकॉल पंकज कुमार पांडे ,फलाहारी आश्रम के महंत रामरतन दास जी, महाराज सच्चा बाबा आश्रम के चंद्रदेव मिश्रा जी महाराज शामिल होंगे।

# पुलिस मुठभेड़ में फूलपुर के जमीलाबाद में फायरिंग करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** आज करीब प्रातः 4.45 बजे थाना फूलपुर पुलिस टीम द्वारा थाना फूलपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बौड़ई मोड़ स्थित नहर किनारे हाईटेंशन लाईन के पास चेकिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग की जा रही थी, तभी 01 मोटरसाइकिल पर सवार 02 संदिग्ध व्यक्ति को पुलिस टीम द्वारा रूकने का इशारा करने पर संदिग्ध व्यक्ति भागने लगा जिस पर उक्त पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर अपने आप को घिरता देख संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा पुलिस बल पर फायरिंग की गयी तत्पश्चात पुलिस बल द्वारा अपने आत्मरक्षार्थ फायरिंग में मुठभेड़ के दौरान उक्त बदमाशों में से 01 के दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया, उक्त घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। पूछताछ करने पर घायल अभियुक्त ने अपना नाम आजम राईन पुत्र स्व0 हफीजउल्ला निवासी जमीलाबाद कस्बा थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज तथा दूसरे बदमाश ने अपना नाम मो0 सुहैल पुत्र मो0 इकबाल निवासी ग्राम सराय अब्दुल मलिक थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज बताया जो कि थाना फूलपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-012/ 2026 धारा 115(2)/ 352/ 351(3)/ 109(1) भा0न्या0सं0 से सम्बंधित वांछित अभियुक्त है। उल्लेखनी है कि दिनांक 08.01.2026 समय 00.09 बजे को शनि सोनी पुत्र अंकित सोनी निवासी मोहल्ला जमीलाबाद कस्बा व थाना फूलपुर जनपद प्रयागराज द्वारा दिनांक 07.01.026 समय 19.20 बजे शाम के करीब विपक्षीगण 1. आजम राईन पुत्र स्व0 हफीजउल्ला उम्र करीब 23 वर्ष नि0 मोहल्ला जमीलाबाद कस्बा व थाना फूलपुर प्रयागराज व 2. मो0 सुहैल पुत्र मो0 इकबाल उम्र करीब 20 वर्ष नि0 ग्राम सराय अब्दुल मलिक थाना फूलपुर कमि0 प्रयागराज व अपने दो साथियों द्वारा वादी को कालर पकड़कर मारना पीटना, जान से मारने की नियत से तमंचा से फायर करना व गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध का प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिसके सम्बन्ध में थाना फूलपुर पर मु0अ0सं0 012/ 2026 धारा 115(2)/ 352/ 351(3)/ 109(1) BNS 2023 बनाम 1. आजम राईन पुत्र हफीजउल्ला नि0 ग्राम जमीलाबाद थाना फूलपुर प्रयागराज 2. तीन अज्ञात व्यक्ति पंजीकृत किया गया था। फूलपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-012/ 2026 धारा 115(2)/ 352/ 351(3)/ 109(1) भा0न्या0सं0 से सम्बंधित 02 अभियुक्त 1. आजम राईन पुत्र स्व0 हफीजउल्ला निवासी जमीलाबाद



कस्बा थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज 2. मो0 सुहैल पुत्र मो0 इकबाल निवासी ग्राम सराय अब्दुल मलिक थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना फूलपुर व एस0ओ0जी/ सर्विलांस सेल गंगानगर की संयुक्त टीम द्वारा आज दिनांक-10.01.2026 को प्रातः करीब 04.45 बजे थाना फूलपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बौड़ई मोड़ स्थित नहर किनारे हाईटेंशन लाईन के पास घटना मे प्रयुक्त 01 मोटरसाकिल वाहन सं0-स्लेण्ड UP 73 AB 9639, 01 अवैध तमंचा .315 बोर, 01 अदद खोखा कारतूस 8 mm, 02 कारतूस .315 बोर, 04 अवैध देशी बम, कुल 1200/- रूपयो के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी/ बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 012/2026 उपरोक्त में धारा - 3/ 25 आर्म्स एक्ट व 4/ 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की बढोत्तरी की गयी।

# समाज को बांटने वाले और तोड़ने वाले लोगों को पनपने नहीं देना है- योगी आदित्य नाथ

**● योगी ने माघ मेला क्षेत्र में जगदगुरु रामानंदाचार्य के जन्मोत्सव समारोह में एकजुटता का किया आह्वान**

**जब सत्ता में थे, तो ऐसे लोग अपने परिवार के बारे में सोचते थे**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

दया शंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट

**ब्यूरो प्रयागराज।** मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ ने संगम नगरी की धरा से सनातन की रक्षा का उद्घोष किया। उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत सियावर भगवान रामचंद्र की जय, सनातन धर्म की जय, भारता माता और गंगा मां की जय, प्रयागराज और वेणीमाधव की जय के साथ किया। हर-हर महादेव की गूंज से पूरा माघ मेला क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। वे माघ मेला क्षेत्र स्थित खाक चौक में आयोजित जगदगुरु रामानंदाचार्य के जन्मोत्सव समारोह में संतों के साथ उमड़े विशाल जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस संगम की पावन धरा पर प्रकट होकर जगदगुरु रामानंदाचार्य ने बंटे हुए समाज को जोड़ने का प्रयास किया था, वह अद्भुत था। उसी तरह के प्रयास की आज भी आवश्यकता है। जगदगुरु रामानंदाचार्य ने उस समय कहा था कि सभी जन ईश्वर के चरणों में आशीर्वाद लेने के अधिकारी हैं। आज भी सनातन को चोट पहुंचाने की साजिश हो रही है। सीएम योगी ने बांग्लादेश की तरफ ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा, वहां जो हो रहा है, कोई बोल नहीं रहा है। सेकुलरिज्म के नाम पर ठेका लेने वाले लोग हिंदु समाज को तोड़ने में पूरी ताकत लगाए हैं।

**सेकुलर नेताओं के मुंह पर ताला लगा है**

अब इनके मुंह में ताला लगा है,।, एक शब्द नहीं निकल रहा है, कैंडिल मार्च नहीं कर रहे हैं। उन्होंने आगाह किया,कि यह हम सबके लिए एक चेतावनी भी है। आपको बांटने की साजिश करने वाले ये लोग कभी आपके हितैषी नहीं हो सकते।

**सत्ता में थे तो ऐसे लोग अपने परिवार के बारे में सोचते थे**

योगी ने कहा जब सत्ता में थे, तो अपने परिवार के बारे में सोचते थे। आज तमाम नारे व स्लोगन देंगे, इन्हें जब भी मौका मिलेगा, वे वही करेंगे, जो पहले किया था। पहचान का संकट खड़ा करेंगे, हमें इनकी पुनरावृत्ति नहीं होने देना चाहिए।

**समाज को बांटने वालों को पनपने न दे**

उन्होंने कहा सबका दायित्व बनता है,की समाज को बांटने वाले और तोड़ने वाले लोगों को कभी पनपने न दें। कमजोर करने वाले लोगों को किसी भी स्थिति में आगे नहीं बढ़ने देना है। दुनिया के अंदर सनातन का झंडा दिव्यता के साथ लहराता दिखे, यह हमारा प्रयास होना चाहिए, तब कोई हिंदु को काटनेकी हिम्मत नहीं करेगा। उन्होंने संत समाज के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि संत समाज जब-जब एक मंच पर आकर कुछ उद्घोष करता है, उसका परिणाम भी आता है। जैसे आपने अयोध्या में देखा भव्य राम जन्म भूमि का निर्माण। यह संतों की एकजुटता का ही परिणाम है।



**मोदी ने दुनिया मेभारत की मूल आत्मा को गौरवान्वित किया है**

मुख्य मंत्री ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश विकास की राह पर है। यूं तो 1952 से कई प्रधाननंत्री देखे, मगर मोदी जी ने भारत की मूल आत्मा को गौरवान्वित किया है। , मंदिर के शिलान्यास, प्राण प्रतिष्ठा तक में आए, उन्होंने अयोध्या से सनातन धर्म ध्वज की पताका भी लहराई। उन्होंने जगदगुरु रामानंदाचार्य के जन्मोत्सव समारोह के सफल आयोजन के लिए सतुआ बाबा की प्रशंसा की। अंत में योगी ने माघ मेले में अब तक एक करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान की चर्चा करते हुए कहा कि यह है आस्था। इस अवसर पर स्वामी सतुआ बाबा महराज, परमार्थ मनिकेतन के स्वामी चिदानंद सरस्वती महराज, बाघंबरी पीठ के पीठाधीश्वर बलबीर गिरि जी महराज, अवधेश जी महराज एवं कृपालु देवाचार्य जी सहित कई संत मौजूद थे।

# आई-पैक पर छापे के खिलाफ ममता की रैली; जज कोर्टरूम छोड़ चली गई

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** पश्चिम बंगाल में आई-पैक यानी इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमिटी पर ईडी की छापेमारी पर बवाल और बढ़ गया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कोलकाता में आई-पैक पर ईडी की छापेमारी के ख़िलाफ़ एक बड़ी विरोध रैली निकाली। लोगों ने केंद्र सरकार के ख़िलाफ़ नारे लगाए और केंद्रीय एजेंसियों के कथित दुरुपयोग की निंदा की। इधर, कलकत्ता हाई कोर्ट में दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान हंगामे की वजह से नाराज़ जज बाहर चली गईं और सुनवाई को टाल दिया गया। ईडी ने अदालत में ममता पर कई आरोप लगाते हुए सीबीआई जाँच की मांग की है। ममता बनर्जी भी ईडी के ख़िलाफ़ हाई कोर्ट पहुँची हैं। कलकत्ता हाई कोर्ट में दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान हंगामे की वजह से सुनवाई को टाल दिया गया। जस्टिस सुव्रा घोष की बार-बार चेतावनी के बावजूद कोर्टरूम में व्यवस्था बहाल नहीं हुई। कड़ी चेतावनी देते हुए उन्होंने मामले से जुड़े वकीलों को पांच मिनट के अंदर बाहर जाने को कहा, ऐसा न करने पर उन्होंने कहा कि वह खुद बाहर चली जाएंगी। हालांकि, वकीलों के बीच भ्रम फैल गया, और वे इस बात पर बहस और धक्का-मुक्की करने लगे कि कौन रहेगा और कौन जाएगा। चेतावनी के बावजूद भीड़भाड़ से गुस्सा होकर जज कोर्टरूम से बाहर चली गईं और मामले को 14 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दिया। इधर, स्थगन से नाखुश होकर, ईडी ने कलकत्ता हाई कोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस सुजॉय पॉल से संपर्क किया और जल्द सुनवाई की मांग की। यह मुद्दा सबसे पहले चीफ जस्टिस के ऑफिस के सामने मौखिक रूप से उठाया गया था। मीडिया रिपोर्टों में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि ईडी ने अनुरोध किया है कि अगर मामले की सुनवाई जस्टिस घोष के कोर्टरूम में नहीं हो सकती है तो इसे किसी दूसरे जज को सौंप दिया जाए। रिपोर्ट है कि ईडी ने एक बेंच बनाकर जल्द सुनवाई के लिए लिखित याचिका दायर की है यह छापेमारी गुरुवार को हुई थी। ईडी ने आई-पैक के सॉल्ट लेक ऑफिस और प्रतीक जैन के लाउडन स्ट्रीट घर पर सर्च किया। यह कार्रवाई कथित कोयला तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले से जुड़ी है। ईडी का कहना है कि इसमें क़रीब 20 करोड़ रुपये के हवाला फंड्स आई-पैक तक पहुँचे थे। ममता बनर्जी ने खुद छापेमारी वाली जगह पर पहुँचकर विरोध जताया और आरोप लगाया कि ईडी टीएमसी के गोपनीय दस्तावेज, हार्ड डिस्क और चुनावी रणनीति से जुड़े पेपर चुराने की कोशिश कर रहा था। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक बदले की कार्रवाई है। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर भी निशाना साधा और कहा, 'कभी ऐसे डकैत नहीं देखे।' ईडी ने कलकत्ता हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। इसमें मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और अन्य पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने छापेमारी में रुकावट डाली। एजेंसी का दावा है कि ममता बनर्जी ने दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त करने से रोका और कुछ सामान खुद ले गईं। ईडी ने सीबीआई जांच की मांग की है। दूसरी तरफ़, तृणमूल कांग्रेस यानी टीएमसी ने भी हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है। इसमें ईडी द्वारा जब्त दस्तावेजों के दुरुपयोग और फैलाने पर रोक लगाने की मांग की गई है। टीएमसी का कहना है कि यह छापेमारी गैरकानूनी है और पार्टी के अधिकारों का उल्लंघन है। पीडीपी प्रमुख



महबूबा मुफ्ती ने ममता बनर्जी की खूब तारीफ की। उन्होंने उन्हें बहादुर और शेरनी कहा। महबूबा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद ईडी जैसी एजेंसियों की छापेमारी आम थी, तब ज़्यादातर पार्टियाँ चुप रहीं। यहाँ तक कि खुद महबूबा, फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला को हिरासत में लिया गया था। लेकिन अब यह पूरे देश में हो रहा है। महबूबा ने कहा, 'ममता बनर्जी बहुत बहादुर हैं, वे शेरनी हैं और मुझे उम्मीद है कि वे अच्छे से लड़ेंगी, कभी नहीं झुकेंगी। बीजेपी नेता स्वपन दासगुप्ता ने ममता की इस रैली को पूर्वानुमानित बताया। उन्होंने कहा कि कलकत्ता हाई कोर्ट में याचिकाओं पर रोक लगने से टीएमसी को सड़क पर उतरने और खुद को शहीद दिखाने का मौक़ा मिल गया। दासगुप्ता का कहना है कि ममता दबाव में थीं, लेकिन अब वे पीड़ित बनकर अपने समर्थकों को एकजुट करने की कोशिश कर रही हैं। यह घटना 2026 के बंगाल विधानसभा चुनाव से ठीक पहले हुई है, जिससे राजनीतिक तनाव और बढ़ गया है। टीएमसी इसे लोकतंत्र पर हमला बता रही है, जबकि बीजेपी और ईडी इसे क़ानूनी कार्रवाई कह रहे हैं। कोलकाता हाई कोर्ट में दोनों तरफ़ की याचिकाओं पर जल्द सुनवाई होगी।

# अंकिता हत्याकांडः जन आक्रोश के आगे झुकी बीजेपी सरकार, CBI जांच की सिफारिश, क्या अब VIP का होगा खुलासा?

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में जनता के भारी आक्रोश के आगे झुकते हुए बीजेपी सरकार के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मामले की सीबीआई जांच की सिफारिश कर दी। इस पर अब केंद्र सरकार फैसला लेगी। यह निर्णय अंकिता के माता-पिता से मुलाक़ात के दो दिन बाद और उत्तराखंड बंद से ठीक एक दिन पहले लिया गया है। अंकिता के माता-पिता ने साफ शब्दों में सीएम धामी से सीबीआई जांच की मांग की थी। अब सबसे बड़ा सवाल है कि क्या सीबीआई जांच में उस वीआईपी का नाम सामने आएगा, जिसे हत्याकांड के लिए जिम्मेदार ठहराया जा रहा है? मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच की घोषणा करते हुए कहा कि दिवंगत अंकिता भंडारी के माता-पिता के अनुरोध और उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुए राज्य सरकार ने इस प्रकरण की सीबीआई से जांच कराये जाने की संस्तुति की है। अकिता भंडारी केस में सीबीआई जांच की सिफारिश का स्वागत करते हुए राज्य के पूर्व सीएम और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने कहा, 'लोग पिछले तीन साल से इसकी मांग कर रहे हैं। आज, उन्हें लगा कि सीबीआई जांच की सिफारिश की जानी चाहिए, क्योंकि उत्तराखंड के सभी लोग इसकी मांग कर रहे हैं। हालांकि, न्याय अभी भी अधूरा है। उन वीआईपी को तभी गिरफ्तार किया जाएगा जब यह जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में होगी।




' अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए पिछले कई दिनों से पूरे राज्य में आंदोलन कर रहे उत्तराखंड कांग्रेस के अध्यक्ष गणेश गोदियाल में फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बेटी अंकिता भंडारी मामले की सीबीआई जांच की मांग मानकर अतीत में हुई अपनी गलतियों को माना है। यह तमाम सामाजिक संगठनों और प्रदेश की जनता की जीत है। हम उम्मीद करते हैं कि यह सीबीआई जांच माननीय न्यायाधीश की निगरानी में होगी जिसकी मांग लगातार पूरे प्रदेश की जनता और स्वंय बेटी अंकिता के माता-पिता ने भी उठाई है। वहीं, सामाजिक कार्यकर्ता योगिता भयाना ने भी इस पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अंततः सीबीआई जांच का फ़ैसला! धामी सरकार ने अंकिता भंडारी मर्डर केस की जांच सीबीआई को सौंप दी। यह निर्णय अंकिता के माता-पिता से मुलाक़ात के दो दिन बाद और उत्तराखंड बंद से ठीक एक दिन पहले लिया गया। यह सिर्फ़ एक प्रशासनिक फ़ैसला नहीं, बल्कि जनता के दबाव और न्याय की मांग की जीत है। अब सवाल साफ़ है- क्या सीबीआई जांच में वीआईपी का नाम सामने आएगा? क्या सच को अंततः सामने आने दिया जाएगा? अंकिता हत्याकांड में कथित 'वीआईपी' को लेकर हाल में हुए खुलासों के बाद राज्य की राजनीति में तूफान आ गया था और कांग्रेस समेत तमाम राजनीतिक दल और सामाजिक संगठन सीबीआई जांच की मांग को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहे थे। धीरे-धीरे अंकिता को न्याय दिलाने का आंदोलन पूरे उत्तराखंड में फैल गया और हर शहर, कस्बा और गांव में लगातार प्रदर्शन हो रहे हैं। इसी बीच अंकिता को न्याय दिलाने के लिए शनिवार को उत्तराखंड बंद का आह्वान किया गया था। हालांकि, इससे एक दिन पहले ही राज्य सरकार ने सीबीआई जांच की सिफारिश कर जनता के आक्रोश को शांत करने की कोशिश की है। लेकिन अब सबसे बड़ा सवाल है कि क्या सीबीआई जांच में वीआईपी का नाम सामने आएगा।

# संक्षिप्त खबरें

## मधुर मधुर मनोहारी है,अद्भुत शान हमारी हैं, हिंदी भाषा प्यारी है : मुकुंद साव



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** हिंदी भारत में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। यह सिर्फ भाषा तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों को उनके भाव प्रकट करने के लिए भी इस भाषा का अधिक महत्त्व माना जाता है। भारत में आपने राष्ट्रीय हिंदी दिवस के बारे में सुना होगा,जो प्रति वर्ष 14 नवंबर को मनाया जाता है, परंतु सम्पूर्ण विश्व में 10 जनवरी को हिंदी दिवस मनाया जाता है,उक्त बातें विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर नव भारत साक्षर कार्यक्रम के प्रखंड समन्वयक मुकुंद साव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है। उन्होंने बताया है कि हिंदी सिर्फ भाषा तक सीमित नहीं, बल्कि यह संवाद का वह तरीका है, जिससे हर भारतीय लगाव महसूस करता है। भारत में बोली जाने वाली सभी भाषाओं को देखें, तो इसमें हिंदी का ग्राफ सबसे ऊंचा नजर आता है। विकिपीडिया व विभिन्न स्रोतों के मुताबिक, भारत में 80 करोड़ से अधिक लोग हिंदी भाषा बोलते हैं। विभिन्न सरकारी व निजी स्कूलों में हिंदी को अनिवार्य रूप से पढ़ाया भी जाता है। हिंदी भाषा के सम्मान में हर साल हिंदी दिवस मनाया जाता है। मुकुंद साव ने बताया कि विश्व हिंदी दिवस मनाने का उद्देश्य पूरी दुनिया में हिंदी के प्रति लोगों को जागरूक करना है।

## बलिया में 500 गरीबों को मिला ठंड से राहत का सहारा, प्रभारी मंत्री बोले- सरकार हर जरूरतमंद के साथ



बलिया में कड़ाके की ठंड को देखते हुए शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में कंबल वितरण एवं सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह और राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने 400 महिलाओं और 100 पुरुषों सहित कुल 500 जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। प्रभारी मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेशभर में ठंड से बचाव के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिले में अब तक करीब 12 हजार गरीब परिवारों और किसानों को कंबल उपलब्ध कराए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि अलाव की व्यवस्था, रैन बसेरे और अन्य आवश्यक सुविधाओं के माध्यम से सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ लोगों की मदद कर रही है। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजनों को 54 ट्राईसाइकिल, 11 स्मार्ट केन और 2 एमआर किट भी वितरित की गईं। साथ ही वर्ष 2026 के जिला कैलेंडर का अनावरण भी किया गया। जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि ठंड से बचाव के लिए जिले में तीन स्तरीय व्यवस्था लागू की गई है, ताकि कोई भी जरूरतमंद राहत से वंचित न रहे। इस अवसर पर सीडीओ ओजस्वी राज, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा, बांसडीह विधायक केतकी सिंह, राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता श्रीवास्तव, एमएलसी रविशंकर सिंह उर्फ पप्पू, एडीएम अनिल कुमार और एसडीएम सदर तिमराज सिंह समेत कई अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## पूर्वोत्तर रेलवे का पहला प्रीमियम स्टोर बलिया में

बलिया पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के अंतर्गत बलिया रेलवे स्टेशन पर एक प्रीमियम ब्रांडेड परिधान स्टोर खोला जाएगा। यह पहल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने, स्टेशन की सुंदरता बढ़ाने और इसे एक सिटी सेंटर के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मंडल रेल प्रबंधक, वाराणसी, आशीष जैन के मार्गदर्शन और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शेख रहमान के नेतृत्व में इस स्टोर को खोलने की योजना बनाई गई है। यह स्टोर बलिया स्टेशन पर उन्नत खरीदारी का अनुभव प्रदान करेगा। रेलवे बोर्ड की नई नीति के तहत स्टेशनों पर प्रीमियम रिटेल स्पेस के आवंटन के लिए एक ई-नीलामी आयोजित की गई थी। इसमें सफल बोलीदाता इमेज फैशन फोरएवर को अपना स्टोर खोलने का अवसर दिया गया है। भारतीय रेलवे में प्रीमियम स्टोर पहले से गुंटकल, सिकंदराबाद, बेंगलुरु और मैसूरु जैसे दक्षिणी मंडलों में आवंटित किए गए हैं। हालांकि, पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के बलिया स्टेशन पर इस प्रीमियम स्टोर की शुरुआत देश के उत्तरी क्षेत्र में पहली बार की जा रही है। इमेजेज फैशन फॉरएवर एक प्रसिद्ध मल्टी-ब्रांड परिधान रिटेलर है। इस स्टोर से पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी मंडल को लगभग 4.4 लाख रुपये का वार्षिक रेल राजस्व प्राप्त होने का अनुमान है। बलिया रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत किया जा रहा है। प्रीमियम ब्रांडेड रिटेल आउटलेट की यह शुरुआत स्टेशन को एक आधुनिक और जीवंत नगरीय केंद्र में बदलने की दिशा में एक और कदम है, जो बेहतर यात्री अनुभव के साथ बुनियादी ढांचे के उन्नयन को जोड़ता है।

# चौपारण में स्वास्थ्य मेला का विधायक ने किया शुभारंभ, डिजिटल एक्सरे मशीन का हुआ उद्घाटन

● विधायक ने चिकित्सकों को लगाई फटकार, बोले- मरीजों को अनावश्यक रेफर किया तो होगी कार्रवाई



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौपारण के परिसर में शनिवार को स्वास्थ्य मेला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव, प्रमुख पूर्णिमा देवी, चिकित्सा प्रभारी डॉ डीएन ठाकुर, स्थानीय मुखिया पिंकी देवी सहित अन्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में नवनिर्मित डिजिटल एक्सरे मशीन का फीता काटकर उद्घाटन किया। विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों ने मेले में लगाए गए विभिन्न स्वास्थ्य स्टालों का निरीक्षण कर सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मरीजों से बात कर अस्पताल की व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली।

**कर्तव्यों के प्रति सजग रहें चिकित्सक: मनोज यादव**

निरीक्षण के दौरान विधायक का कड़ा रुख देखने को मिला। उन्होंने अस्पताल के चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र से लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि कर्मी अपने दायित्वों का सही ढंग से निर्वहन नहीं कर रहे हैं। कहा जनप्रतिनिधियों और जनता की शिकायतों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चिकित्सक मरीजों का समुचित इलाज यहीं सुनिश्चित करें। जो उपचार चौपारण अस्पताल में संभव है, उसे बाहर रेफर करने की प्रवृत्ति छोड़ें और अपना शत-प्रतिशत योगदान दें।

**इनकी रही उपस्थितिः**

मौके पर पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, भाजपा नेता रामसवरूप पासवान, मंडल अध्यक्ष रेवाशंकर साव, राजेन्द्र चन्द्रवंशी, मुखिया जानकी यादव, सुनीता देवी, मंजू देवी, समिति सदस्य जनार्दन सिंह, भाजपा नेता विकास यादव, जनमेजय सिंह, रिशु बर्णवाल, अशोक केशरी, बिनोद सिंह, सन्तोष पासवान, दिलीप केशरी, प्रदीप केशरी, सतेंद्र सिंह, रामचन्द्र सिंह, दिलीप राणा, संतोष पासवान सहित अन्य उपस्थित रहे।

# UP वोट मतदाता सूची पर अखिलेश यादव का बड़ा आरोप, 'पीडीए' वोट काटने की साजिश, EC की विश्वसनीयता दांव पर



समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत 'पीडीए' (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) वर्गों के वोट मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। उन्होंने चुनाव आयोग पर केंद्र सरकार के पक्ष में वोट जोड़ने में मदद करने का आरोप लगाया। लखनऊ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, यादव ने चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए दावा किया कि एक ही जिले से लगभग तीन लाख मतदाताओं के वोट हटाए जा चुके हैं और आगे भी हटाए जाने की संभावना है।

# धान क्रय योजना में त्वरित भुगतान से किसानों में खुशी, 48 घंटे में मिला राशि का भुगतान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़, झारखंड :-** झारखंड सरकार द्वारा विपणन मौसम वर्ष 2025-26 के अंतर्गत संचालित धान क्रय योजना जिले के किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। सरकार की पारदर्शी एवं त्वरित भुगतान व्यवस्था से किसानों को उनकी उपज का समय पर और उचित मूल्य मिल रहा है, जिससे उनमें खुशी देखी जा रही है। ग्राम पंचायत कुमारपुर निवासी किसान इंजमाम-उल-हक ने बताया कि उन्होंने रामचंद्रपुर लैम्पस में 70 क्विंटल धान की बिक्री की, जिसका भुगतान मात्र 48 घंटे के भीतर सीधे उनके बैंक खाते में कर दिया गया। त्वरित भुगतान से किसानों को आर्थिक संबल मिला है और उनकी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति में सहूलियत हुई है। इंजमाम-उल-हक ने इस व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री इरफान अंसारी, उपायुक्त एवं सभी संबंधित पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार की यह व्यवस्था किसान हित में एक सराहनीय पहल है। उन्होंने जिले के सभी किसान साथियों से अपील की कि वे झारखंड सरकार की कृषि एवं किसान कल्याण योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं, समय पर पंजीकरण कराएं और सरकारी धान क्रय व्यवस्था से जुड़कर त्वरित एवं सुरक्षित भुगतान का लाभ लें। झारखंड सरकार की यह पहल किसानों की आय बढ़ाने, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने तथा कृषि क्षेत्र को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# धनजोड़ी गांव में जनसंपर्क अभियान के दौरान उपासना मरांडी ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, समाधान का दिया भरोसा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महेशपुर, पाकुड़, झारखंडः-** महेशपुर प्रखंड अंतर्गत बलियाडांगा पंचायत के ग्राम धनजोड़ी में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की केंद्रीय समिति सदस्य उपासना मरांडी ने जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी जनसमस्याओं को गंभीरता से सुना। ग्रामीणों ने गांव में व्याप्त सड़क, पेयजल, बिजली सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। ग्रामीणों की बातों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए उपासना मरांडी ने सभी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि धनजोड़ी गांव की सभी समस्याओं को संबंधित विभागों तक पहुंचाकर त्वरित समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि झामुमो की सरकार की प्राथमिकता है कि विकास की योजनाएं गांव-गांव तक पहुंचें और आम जनता को इसका सीधा लाभ मिले। इस अवसर पर उपासना मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पेंशन, बिजली-पानी और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान अखलाकुर रहमान, मो. राजू, मो. अहमद, प्रधान सहित कई झामुमो कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# अयोध्या में राम जन्मभूमि की सुरक्षा में सेंध! नमाज की कोशिश, पकड़े जाने पर लगाए नारे, 3 हिरासत में



अयोध्या में राम जन्मभूमि परिसर में प्रवेश करने और शनिवार को नमाज अदा करने का प्रयास करने के बाद एक चौंकाने वाली घटना और कथित तौर पर सुरक्षा में बड़ी चूक में तीन लोगों को हिरासत में लिया गया, जिनमें एक युवती भी शामिल थी। इस घटना के बाद परिसर में तैनात सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत कार्रवाई की। अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कश्मीर निवासी होने का दावा करने वाले दो युवकों और एक महिला के इस समूह ने डी1 गेट से राम मंदिर परिसर में प्रवेश किया।

# लायंस वर्ल्ड हंगर सर्विस वीक के तहत लायंस क्लब का व्यापक सेवा अभियान, जरूरतमंदों व मरीजों के बीच हुआ भोजन वितरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मधुपुर, देवघर, झारखंडः-** लायंस वर्ल्ड हंगर सर्विस वीक के अंतर्गत लायंस क्लब के सदस्यों द्वारा समाजसेवा की भावना के साथ व्यापक स्तर पर सेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस सेवा सप्ताह का मुख्य उद्देश्य समाज के जरूरतमंद एवं वंचित वर्गों तक भोजन पहुँचाकर भूख के विरुद्ध जागरूकता फैलाना और उन्हें सहायता प्रदान करना रहा। इस क्रम में दोपहर के समय शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 38 जरूरतमंद लोगों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया गया, जिससे उन्हें दैनिक जीवन में राहत मिल सके। इसके पश्चात संध्या में मधुपुर रेफरल अस्पताल में उपचाररत लगभग 23 मरीजों के बीच ताज़ा एवं पौष्टिक भोजन का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य से मरीजों के साथ-साथ उनके परिजनों को भी सहयोग एवं संबल प्राप्त हुआ। इसी सेवा भावना को आगे बढ़ाते हुए रात्रि में एक जरूरतमंद बस्ती में जाकर सूखा भोजन (ड्राई फूड) का वितरण किया गया, ताकि रात्रि के समय कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए। लायंस क्लब का यह प्रयास समाज में मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय पहल साबित हुआ। इस अवसर पर क्लब के सचिव लायन विजय आनंद लछीरामका ने कहा कि लायंस क्लब सदैव मानव सेवा को अपना सर्वोच्च उद्देश्य मानता है। लायंस वर्ल्ड हंगर सर्विस वीक के माध्यम से जरूरतमंदों तक भोजन पहुँचाना क्लब की प्राथमिकता है और भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्य निरंतर एवं और अधिक व्यापक रूप में किए जाते रहेंगे। इस सेवा कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के अध्यक्ष लायन प्रेम पाठक, कोषाध्यक्ष लायन रामानुज मिश्रा,



संयुक्त सचिव लायन राजेश तिवारी, पीआरओ लायन दीपक जायसवाल तथा डिस्ट्रिक्ट लायंस क्वेस्ट के को-चेयरपर्सन लायन विनोद लछीरामका की सक्रिय सहभागिता, मार्गदर्शन एवं सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम में क्लब के अन्य सदस्यों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और सेवा कार्य को सफल बनाया।

# आरोपः पारिवारिक विवाद में जानलेवा हमला, इलाज के दौरान युवक की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** पाकुड़िया थाना क्षेत्र के सोल्ला गांव में पारिवारिक विवाद को लेकर जानलेवा हमला किए जाने का गंभीर आरोप सामने आया है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि बंगाल से आए कुछ लोगों ने जाकिर शेख पर हत्या की नीयत से हमला किया, जिसमें उसके भतीजे की इलाज के दौरान मौत हो गई। पीड़ित पक्ष द्वारा थाना में दिए गए आवेदन में आरोप लगाया गया है कि 8 जनवरी 2026 की रात करीब 7 बजे जाकिर शेख के घर के आंगन में बड़ी भीमी शफीदा बीबी के पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडा, लोहे की रॉड, चेन व अन्य हथियारों से हमला किया। आरोप है कि हमलावरों की संख्या करीब एक दर्जन थी, जिनमें कई नामजद एवं कुछ अज्ञात लोग शामिल थे। आवेदन के अनुसार, हमले के दौरान जाकिर शेख को जान से मारने की नीयत से बेरहमी से पीटा गया। बीच-बचाव करने पहुंचे भतीजा इयार मोहम्मद शेख एवं अन्य परिजनों पर भी हमला किया गया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी मौके पर तीन मोटरसाइकिल छोड़कर फरार हो गए, जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया। घायल इयार मोहम्मद शेख को इलाज के लिए पश्चिम बंगाल के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान 9 जनवरी 2026 को दोपहर करीब 2 बजे उसकी मौत हो गई। मामले को लेकर पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पाकुड़िया थाना में कांड संख्या 02/ 2026, दिनांक 09.01.2026, धारा 126/ 115(2)/117(2)/ 109/ 103/ 3(5) बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

**इस मामले के प्राथमिकी अभियुक्त**

1. मोहिरूद्दीन मोल्ला (59 वर्ष), पिता-खोसजन मोल्ला एवं
2. रुमायुंन मोल्ला (29 वर्ष), पिता-मोहिरूद्दीन मोल्ला,

दोनों निवासी हरियोका, थाना नलहाटी, जिला बीरभूम (पश्चिम बंगाल) को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय, पाकुड़ में उपस्थापन हेतु भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है तथा अन्य नामजद एवं अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली आपूर्ति स्थापित करने को लेकर उपविकास आयुक्त ने किया समीक्षा बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त रिया सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली आपूर्ति एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त द्वारा जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली कनेक्शन की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस क्रम में उन्होंने बिजली विभाग के संबंधित अभियंता को निर्देश दिया कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में आगामी 15 दिनों के भीतर विद्युत कनेक्शन स्थापित करना सुनिश्चित करें। साथ ही, आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली कनेक्शन की स्थापना से संबंधित सीडीपीओ एवं बिजली विभाग के अभियंता द्वारा संयुक्त प्रतिवेदन निर्धारित समय सीमा के भीतर समर्पित करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त, उप विकास आयुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि




आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय निर्माण एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्यों की प्रगति में तेजी लाते हुए समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण करें तथा इसकी प्रगति रिपोर्ट समर्पित करें। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता बच्चों एवं माताओं के स्वास्थ्य, पोषण एवं प्रारंभिक शिक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। बैठक में उप विकास आयुक्त रिया सिंह के अलावे समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षिकाएं सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# पंचायतीराज व ग्रामीण विकास को लेकर डिप्टी सीएम से मिले प्रधान संघ के प्रदेश अध्यक्ष




**भदोही।** ग्रामीण सत्ता पंचायतीराज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से शिष्टाचार भेंट कर पंचायतीराज व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण एवं ग्रामीण विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। यह संवाद सकारात्मक, सार्थक और दूरदर्शी रहा। भेंट के दौरान प्रदेश के समग्र विकास तथा पंचायतों को और अधिक सशक्त बनाने के लिए संगठन की प्रतिबद्धता को दोहराया गया। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। प्रदेश मीडिया प्रभारी राजमणि पांडेय ने बताया कि प्रधान संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने उपमुख्यमंत्री के समक्ष ग्राम प्रधानों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को प्रमुखता से रखा, जिस पर डिप्टी सीएम ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए समाधान का भरोसा दिलाया।

# समाधान दिवस का आयोजन:एसडीएम की उपस्थिति में 7 शिकायतें दर्ज, निस्तारण का आश्वासन



**मोहम्मदी खीरी।** मोहम्मदी थाने में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसडीएम, पुलिस क्षेत्रा अधिकारी अरुण कुमार सिंह और पंचायती राज सभापति लोकेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे।समाधान दिवस में कुल सात शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से एक शिकायत पुलिस विभाग से संबंधित थी, जबकि छह शिकायतें राजस्व विभाग से जुड़ी थीं।कन्यवती निवासी पटना ने जल निकासी की समस्या दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि पिछले डेढ़ वर्ष से यह समस्या बनी हुई है और दो बार शिकायत करने के बावजूद इसका समाधान नहीं हुआ है।एसडीएम ने इस समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। कमलेश कुमार राजेश ने भी राजस्व विभाग से संबंधित एक समस्या प्रस्तुत की। एसडीएम चलुव राजु आर ने बताया कि सभी शिकायतों को गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को मौके पर भेजा गया है और उनका जल्द समाधान किया जाएगा।इस दौरान लेखपाल टीम, पुलिस टीम और राजस्व विभाग की टीम मौजूद रही। नगर पालिका अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा और नगर पालिका अधिशासी अधिकारी भी उपस्थित थे।

# अलोदिया ग्राम में कर्पूरी जयंती की तैयारी को लेकर आवश्यक बैठक हुई आयोजित, 31 जनवरी को होगा भव्य आयोजन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चंदवा, झारखंडः-** चंदवा प्रखंड के अलोदिया ग्राम में बीते शनिवार को कर्पूरी जयंती के आयोजन को लेकर एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अर्जुन ठाकुर ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष कर्पूरी जयंती 31 जनवरी, दिन शनिवार को पूरे हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाई जाएगी। बैठक में यह भी तय किया गया कि कर्पूरी जयंती के अवसर पर मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सामाजिक समरसता, शिक्षा और कर्पूरी ठाकुर के विचारों पर चर्चा की जाएगी। वक्ताओं ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर का जीवन संघर्ष, सामाजिक न्याय और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए प्रेरणास्रोत है, इसलिए उनकी जयंती को केवल औपचारिकता नहीं बल्कि सामाजिक जागरूकता के रूप में मनाया जाना चाहिए। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, जिम्मेदारियों का बंटवारा और आयोजन को सफल बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। आयोजन को भव्य और अनुशासित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। इस बैठक में प्रखंड अध्यक्ष अरुण ठाकुर, जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप ठाकुर, प्रधान सलाहकार बैजनाथ ठाकुर, कोसा अध्यक्ष राजू ठाकुर, उपेंद्र ठाकुर, अर्जुन ठाकुर, द्वारिका ठाकुर, विनोद ठाकुर, रविकांत ठाकुर, निरंजन ठाकुर, भोला ठाकुर, विकास ठाकुर, संतोष ठाकुर, रामचंद्र ठाकुर, अभिमन्यु ठाकुर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। अंत में अध्यक्ष अर्जुन ठाकुर ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपसी सहयोग और एकजुटता से कर्पूरी जयंती का आयोजन ऐतिहासिक बनाया जाएगा।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़िया में लगा प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला

● स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ आमजनों तक पहुंचाने को हेमंत सरकार संकल्पित : प्रो. स्टीफन मरांडी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** शनिवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर, पाकुड़िया में किया गया। मेले का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि महेशपुर विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. स्टीफन मरांडी, केंद्रीय कमेटी सदस्य उपासना मरांडी, जिला उपाध्यक्ष हरीवंश चौबे, जिला परिषद अध्यक्ष जुली हेमब्रोम, सांसद प्रतिनिधि खुर्शीद आलम, प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा, सचिव मैनुद्दीन अंसारी एवं मुखिया अनीता सोरेन द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

अस्पताल प्रबंधन की ओर से गुलदस्ता भेंट कर एवं माला पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया गया। विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड सरकार के निर्देशानुसार 6 से 10 जनवरी के बीच राज्य के सभी प्रखंडों में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है और इसी क्रम में आज पाकुड़िया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में यह मेला लगाया गया है। उन्होंने कहा कि सभी प्रखंडों में स्वास्थ्य मेले का आयोजन करना झारखंड सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। केंद्रीय कमेटी सदस्य उपासना मरांडी ने कहा कि जिस प्रकार पंचायत स्तर पर जनता दरबार के माध्यम से सरकार योजनाओं का लाभ आमजनों तक पहुंचा रही है, उसी तरह स्वास्थ्य मेले के जरिए भी सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को आम जनता तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। जिला उपाध्यक्ष हरीवंश चौबे ने आमजनों से सरकार की स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं के साथ-साथ अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का भी भरपूर लाभ उठाने की अपील की। मौके पर विधायक प्रो. मरांडी सहित अन्य अतिथियों ने सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा मरीजों के बीच स्वास्थ्य किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में अस्पताल प्रभारी भरत भूषण, डॉ. मंजर आलम, विश्वजीत दास, बिनोद भगत, सुरज रविदास, मोईन आलम, बाबूरली सहित अस्पताल के कर्मचारी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# नीतीश सरकार की फिजूलखर्ची के कारण प्रत्येक बिहारी 25 हजार का कर्जदार; RJD ने कहा- खजाने की चल रही लूट

**पटना।** लालू प्रसाद की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (RJD) ने बिहार सरकार पर फिजूलखर्ची और खजाने की लूट का आरोप लगाया है। शनिवार को संयुक्त प्रेस-वार्ता में पार्टी की बिहार इकाई के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव कहा कि खजाने की लूट और फिजूलखर्ची के कारण ही बिहार पर तीन लाख करोड़ से अधिक का कर्ज है। राज्य का प्रत्येक व्यक्ति औसतन 25 हजार का कर्जदार है। चुनावी लाभ के लिए महिलाओं को दस-दस हजार रुपये दिए गए। उसकी अगली कड़ी में दो लाख रुपये दिए जाने का वादा है।

**मुख्यमंत्री रोजगार योजना पर भी उठाए सवाल-** अमल हेतु 2.70 लाख करोड़ रुपये चाहिए। वेतन में ही 1.05 लाख करोड़ जा रहे। दोनों मद मिलाकर 3.75 लाख करोड़ रुपये की आवश्यकता है, जबकि बिहार का कुल बजट तीन लाख करोड़ रुपये का ही है। ऐसे में खजाने की वास्तविक स्थिति से नागरिकों को अवगत कराने के लिए सरकार श्वेत-पत्र जारी करे। प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, अरुण कुमार यादव, प्रमोद कुमार सिन्हा, मधु मंजरी व अति-पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता उपेन्द्र चंद्रवंशी ने भी मीडिया को संबोधित किया।

**500 करोड़ खर्च करने की क्या जरूरत-** शक्ति ने कहा कि दिल्ली में अवस्थित 32 वर्ष पुराना बिहार निवास इसलिए तोड़ा जा रहा, क्योंकि उसे तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद ने बनवाया और उनके नाम का शिलापट्ट लिखा है। वह भवन अभी मजबूत ओर सुंदर है, फिर भी उसे तोड़कर 500 करोड़ से नया भवन बनाया जा रहा। यह फिजूलखर्ची और खजाने की लूट का उदाहरण है। बिहार निवास 1994 में बना था। बिहार भवन 90 वर्ष पुराना है। नीतीश कुमार का बनवाया हुआ बिहार सदन तो माचिस के डिब्बी की तरह है। प्रश्न यह कि बिहार में एजुकेशन हब का निर्माण क्यों नहीं हो रहा, जिसकी सर्वाधिक आवश्यकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### मिशन शक्ति 5.0 बालिकाओं का कराया गया खेल प्रतियोगिता का आयोजन



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत जनपद के थाना बानपुर पुलिस द्वारा जीवन शिल्प स्कूल, बानपुर के बालिकाओं हेतु स्कूल में खेल प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। खेल प्रतियोगिता में बालिकाओं द्वारा उत्सुकता के भाग लिया गया। तत्पश्चात बालिकाओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन नं. 1090, 1930 आदि से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गई। बालिकाओं को भरोसा दिलाया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या साइबर ठगी की सूचना तुरंत देने पर पुलिस पूरी गंभीरता से कार्रवाई करेगी। नारी की सुरक्षा केवल जिम्मेदारी नहीं, ललितपुर पुलिस का संकल्प है।

### लखनऊ चलो लखनऊ चलो बुन्देलखण्ड प्रभारी प्रांतीय अध्यक्ष कैलाश निषाद



**ललितपुर।** निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.संजय कुमार निषाद कैबिनेट मंत्री के आदेशानुसार दो दिवसीय भ्रमण पर आए प्रान्तीय अध्यक्ष कैलाश निषाद ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में सभी विंग के अध्यक्ष निषाद पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग की सन्देश देते हुए बताया कि सभी लोग बूथ लेविल पर संगठन को मजबूत करने का कार्य करें। अधिक से अधिक संख्या में 13 जनवरी लखनऊ चलो लखनऊ चलों का सन्देश सभी कार्यकर्ताओं को दिया। जिसमें निषाद पार्टी जिलाध्यक्ष महेश रैकवार हरपुरा, वरिष्ठ जिला महासचिव मुकेश रैकवार, संगठन अध्यक्ष काशीराम रैकवार, विधानसभा अध्यक्ष हरगोविंद रैकवार, महरौनी युवा मोर्चा अध्यक्ष पीयूष रैकवार, नगर अध्यक्ष विनोद रैकवार, ब्लॉक अध्यक्ष शिवराज रैकवार, सचिव सुनील रैकवार, जगदीश केवट, नगर मीडिया प्रभारी पूजा रैकवार, झांसी अरूण निषाद, चित्रकूट अनीता रैकवार, तालपुरा झांसी भीकम रैकवार, भकतू अमित कश्यप, रितिक रैकवार, भकतू निषाद, सुरेन्द्र रैकवार, रमेश, कमलेश, राजेश, दशरथ, धनवीर सैकड़ों की संख्या में निषाद पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### जी राम जी को लेकर सांसद ने दी जानकारी



**ललितपुर।** भाजपा शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर चल रहे कार्यक्रमों में सांसद अनुराग शर्मा ने वी.बी.जी. राम जी अधिनियम को लेकर पत्रकारों के उत्तर दिए। शुरुआत में जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने पत्रकारों को इसके अन्तर्गत में गांवों से शहरों तक चलने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। सांसद ने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, इसके लक्ष्यों और ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार सृजन हेतु बनाई गई भावी रणनीति के बारे में बताया। कहा कि यह अधिनियम विकसित भारत संकल्प के लिए बना है। इसमें रोजगार, खेती वाले दिनों को लेकर व्यवस्थित रूप दिया गया है। इसमें चार अनुबंधों जल सुरक्षा, ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका सम्पत्ति और जलवायु संरक्षण को लेकर ही सारे काम कराने का संकल्प लिया है। किसानों को सुरक्षा गारंटी के साथ साठ दिनों की अतिरिक्त रोजगार गारंटी की व्यवस्था भी की गई है। बेरोजगारी भत्ता की जवाबदेही तय की गई है कि अगर मांग के अनुरूप पन्द्रह दिन तक काम नहीं मिलता तो तय समय सीमा में बेरोजगारी भत्ता प्रदान किया जायेगा। इसके अलावा अब अगर सात दिनों तक भत्ता नहीं मिलता तो ब्याज सहित भत्ता दिया जाएगा तथा जवाबदेही और पारदर्शिता को स्पष्ट रखा जायेगा। इस दौरान सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, राज्यमंत्री मनोहरलाल के अलावा अनेकों भाजपाई मौजूद रहे।

# पैंतालीस दिनों तक राष्ट्रव्यापी आंदोलन चलाएगी कांग्रेस

**● उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर मनरेगा बचाओ संग्राम शुरू**

**जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रेस वार्ता कर पत्रकारों को जानकारी दी**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने केन्द्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलने और उसकी मूल भावना को कमजोर करने के प्रयासों के खिलाफ मनरेगा बचाओ संग्राम की शुरुआत की है। यह आंदोलन महात्मा गांधी के नाम, संविधान प्रदत्त रोजगार के अधिकार और करोड़ों गरीब-मजदूर परिवारों के हितों की रक्षा के लिए चलाया जा रहा है। राहुल गांधी के निर्देश राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं विशेषज्ञ अध्यक्ष बार रूम कांग्रेस पं.संजय दीक्षित के आदेशानुसार जिला समन्वयक सरदार जसपाल सिंह बंटी ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत की जीवनरेखा है। इसका नाम बदलना महात्मा गांधी के विचारों का अपमान और गरीबों के रोजगार पर सीधा हमला है। आंदोलन के चार बिंदु है जिसमें हर परिवार को न्यूनतम 100 दिनों के काम की कानूनी गारंटी मिलती थी अब इसमें कोई भी गारंटी नहीं है। हर गांव में काम की कानूनी गारंटी मिलती थी और गांव में ही रोजगार मिलता था अब यह सब नहीं है, पहले पूरे साल मजदूर अपने पंचायत में ग्राम पंचायत अधिकारी प्रधान रोजगार के लिए आवेदन कर सकता था, अब यह नहीं है पहले कानूनी न्यूनतम मजदूरी की गारंटी दी गई थी, अब या मनमानी ढंग से चलाया जाएगा। पहले आपको पंचायत के माध्यम से आपके गांव के विकास के लिए योजनाएं बनती थी, अब यह नहीं है क्योंकि यह सरकार ऊपर से योजनाएं बनाकर ठेकेदारी प्रथा से काम कराएगी जो इसकी मूल भावना थी मनरेगा की कि मजदूरों को गांव में ही काम दिया जाए। आज वह समाप्त हो गया है गांव में पहले मनरेगा का मैच रोजगार सहायक का सहयोग मिलता था, अब यह सब समाप्त हो जाएगा। पहले मजदूरी का 100 प्रतिशत भुगतान केन्द्र सरकार करती थी और राज्य सरकार इसकी कोई चिंता नहीं करती थी, वह केवल क्रियान्वयन करती थी, अब 60 प्रतिशत केन्द्र सरकार और 40 प्रतिशत राज्य सरकार बहन करेगी, राज्य सरकारों की अधिकतर योजनाएं पैसे ना होने के कारण लटकी रहती थी। अब किस तरह मजदूरों को काम मिलेगा, यह बड़ा प्रश्न खड़ा हो गया है। यह सरकार मनरेगा को खत्म कर अधिकार छीनने में लग गई है और ठेकेदारों के माध्यम से पूंजी पति को बढ़ावा देकर और गरीब को और गरीब बना रही है। विकास अब गांव में आंकड़ों की बाजीगरी में दिखाई देगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने कहा कि मनरेगा अपने काम करने की संवैधानिक अधिकार को सुनिश्चित करता था गरीबों को पलायन नहीं करना पड़ता था और गांव में ही रोजगार की सुविधा मुहैया कराया जाता था। जैसा कि राजीव गांधी ने पंचायती राज लाकर गांव के विकास गांव में ही करने के लिए योजना बनाने के लिए पंचायत को अधिकार दिए थे, अब यह योजनाएं ऊपर से थोपी जाएगी। आंदोलन के प्रमुख बिंदुओं में जिला व ब्लॉक स्तर पर धरना-प्रदर्शन और जनसभाएं, गांधी प्रतिमाओं पर शांतिपूर्ण विरोध, ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल व जनसंवाद कार्यक्रम, केन्द्र सरकार के फैसले के खिलाफ ज्ञापन सौंपना है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने स्पष्ट किया है कि जब तक मनरेगा का नाम और उसका अधिकार-आधारित स्वरूप सुरक्षित नहीं किया जाता, तब तक यह संघर्ष पूरे प्रदेश में लगातार जारी रहेगा। विरोध का कारण केन्द्र सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलकर विकसित भारत गारण्टी फॉर रोजगार एण्ड आजीविकास मिशन ग्रामीण यानी व्ही.बी. जी.राम.जी करने का प्रस्ताव रखा था और नया कानून लाया गया है। कांग्रेस का कहना है कि इससे न केवल मनरेगा का नाम बदल रहा है बल्कि उसकी मूल भावना एवं अधिकार आधारित स्वरुप कमजोर हो जाएगा। कांग्रेस का विरोध कांग्रेस ने मनरेगा बचाओ संग्राम नाम से 45 दिनों का राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू करने का ऐलान किया है, जिसमें जनपद स्तर पर धरने-प्रदर्शन, उपवास, चौपालें और प्रदर्शन शामिल हैं। पार्टी ने सभी (राज्य कांग्रेस समितियों) को जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन आयोजित करने का निर्देश दिया। प्रियंका गांधी व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने कहा है कि मनरेगा के नाम से महात्मा गांधी का नाम हटाना अनुचित और उसकी विरासत के प्रति असम्मान उत्तर प्रदेश सहित कई जिलों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी की तस्वीरें लेकर, गांधी प्रतिमाओं के पास विरोध प्रदर्शन किए हैं और प्रदर्शन करने का कार्यक्रम बनाया है। यूपी कांग्रेस कमेटी ने डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनेटर नियुक्त कर मनरेगा बचाओ अभियान को संघठनात्मक रूप से चलाने की भी तैयारी की है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष पंकज हुण्डैत, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश रजक आदि शामिल थे।

# टीवीएस 11 पर भारी पड़ी हैमर जिम 11

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** सागर एंड हैमर जिम स्लिमिंग सेंटर द्वारा स्पोर्ट स्टेडियम ललितपुर में आयोजित तीन मैचों की श्रृंखला टीवीएस हैमर जिम कप के फाइनल मुकाबले में हैमर जिम 11 ने टीवीएस 11 को करारी शिकस्त देकर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया फाइनल मुकाबले में योगेंद्र यादव ने टॉस जीतकर टीवीएस 11 को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया टीवीएस 11 की शुरुआती बल्लेबाजों ने काफी निराशाजनक प्रदर्शन किया एक समय ऐसा लग रहा था की टीम 120 रन भी नहीं बना पाएगी। लेकिन अंतिम ओवरों में टीवीएस 11 के बल्लेबाज जितेंद्र कुमार 31 रन 24 बॉल और हसन अली 35 रन 23 बॉल ने टीम को 145 रनों के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया. हैमर जिम 11 की तरफ से दीपेंद्र पुरोहित ने एक बार फिर शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 16 रन देकर दो विकेट हासिल किया एवं अभिषेक राजपूत ने चार ओवर में 23 रन देकर दो विकेट प्राप्त किये विभाशु तिवारी ने भी तीन ओवर में 31 रन देकर दो विकेट प्राप्त किये. 146 रन का पीछा करते हुए हैमर जिम 11 की तरफ से शानदार शुरुआत हुई जिसमें अमित कुशवाहा ( मुटरू) ने 61 रन 54 बॉल एवं कप्तान योगेंद्र यादव ने 44 रन 31 बॉल के साथ पहले विकेट के लिए शानदार 94 रन की साझेदारी करके मैच टीवीएस 11 की पकड़ से दूर करते हुए अपनी टीम को जीत के करीब ला दिया और दीपेंद्र पुरोहित 14 रन 11 बॉल एवं उप कप्तान रविराज चौहान 14 रन 10 बॉल की पारी ने हैमर जिम 11 को जीत दिलाई टीवीएस 11 की तरफ से एकमात्र सफल गेंदबाज हिमांशु सराफ रहे जिन्होंने चार ओवरों में 23 रन देकर 3 सफलता हासिल की इस प्रकार हैमर जिम ने फाइनल मुकाबले में 7 विकेट से जीत दर्ज की. इस मैच का मैन ऑफ द मैच अमित कुशवाहा ( मुटरू) को प्रदान किया गया. एवं मैन ऑफ द सीरीज दीपेंद्र पुरोहित के नाम रही इस अवसर पर मुख्य अतिथि लायंस क्लब इंटरनेशनल- मंडल अध्यक्ष सन्मति सराफ ने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की. विशेष अतिथियों में द्धद्धद्ध ला. रविंद्र आलिया जी (L. C. I. F CO- ORDINATOR) लायंस क्लब बुंदेलखंड यूनाइटेड के अध्यक्ष और टीवीएस के ओनर हेमंत जैन,सागर फ्लेक्स के ओनर सुधीर मिश्रा,हैमर जिम के ओनर अभिषेक पुरोहित, जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव बृज बिहारी मिश्रा, एडवोकेट मनोज खटीक्र अविरल जैन, रोहित जैन शिवाजी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे.अंत में जिला क्रिकेट एसोसिएसन के अध्यक्ष एवं टीवीएस 11 के कप्तान श्री शत्रुघ्न यादव जी ने सभी का आभार प्रकट किया।

# चंदेरी रेल लाइन का फाइनल लोकेशन सर्वे अंतिम चरण में

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** चंदेरी के रास्ते पिपरई गांव एवं ललितपुर को जोड़ने वाली 80 किलोमीटर नई रेलवे लाइन जिसका फाइनल लोकेशन सर्वे अपने अंतिम स्तर पर पहुंच चुका है। इसमें प्राप्त जानकारी जो रेलवे मंत्रालय तथा पश्चिम मध्य रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के माध्यम से प्राप्त हुई है, उसके तहत चंदेरी के रास्ते पिपरई गांव एवं ललितपुर को जोड़ने वाली रेल लाइन की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) फरवरी 2026 में रेलवे बोर्ड रेल मंत्रालय को प्रस्तुत कर दी जावेगी, इसके पश्चात भारत सरकार की मंत्रिपरिषद द्वारा इस नई रेलवे लाइन की स्वीकृति मिल जाने के पश्चात निर्माण राशि मंजूर हो जाएगी और बहु प्रतीक्षित यह नई रेलवे लाइन क्षेत्र को एक नई सौगात के रूप में प्राप्त हो जाएगी। चंदेरी के रास्ते पिपरई गांव एवं ललितपुर को जोड़ने वाली 80 किलोमीटर नई रेलवे लाइन के लिए 27 नवंबर 2024 को रेलवे बोर्ड रेल मंत्रालय द्वारा इसके फाइनल लोकेशन सर्वे हेतु 2 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत कर आदेश जारी किया था जिसके पश्चात टेंडर आदि की प्रक्रिया संपन्न हुई और बीपीसी कंसलटेंट प्राइवेट लिमिटेड कोलकाता को फाइनल लोकेशन सर्वे के लिए अधिकृत किया गया, जिसके द्वारा चंदेरी के रास्ते पिपरई गांव एवं ललितपुर के संपूर्ण रेल मार्ग पर सेंट्रल लाइन पिलर्स की स्थापना कर दी गई और इसका ज्योग्राफीकल सर्वे, तथा लेजर सर्वे आधुनिक तकनीक और उपकरणों के माध्यम से संपन्न कर दिया गया है। इस नई रेलवे लाइन के एलाइनमेंट,ब्रिज एवं ग्रेडियंट आदि का आकलन रेलवे मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कर दिया गया है और निकट भविष्य में रेलवे मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी संपूर्ण रेलवे लाइन की ग्राउंड निरीक्षण के लिए पधार रहे हैं और इसके पश्चात विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर रेल मंत्रालय भारत सरकार को प्रस्तुत कर दी जायेगी। अशोकनगर गुना शिवपुरी संसदीय क्षेत्र के माननीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा सांसद अनुराग शर्मा का चंदेरी रेल लाइन की स्वीकृति कराने में महत्वपूर्ण भूमिकाएं अदा की है, जिससे अब शीघ्र ही गुना शिवपुरी अशोक नगर संसदीय क्षेत्र तथा झांसी ललितपुर संसदीय क्षेत्र को एक नई रेलवे लाइन की सौगात मिलने जा रही है।

# न्याय के प्रहरियों ने निभाया सामाजिक दायित्व

**● दुनातर धाम और मरौली में आदिवासियों को बांटे कंबल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** वकील केवल न्यायालय के भीतर ही नहीं, बल्कि समाज के बीच रहकर भी राष्ट्र निर्माण और सेवा का कार्य करता है। इसी भावना के साथ अधिवक्ताओं के एक समूह ने श्रीश्री 1008 शिव मंदिर दुनातर धाम, चंदावली व ग्राम मरौली पर एक प्रेरणादायक पहल की। भीषण शीतलहर को देखते हुए यहां आसपास के क्षेत्रों के असहाय आदिवासी परिवारों को गर्म कंबल वितरित किए गए।

**समाज निर्माण में भूमिका**

कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ताओं ने स्पष्ट किया कि कानूनी पेशा केवल मुकदमों तक सीमित नहीं है। अधिवक्ता हरदयाल सिंह लोधी ने कहा कि अधिवक्ता समाज का सबसे सजग प्रहरी होता है। हमारा कर्तव्य केवल अदालत में न्याय दिलाना नहीं, बल्कि समाज के उस अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना भी है जो अभावों में जी रहा है। आज का यह प्रयास उसी सामाजिक जिम्मेदारी का एक हिस्सा है। एडवोकेट पुष्पेंद्र सिंह चौहान (पैनल अधिवक्ता, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण) ने बताया कि कचहरी से बाहर भी अधिवक्ता एक मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है। आदिवासियों और वंचितों की सेवा करना हमें जमीनी हकीकत से जोड़ता है और हमें समाज निर्माण के प्रति अधिक संवेदनशील बनाता है। ग्रामीण अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अधिवक्ता कमलेश लोधी मरौली ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ठंड की ठिठुरन किसी के लिए जानलेवा न बने, इसके लिए हम सभी को एकजुट होकर आगे आना चाहिए। अधिवक्ता वर्ग हमेशा से ही सामाजिक परिवर्तन का संवाहक रहा है। इस पुनीत कार्य में जिला बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री महेंद्र जैन ने अपनी उपस्थिति से उत्साहवर्धन किया। साथ ही अधिवक्ता समूह से एड.आकाश झा, एड. विकास झा, एड. मुकेश लोधी, एड. के.के. विश्वकर्मा, एड. प्राण सिंह, एवं एड. दीपक यादव ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए वितरण कार्य संपन्न कराया। ग्रामीण क्षेत्र से उत्तम सिंह, वृषभान सिंह, ग्राम प्रधान नेकपाल, विनोद, रामेश्वर, रघुवीर पंडा, घनश्याम, और राम सिंह आनंद भी इस अवसर पर मौजूद रहे, जिन्होंने अधिवक्ताओं के इस मानवीय दृष्टिकोण की मुक्त कंठ से सराहना की।

**कचहरी से जनमानस तक**

यह आयोजन इस बात का प्रमाण है कि काला कोट पहनने वाले ये न्यायविद कानून की बारीकियों के साथ-साथ मानवीय संवेदनाओं को भी बखूबी समझते हैं। दुनातर धाम के आध्यात्मिक वातावरण में हुआ यह कंबल वितरण न केवल एक चैरिटी थी, बल्कि समाज के प्रति अधिवक्ताओं की अटूट प्रतिबद्धता का परिचायक भी था।

# सुरक्षा का विश्वास, पुलिस का प्रयास मिशन शक्ति 5.0

**● मिशन शक्ति 5.0, ललितपुर पुलिस द्वारा चलाया गया जागरुकता अभियान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अन्तर्गत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद ललितपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के अन्तर्गत जिले के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गांव-गांव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। विशेष रूप से यह स्पष्ट किया गया कि साइबर अपराधी डर और लालच का सहारा लेते हैं, ऐसे में किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या ओटीपी साझा न करने की सलाह दी गई। मिशन शक्ति टीम द्वारा आपात सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनके त्वरित उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया कि 112 आपातकालीन सेवा, 1090/1091 महिला सुरक्षा हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की जानकारी दी। मिशन शक्ति की टीमों द्वारा उपस्थित जनसमूह को यह भरोसा दिलाया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या साइबर ठगी की सूचना तुरंत देने पर पुलिस पूरी गंभीरता से कार्रवाई करेगी। नारी की सुरक्षा केवल जिम्मेदारी नहीं, ललितपुर पुलिस का संकल्प है।

# हरिजन बस्ती तक पक्की सड़क की मांग, जिलाधिकारी से ग्रामीणों ने लगाई गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महरौनी।** तहसील महरौनी अंतर्गत ग्राम पंचायत कुढ़ेड़ी की हरिजन आबादी को वर्षो से आवागमन की समस्या से जूझना पड़ रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी ललितपुर को प्रार्थना पत्र सौंपकर हरिजन बस्ती तक पक्की सीसी रोड बनाए जाने की मांग की है। प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया गया है कि ग्राम पंचायत की आराजी संख्या 1602/1, 1602/2, 1603/अभि, 1602/2/2 आदि आपस में जुड़ी हुई हैं, जिनमें पंचायत एवं काश्तकारों की भूमि सम्मिलित है। इन्हीं खेतों के बीच से होकर सड़क से हरिजन बस्ती तक लगभग 40 वर्षो से कच्चा रास्ता चला आ रहा है। नाले पर पुल का निर्माण भी किया गया है, जिससे होकर बस्ती के लोग आवागमन करते हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत द्वारा सड़क से मजरों तक जोड़ने की मुहिम के तहत सीसी रोड निर्माण का कार्य शुरू किया गया,जिसका शिलान्यास उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री मनोहर लाल पंथ के कर कमलों द्वारा किया गया था, तत्पश्चात पंचायत द्वारा सीसी सड़क निर्माण के लिए कार्य प्रारंभ कर मिट्टी - गिट्टी डाल दी गई थी, लेकिन काश्तकारों द्वारा बनाए जा रहे सीसी रोड को रोक दिया जा रहा है, जिससे कार्य बाधित हो रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मामले में हस्तक्षेप कर निर्माण कार्य को पूर्ण कराया जाए, ताकि हरिजन बस्ती के लोगों को स्थायी रूप से पक्की सड़क की सुविधा मिल सके और वर्षो पुरानी समस्या का समाधान हो। प्रार्थना पत्र पर ग्राम पंचायत कुढ़ेड़ी की समस्त हरिजन बस्ती के निवासियों के हस्ताक्षर दर्ज हैं। ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन शीघ्र संज्ञान लेकर न्यायोचित कार्रवाई करेगा।

## एबीवीपी का युवा कुंभ महोत्सव महरौनी में शुरू, 24 जनवरी तक होंगे विविध कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महरौनी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) कानपुर प्रांत के जिला ललितपुर की नगर इकाई महरौनी द्वारा स्वामी विवेकानंद जन्मोत्सव राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर युवा कुंभ महोत्सव का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन श्री चंद्रभानु गुप्त इंटर कॉलेज में स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन के साथ हुआ। यह राष्ट्रीय युवा कुंभ 11 जनवरी से 24 जनवरी 2026 तक विभिन्न स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। महोत्सव के अंतर्गत युवाओं के शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक व सांस्कृतिक विकास को ध्यान में रखते हुए परिषद की पाठशाला, संगोष्ठी, नेकी की दीवार, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य शिविर, सह-भोज, अन्ना पशु सेवा, स्वच्छता अभियान, खेल व निबंध प्रतियोगिता, रन फार विवेकानंद, चित्रकला/मेहंदी प्रतियोगिता, खेल महोत्सव एवं ओपन माइक जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे।

नगर मंत्री ओमकार सिंह ने युवाओं से नशे व कुसंगति से दूर रहकर खेल और शिक्षा दोनों पर समान ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वस्थ, शिक्षित और अनुशासित युवा ही राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव रखते हैं। कार्यक्रम में तहसील प्रमुख आजाद सिंह चौहान, नगर अध्यक्ष प्रखर खरे, उपाध्यक्ष रिया सोनी, नगर मंत्री ओमकार सिंह, नितिन राजा, अभिषेक पटेरिया, रोहन, अजय राजा, लकी बुंदेला, आयुष लखेरा, शुभम श्रीवास्तव, लक्ष्मी कुशवाहा, खुशबू पुरोहित, संतोषी अहिरवार, नीति राजा, क्रांति झां, मुस्कान बुंदेला, संस्कृति सोनी, सोम्याता सोनी सहित विद्यालय के अध्यापक एवं अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कटरा बाजार में सार्वजनिक शौचालय विधिवत हुआ संचालित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ललितपुर।** शहर के प्रमुख बाजार कटरा बाजार में लम्बे समय से महिलाओं व पुरुषों को लघुशंका करने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इस परेशानी को समझते हुये नपाध्यक्ष सोनाली जैन द्वारा कटरा बाजार में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया है। इस सार्वजनिक शौचालय के निर्माण से यहां के दुकानदार, आने वाले लोगों को लाभ मिल सकेगा। इस सार्वजनिक शौचालय का आज विधिवत संचालन शुरू हो गया है। इस दौरान सराफा एसोशियेशन के अध्यक्ष मनोज सोनी मज्जू ने कहा कि जिले भर के सुदूर ग्रामीण अंचलों से आने वाले ग्रामीणों, शहर क्षेत्र से आने वाले लोगों को लघुशंका व दीर्घ शंका से निजात पाने के लिए कटरा बाजार में संसाधन उपलब्ध नहीं थे। मशीनरी लाइन में एक पेशाबघर है, लेकिन संख्या में मात्र एक होने के चलते व्यस्त रहता था, जिस कारण लोग यहां-वहां लघुशंका करने के लिए बैठ जाते थे, जिससे लोगों को शर्मिंदगी उठानी पड़ती थी, लेकिन अब सार्वजनिक शौचालय का लाभ मिल सकेगा। पार्षद अफजुल रहमान ने कहा कि कटरा बाजार में सार्वजनिक शौचालय निर्माण की मांग लम्बे समय से चली आ रही थी, जिसे अब पूरा कर दिया गया है। यह सार्वजनिक शौचालय आमजन को समर्पित कर दिया गया है। इससे लोगों को लाभ मिल सकेगा। इस दौराने सराफा एसोशियेशन अध्यक्ष मज्जू सोनी, पार्षद अफजुल रहमान, विद्याकांत मालवीय, विजय शर्मा कुक्कन, राजीव चौबे, मकरंद किलेदार, गौरव जैन, हेड सुपरवाइजर संजू कप्तान के अलावा स्वास्थ्य नायक व अन्य लोग मौजूद रहे।

# महिला व उसकी पुत्री पर हमला, पुत्री घायल

**●पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** घर में अकेली महिला के साथ दबंगों ने गालियां दीं और विरोध करने पर मारपीट कर दी। इतना ही नहीं बचाने आयी उसकी पुत्री के साथ भी मारपीट करते हुये उसे घायल कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। शहर क्षेत्र के मोहल्ला सदन शाह नई तहसील के पीछे रहने वाली अमीना पत्नी जाविद ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 9 जनवरी को शाम करीब 4 बजे वह अपने घर पर थी। तभी सदन शाह निवासी लकी पुत्र फीरोज, सलमान पुत्र नवाब व पप्पू नाम के युवक उसके घर एक राय होकर आये और उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। चीख-पुकार सुनकर उसका पुत्र अजमेरी, पुत्री शबनम आयी तो उक्त लोगों ने उसके साथ भी मारपीट कर दी, जिससे उसकी पुत्री के मुंह में चोट लगी। इसके बाद उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। आरोप है कि उसका पुत्र अजमेरी इसके पहले उक्त लकी की 5 वर्षीय पुत्री को छोड़ने उसके घर गया हुआ था, जहां उक्त लोगों ने गालियां दीं और उसके परिवार से रंजिश रखते हैं, जिसके चलते आये दिन उसके साथ गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देते हैं। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## युवा महोत्सव सौजना 2026: बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में सौजना टीम बनी विजेता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महरौनी।** महरौनी तहसील अंतर्गत ग्राम सौजना में आयोजित युवा महोत्सव सौजना 2026 के अंतिम दिन आयोजित बालिका कबड्डी प्रतियोगिता उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ अतुल, अखलेश्वर श्रीवास्तव, सुजान सिंह बोवी राजा द्वारा फीता काटकर किया गया। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला नैकोरा और कुसमाड़ के मध्य खेला गया, जिसमें नैकोरा टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय हासिल की। दूसरा मुकाबला सौजना और गोना के बीच हुआ, जिसमें सौजना टीम विजयी रही। इसके पश्चात फाइनल मुकाबला सौजना और नैकोरा के मध्य खेला गया, जिसमें कड़े संघर्ष के बाद सौजना टीम ने जीत दर्ज कर विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि नैकोरा टीम उपविजेता रही। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता में विजयी और उपविजेता टीमों को आगामी 12 जनवरी को युवा दिवस के अवसर पर शील्ड, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर संदीप जैन एडवोकेट, देवेंद्र रजक, मनोज राय, प्रदुम्न उपाध्याय, राहुल गोस्वामी, मुकेश जोशी, अवधेश प्रजापति, आदर्श गोस्वामी, राघव पटैरिया, द्वारिका रजक, नीरज रजक सहित गांव के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### कानपुर के बंद पड़े अस्पताल शीघ्र चालू किए जाएंगे - मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



**कानपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी सलिल विश्नोई ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और उन्हें कानपुर की जनसमस्याओं के विषय में विस्तार से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने समस्याओं को सुना और उनको हल करने का आश्वासन दिया। कल एमएलसी सलिल विश्नोई ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर कानपुर की एक दर्जन से अधिक बंद पड़ी मिलों की जमीनों का आवासीय अथवा कमर्शियल सदुपयोग करने का निवेदन किया। कानपुर की तमाम कपड़ा मिलें जो कई दशकों से बंद पड़ी हैं और उनका कोई उपयोग नहीं हो पा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से कानपुर के सिविल लाइंस स्थित मेकराब्टस अस्पताल, चाचा नेहरू अस्पताल कोपरगंज और जागेश्वर अस्पताल गोविंद नगर को शासन स्तर से प्रयास करके चलवाने का अनुरोध किया। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि बंद पड़ी मिलो के संबंध में उन्होंने केंद्र सरकार को पत्र भेजा है। बंद पड़े अस्पतालों को चालू करने की बात पर उन्होंने विचार करने का आश्वासन दिया है।

### पुलिस आयुक्त ने स्वयं सुनीं जनसमस्याएं



**कानपुर।** दिनांक 10.01.2026 को थाना समाधान दिवस पर थाना सेनपश्चिमपारा पर पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल द्वारा स्वयं उपस्थित रहकर फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया। पुलिस आयुक्त द्वारा प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं सतत निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जनशिकायतों के निस्तारण में संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए, जिससे आम नागरिकों का पुलिस पर विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो समाधान दिवस के माध्यम से आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल रही।

### घाटमपुर सर्किल के 6 थाने प्रदेश में अव्वल




**घाटमपुर।** जनपद कानपुर नगर के घाटमपुर सर्किल के छह थानों में जनसुनवाई,,आईजीआरएस,,, पोर्टल, में आई विभिन्न शिकायतों के गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने में घाटमपुर सर्किल के छह थाने प्रदेश में अव्वल रहे हैं, वहीं पिछली बार भी छह थाने अव्वल आए थे, घाटमपुर एसीपी क्रष्ण कान्त यादव ने सभी थाना प्रभारियों को जनसुनवाई का गुणवत्तापूर्ण समय से निस्तारण करने के निर्देश देने के साथ उनकी टीम को बधाई दी है, उन्होंने कहा कि आप सभी शिकायतों का समय से निस्तारण करें, घाटमपुर एसीपी क्रष्ण कान्त यादव ने बताया कि बीतें दिसंबर माह के जनसुनवाई पोर्टल में आई विभिन्न शिकायतों के गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए घाटमपुर सर्किल क्षेत्र के घाटमपुर,रेउना,सजेती, बिधनू, साढ़,सेन पश्चिम पारा को उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान मिला है, कानपुर के घाटमपुर सर्किल क्षेत्र के छह थानों को जनसुनवाई पोर्टल में शिकायतों में मिलने वाली शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया है, जिसके चलते, घाटमपुर,रेउना, सजेती, बिधनू, साढ़, सेन पश्चिम पारा, थानों को 100 में 100 अंक पाकर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं, प्रदेश से इकडा ज़ारी होने के बाद घाटमपुर एसीपी क्रष्ण कान्त यादव ने थाना प्रभारियों,और पुलिस कर्मियों को शिकायतों का समय से निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं, इसके साथ ही उन्होंने पूरी टीम को बधाई दी है।

# दूसरी की चाहत में ही कानपुर में दफनाई गई रेशमा, प्रेमी समेत दो गये जेल, जारी अन्य की तलाश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** 7 बच्चों की मां रेशमा को भोगकर उसका मन भर गया था। इसीलिए वह दूसरी युवती को जाल में फंसा कर अब उसके साथ अपनी रातें रंगीन करना चाहता था। उसने रेशमा सें कहा कि अब वह उसके भाई की पत्नी बन जाए लेकिन रेशमा राजी नहीं है। अब जब पीछा छुडाने का कोई रास्ता नहीं बचा तो उसने जो योजना बनाई उसी के चलते वह रेशमा को सात फुट गहरे में दफन करने में सफल हो गया। लेकिन पाप तो सिर चढ़ कर बोलता है । और फिर ऐसा ही हुआ जिसके फलस्वरूप ही 10 माह से छिपा राज बाहर आ गया। पुलिस ने रेशमा हत्या कांड का खुलासा करते हुए उसके प्रेमी और साथी को जेल भेज दिया । सजेती थाने के टिकवांपुर की इस घटना में पुलिस भूमिका के आधार पर कुछ और लोगों को भी जेल भेजने की तैयारी कर रही है। लगभग पांच साल पहले सजेती थाने के गांव टिकवांपुर निवासी रामबाबू संखवार का निधन होने के चलते उसकी पत्नी सात बच्चों की मां 45 वर्षीय रेशमा पड़ोसी रामाबू के चचेरे भाई अविवाहित गोरेलाल संखवार के साथ रहने लगी थी।

इस बहुचर्चित रेशमा हत्याकांड का खुलासा तब हुआ, जब रेशमा अपने बेटे के बुलाने पर शादी में घर नहीं पहुंची। बेटा प्रेमी गोरे लाल के घर पहुंचा, तो मां नहीं मिली। जब प्रेमी गोरेलाल से पूछा तो उसने कहा- तुम्हारी मां अब कभी नहीं आएगी। इसके बाद बेटे ने शक के आधार पर प्रेमी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्रेमी को पकड़कर सख्ती से पूछताछ की, तो उसने जुर्म कबूल कर लिया। जिसके बाद एसीपी कृष्णकांत यादव ने फोर्स के साथ गांव पहुंच टावर के नीचे जमीन खोदवाई। टार्च की लाइट में 7 फीट गड्डा खोदने पर बैठी हुई स्थिति में रेशमा का कंकाल बरामद हुआ। फोरेंसिक टीम ने मौके से सबूत जुटाए। प्रेमी ने पुलिस को बताया कि हत्या के बाद वह दो दिन तक लाश छिपाने की प्लानिंग करता रहा। जगह ढूंढता रहा। पहले नहर में फेंकने की प्लानिंग की, फिर शक हुआ कि शव उतराएगा तो पहचान हो जाएगी और पकड़ा जाएगा। इसके बाद जमीन में उसने 7 फीट गहरा गड्डा खोदा और शव को दफना दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक गोरेलाल के इस बीच एक अन्य महिला से भी संबंध हो गए थे। इसीलिए वह रेशमा को छोड़कर अब उसे भोगना चाहता था ,जिसमें रेशमा बाधक बन रही थी। पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार प्रेमी गोरेलाल ने भी बताया कि मैं रेशमा के साथ नहीं रहना चाहता था। मैंने उससे कहा कि तुम मेरे भाई के साथ रिश्ते में रहो। इसका रेशमा ने विरोध किया, फिर रोज-रोज लड़ाई-झगड़ा करने लगीं। इससे छुटकारा पाने के लिए मैंने गला दबाकर रेशमा को मार डाला। इस मामले में अबतक दो को गिरफ्तार कर जेल भेजने के बाद अन्य भूमिका के आधार पर उन्हें भी जेल भेजने की तैयारी कर रही है।

### बाढ़ से कटान रोकने के लिए 4 करोड़ 67लाख 56 हजार की परियोजना स्वीकृति : विधायक श्यामधनी राही



**सिद्धार्थनगर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल एवं दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा विधानसभा क्षेत्र कपिलवस्तु अंतर्गत ग्राम पंचायत अमरिया टोला संगलदीप के सुरक्षार्थ कटाव निरोधक कार्य की परियोजना हेतु 4 करोड़ 67 लाख 56 हजार की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह जानकारी देते हुए सदर विधायक श्यामधनी राही ने बताया की यह परियोजना क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक कदम है। कटाव निरोधक कार्य पूर्ण होने के बाद ग्राम पंचायत अमरिया टोला संगलदीप सहित आसपास के क्षेत्रों को बाढ़ एवं कटाव से स्थायी सुरक्षा प्राप्त होगी, जिससे स्थानीय जनता को बड़ी राहत मिलेगी। प्रदेश सरकार जनहित एवं जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों को निरंतर गति प्रदान कर रही है।

# महाराज पुर थाना क्षेत्र के गांव में घर में घुस कर तोड़फोड़ और मारपीट की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घाटमपुर।** महाराज पुर थाना क्षेत्र के अलौलापुर गांव में शुक्रवार रात एक महिला के घर में घुसकर तोड़फोड़ और मारपीट का मामला सामने आया है, माला देवी नामक महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि एक दर्जन लोगों ने उनके घर में घुसकर महिलाओं से अभद्रता की, और जातिसूचक गालियां दी और मारपीट की, शिकायत कर्ता माला देवी पत्नी मौजीलाल ने बताया कि शुक्रवार रात वह अपनी दोनों बहुओं, जेठ, और जेठानी,के साथ घर पर थी, और महिलाएं खाना बना रही थी,इसी दौरान गांव निवासी कल्लू यादव, निखिल यादव, अंशु यादव, सहित लगभग एक दर्जन लोग उनके घर में जबरन घुस आए, आरोप है कि उन्होंने घर का दरवाजा तोड दिया,और अंदर जा कर महिलाओं के साथ बदतमीजी की,माला देवी के अनुसार आरोपियों ने महिलाओं को जाति सूचक गालियां दी, और विरोध करने पर मारपीट भी की, उन्होंने घर में रखा सामान तहस नहस कर दिया, महिला का कहना है कि घर के बाहर नाले पर एक पत्थर रखा हुआ है,जिसे हटानें को लेकर कल्लू और निखिल सहित अन्य लोगों से विवाद शुरू हुआ था,माला देवी ने यह भी आरोप लगाया है कि जब वह शिकायत दर्ज कराने थाने जाने लगीं तो, आरोपियों ने मोटरसाइकिल से उनका पीछा किया, और जान से मारने की धमकीं दी, महाराज पुर पुलिस ने बताया कि उन्हें शिकायत प्राप्त हुई है पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है , पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई, और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# दिल्ली से प्रेमिका का बच्चा किडनैप कर भागा प्रेमी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में प्रेमिका के बच्चे को लेकर भाग रहा प्रेमी पकड़ा गया,वह शादीशुदा प्रेमिका से मिलने शुक्रवार को बिहार से दिल्ली पहुंचा प्रेमिका के साथ चलने को कहा तों उसने मना कर दिया, इससे हेमंत कुमार नाराज़ हो गया,उसने महिला के एक साल के बच्चे को खिलौना दिलानें के बहाने किडनैप कर लिया,उसे अगवा कर विक्रम शिला एक्सप्रेस से भाग निकला,,इधर महिला को काफ़ी देर तक बेटा नहीं मिला तो उसने दिल्ली के कपसेरा बेस्ट थाने में हेमंत के खिलाफ अपहरण की एफआईआर दर्ज कराई, पुलिस ने सर्विलांस और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की लोकेशन की जांच की,, जांच पड़ताल में सामने आया कि आरोपी बच्चे के साथ विक्रम शिला एक्सप्रेस पर चढ़ा है, इसके बाद पुलिस ने कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर पुलिस को अलर्ट भेजा, जैसे ही ट्रेन शुक्रवार रात स्टेशन पहुंची, आरपीएफ और जीआरपी जवानों ने ट्रेन को घेर लिया, फिर तलाश के दौरान बच्चें को बरामद किया, आरपीएफ महिला सिपाही ने रो रहें बच्चे को सीने से लगा कर पुचकारा, उसे चुप कराया, फिर बच्चा सो गया,, शनिवार सुबह बच्चें की मां और परिजन कानपुर पहुंचे जहां आरपीएफ ने बच्चें को मां को सौंप दिया, कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन के आरपीएफ पोस्ट प्रभारी निरीक्षक एसएन पाटीदार, ने बताया कि शुक्रवार की रात विक्रमशिला एक्सप्रेस के स्टेशन पहुंचते ही जीआरपी और आरपीएफ की टीम ने ट्रेन को घेर लिया,,हर कोच की तलाशी ली गई, पीछे के कोच में आरोपी बच्चे के साथ बैठा हुआ मिला,, आरपीएफ को देखकर वह छिपने लगा,, फोटो पहचान लिया,,और अपनी गिरफ्त में ले लिया, आरपीएफ पोस्ट पर पूंछ ताछ के दौरान आरोपी पहले टाल-मटोल करता रहा,,जब उसे बताया गया कि उसके खिलाफ दिल्ली में अपहरण की एफआईआर दर्ज हैं,तब उसने जुर्म कबूल कर लिया, आरोपी ने बताया कि वह चाहता था कि बच्चे के अगवा होने के बाद महिला उसके पीछे-पीछे आ जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ, बच्चा भीड़भाड़ और पूंछ ताछ के दौरान अचानक रोने लगा,इस दौरान आरपीएफ की महिला सिपाही ने उसे सीने से लगाकर घंटों बहलाया और उसके लिए दूध की बोतल मंगा कर दूध पिलाया, उसका डाइपर तक चेंज किया,, इसके बाद बच्चा शांत हुआ,और उसके बाद हीटर की गर्मी मिलने के बाद महिला सिपाही की गोद में सो गया,तब जाकर आरपीएफ महिला सिपाही ने राहत की सांस ली, बच्चे की बरामदगी की सूचना मिलते ही उसकी मां,परिजन और दिल्ली पुलिस कानपुर पहुंची, शनिवार सुबह आरपीएफ ने बच्चें को उसकी मां के सुपुर्द कर दिया,उधर हेमंत कुमार को शनिवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजे जाने की कार्रवाई की जा रही है।

# गैंगरेप कांड के आरोपी दरोगा पर 50 हजार का इनाम घोषित, पोस्को एक्ट दर्ज हुआ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** यहां हुए गैंगरेप कांड में 4 दिन बाद पीड़िता के बयान कोर्ट में दर्ज हुए। 30 मिनट तक जज दरिंदगी की कहानी सुनते रहे। फिर उन्होंने सुबक रही पीड़िता की तरफ देखकर कहा- इंसाफ होगा। एक दिन पहले कोर्ट ने पुलिस को फटकार लगाई थी कि लड़की 14 साल की है, मगर केस को पॉक्सो एक्ट में दर्ज नहीं किया गया। इसके बाद कानपुर पुलिस ने एफआईआर में गैंगरेप, किडनैपिंग के साथ पॉक्सो एक्ट बढ़ा दिया। दुष्कर्म के आरोपी दरोगा अमित कुमार मौर्य पर शनिवार को पुलिस कमिश्नर ने 50 हजार का इनाम घोषित किया। दरोगा अमित को ढूंढते हुए पुलिस गोरखपुर पहुंची, मगर वो वहां से निकल भाग चुका था। कोर्ट में बयान के बाद पीड़िता को उसके भाई के साथ घर भेजा गया है, मगर घर में भी पीड़िता को सुरक्षा दी गई है। इस मामले में सियासत भी शुरू हो गई है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पीड़िता से मिलने आ सकते हैं। कांग्रेसियों का आरोप है कि पूरे मामले में कानपुर पुलिस ने आरोपी दरोगा अमित कुमार को भागने के लिए हर कदम पर पुलिस ने पीड़िता नहीं, दरोगा का साथ दिया।

5 जनवरी की रात को गैंगरेप होने के बाद पीड़िता और उसका भाई 6 जनवरी की सुबह भीमसेन चौकी पर पहुंचे। दरोगा अमित कुमार और यूट्यूबर शिवबरन के खिलाफ शिकायत सौंपी। मगर दरोगा सुभाष चंद इन लोगों को भगा देते हैं, लिखित शिकायत देने के बाद भी FIR नहीं लिखी जाती है। पीड़िता पुलिस कमिश्नर से मिलती है, इसके बाद थाने में FIR तो लिखी गई, मगर अज्ञात में। मामले की जांच ADCP (वेस्ट) कपिल देव सिंह को दी गई। वो खुद गैंगरेप के स्पॉट पर गए। सर्विलांस की मदद से सामने आया कि जिस दरोगा अमित कुमार को आरोपी बताया जा रहा है, वो इस स्पॉट पर 5 जनवरी की रात को करीब 20 मिनट तक मौजूद था। पुलिस ने सचेंडी इलाके से उसकी काली स्कॉर्पियो भी बरामद की। जिसमें गैंगरेप हुआ था। इसके साक्ष्यों के बावजूद पुलिस ने दरोगा के घर पर दबिश नहीं दी। उल्टा यूट्यूबर शिवबरन को बुलाकर अरेस्ट किया। इसके बाद ही दरोगा के घर पर पुलिस टीम भेजी गई।

# भाजपा सरकार द्वारा गांव,गरीब एवम नगांधी की विचारधारा को खत्म करने का प्रयास - डॉ.नीरज त्रिपाठी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़ ।** जिला कांग्रेस कमेटी प्रतापगढ़ के अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी व जिला उपाध्यक्ष एवं सदस्य पीसीसी डॉ.प्रशान्त देव शुक्ल द्वारा शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित किया गया। प्रेस वार्ता में उन्होंने केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस मनरेगा और ग्रामीण गरीबों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए सड़क से संसद तक संघर्ष करेगी।प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा 10 जनवरी से 25 फरवरी 2026 तक देशव्यापी 'मनरेगा बचाओ संग्राम' चलाया जा रहा है, जो काम के अधिकार की रक्षा के लिए एक राष्ट्रीय अभियान है।डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि मनरेगा कोई चैरिटी नहीं, बल्कि कानून द्वारा प्रदत्त गारंटी है। इस योजना से करोड़ों गरीबों को अपने गांवों में रोजगार मिला, पलायन रुका, ग्रामीण मजदूरी बढ़ी और महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता मजबूत हुई। लेकिन केंद्र सरकार द्वारा लाया गया वीबी जी रामजी इसी अधिकार को समाप्त करने की साजिश है।इस अवसर पर मनरेगा कोऑर्डिनेटर रवि भूषण सिन्हा एवं जिला प्रवक्ता एडवोकेट मासूम हैदर ने भी प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत कांग्रेस पार्टी द्वारा एक सुसंगठित और चरणबद्ध आंदोलन चलाया जा रहा है। 8 जनवरी को पीसीसी स्तर की तैयारी बैठक,10 जनवरी को जिला स्तरीय प्रेस कॉन्फ्रेंस,11 जनवरी को एक दिवसीय उपवास एवं प्रतीकात्मक विरोध, 12 से 29 जनवरी तक पंचायत स्तर पर जनसंपर्क, चौपालों का आयोजन, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के पत्रों का वितरण किया जाएगा। इसके बाद 30 जनवरी को वार्ड स्तरीय शांतिपूर्ण धरना, 31 जनवरी से 6 फरवरी तक जिला स्तरीय 'मनरेगा' बचाओ धरना, 7 से 15 फरवरी तक राज्य स्तरीय विधानसभा घेराव तथा 16 से 25 फरवरी तक एआई सीसी के नेतृत्व में आंचलिक रैलियां आयोजित की जाएंगी।

उन्होंने कहा कि यह आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण,लोकतांत्रिक और जनहित में है,जिसमें हर गांव के मजदूर, रोजगार सेवक और पंचायत प्रतिनिधि भाग लेंगे।अंत में डॉ. नीरज त्रिपाठी ने दोहराया कि मनरेगा पर हमला करोड़ों मेहनतकश मजदूरों और उनके संवैधानिक अधिकारों पर सीधा हमला है, जिसे कांग्रेस पार्टी किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देगी और हर पंचायत से लेकर संसद तक मजबूती से इसका विरोध जारी रहेगा। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, नगर अध्यक्ष मो.इस्तियाक, जिला उपाध्यक्ष एवम एसआईआर निगरानी कमेटी के प्रभारी रामशिरोमणि वर्मा,जिला सचिव विजय प्रताप त्रिपाठी, जिला प्रवक्ता सुरेश मिश्र,जिला महासचिव चन्द्रनाथ शुक्ल, राम रतन तिवारी,सुधीर तिवारी,विस्वास सिंह आदि उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण, दिए निर्देश



**सिद्धार्थनगर-** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उसका बाजार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा पंजीकरण कक्ष, पूछताछ केन्द्र, दवा वितरण कक्ष को देखा गया। आज ओपीडी में 68 मरीज आये थे। पैथॉलाजी में 08 मरीज आये थे। निरीक्षण के दौरान वैक्सीन फ्रीज बन्द पाया जिस पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई। निरीक्षण के दौरान एमओआईसी अनुपस्थित पाये गये जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। जनऔषधि केन्द्र में दवा वितरण नही हो रहा था सिर्फ 02 लोगो को दवा दिया गया था। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि 24 घन्टे स्वास्थ्य केन्द्र खुला रहना चाहिए। जिलाधिकारी द्वारा औषधि भण्डार कक्ष को देखा गया।

# उसका बाजार थाना में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर-** सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन की उपस्थिति में थाना उसका बाजार में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर आने वाले शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा सुना गया। जिलाधिकारी ने समस्त राजस्व निरीक्षक को निर्देश दिया कि भूमि विवाद, वरासत, बंटवारा आदि के जो प्रकरण हैं उनका मौके पर जाकर सही ढंग से निस्तारण करायें। किसी को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाये। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल को निर्देश दिया कि मौके पर जाकर नाली का विवाद, चकमार्ग का विवाद व जमीन बटवारा व अवैध कब्जा/पट्टा प्रकरणो को शिकायतकर्ता की उपस्थिति में निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित कराये। आवश्यकता पड़ने पर पुलिस बल के साथ मौके पर जाये। अधिकतम प्रकरणो को निस्तारण करायें, प्रकरण लम्बित कदापि न रखा जाये। जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस में आये सभी शिकायतकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि आपस में मिलकर रहे। किसी प्रकार का लड़ाई-झगड़ा न करे। जो भी प्रकरण आये है उसका निस्तारण मौके पर जाकर राजस्व के अधिकारी/कर्मचारी करायेंगे। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक हरे कृष्ण उपाध्याय, राजस्व निरीक्षक व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सजेती थाना क्षेत्र के सिधौल गांव में बंदरों का जबरदस्त आतंक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**घाटमपुर।** सजेती थाना क्षेत्र अंतर्गत सिधौल गांव में लगातार बंदरों की संख्या बढ़ती जा रही है, बंदरों के आतंक से गांव के बूढ़े बुजुर्ग महिलाओं, एवं नन्हे मुन्ने बच्चे एवं प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्राएं आदि परेशान नजर आए हैं, दैनिक स्वतंत्र प्रभात संबाद दाता जब वहां पहुंचे तो गांव की जनता ने चारों तरफ से घेर कर बंदरों के आतंक से छुटकारा दिलाने की मांग करने लगे, ज्यादा तर महिलाओं ने बताया कि गांव के बड़े बड़े मकान होने के नाते हम लोग आंगन में भोजन बनाने अथवा भोजन करने के समय बंदरों का जबरदस्त आतंक शुरू हो जाता है छत से आंगन में कूद कर उछल कूद मचाते हैं,यदि हमलोग छत पर बैठ कर धूप लेना चाहें, तो छत पर नहीं बैठ पाते हैं, और न ही कपड़े आदि सुखा पाते हैं, बंदरों के झुंड कपड़ों के ऊपर बैठकर कपड़ों को फाड़ना अथवा उठा कर भाग जाना आम बात हो गई है, प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को छोड़ने के लिए परिवार के एक सदस्य को साथ में जाना पड़ता है,सिधौल गांव के ग्राम प्रधान अजीत सचान, महेश यादव, कैलाश यादव, विपिन सचान शिक्षक, पूनम सचान शिक्षा मित्र, नरेश बाबू जी विजय गुप्ता, शिवाकांत वर्मा, शेखर सचान, संजय शुक्ला, पुत्तन शुक्ला आदि लोगों ने बताया कि गांव में बंदरों का जबरदस्त आतंक हैं गांव की जनता बहुत ज्यादा परेशान हैं।

### पीड़ित को 1.5 लाख रुपये तक सात दिन का मिलेगा मुफ्त इलाज

**देवरिया।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी कैशलेस ट्रीटमेंट ऑफ रोड एक्सीडेंट विक्टिम योजना के तहत दुर्घटना के बाद पहले 60 मिनट यानी 'गोल्डन आवर' में पीड़ित का इलाज पूरी तरह मुफ्त होगा। योजना की जानकारी और प्रशिक्षण पुलिस लाइन के सभागार में सभी थाना उपनिरीक्षकों को दिया गया। जिला रोलआउट मैनेजर सौरभ गुप्ता ने बताया कि जैसे ही घायल अस्पताल पहुंचता है, अस्पताल उसकी पेशेंट आईडी बनाकर टीएमएस पोर्टल पर दर्ज करता है, जिसे पुलिस द्वारा सत्यापित कर एक्सीडेंट आईडी से जोड़ा जाता है। इसके बाद इलाज कैशलेस स्कीम में शामिल हो जाता है। योजना के तहत प्रत्येक पीड़ित को 1.5 लाख रुपये तक सात दिन का मुफ्त इलाज मिलेगा। न बीमा की जरूरत, न एडवांस। उद्देश्य साफ है—हादसे में घायल व्यक्ति पहले जिए, बाद में कागज चलें।

# एसडीएम ने बीएलओ व एईआरओ को दिया प्रशिक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ तहसील सभागार में शनिवार को तहसील क्षेत्र के बीएलओ व एईआरओ का प्रशिक्षण कार्यक्रम एसडीएम विवेकानंद मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। एसडीएम ने बीएलओ ( बूथ लेबिल ऑफिसर) व एईआरओ ( सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी) को वोटर लिस्ट से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में गहनता से जानकारी दिया। एसडीएम ने मोबाइल के माध्यम से मतदाता सूची से जुड़े कार्यो को एप्प के जरिये शुद्ध, पारदर्शी व निष्पक्ष तरीका से करने का तरीका समझाया। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत संचालित कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुये एसडीएम ने बूथों पर तैनात बीएलओ को एसआईआर प्रक्रिया के तहत ऐसे मतदाताओं को जिन मतदाता के एसआईआर गणना प्रपत्र जमा होने के बाद उनका नाम प्रकाशित हुये मतदाता ड्राफ्ट सूची में नहीं हैं। उन्हें नोटिस प्राप्त कराते हुये चुनाव आयोग के निर्देश के तहत आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने का निर्देश दिया। एसडीएम ने कहा कि तहसील क्षेत्र के लगभग चालीस हजार मतदाताओं को नोटिस जारी कर उनसे मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिये आवश्यक दस्तावेज बीएलओ के माध्यम से जमा करने की कार्यवाही गतिमान हो चुकी है। एसडीएम ने निर्देश दिया कि समस्त बीएलओ को बीएलओ एप्प से फॉर्म 6, 7 व 8 की फीडिंग करने तथा समस्त निर्वाचकों के फोटो वेरीफिकेशन एवं नोटिस की कार्यवाही को समयबद्ध पूर्ण करें। इस महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही कदापि न की जाए। इस दौरान नायब तहसीलदार महबूब अंसारी, खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार, वोटर रजिस्ट्रेशन सेंटर ऑपरेटर सीपी सिंह , विमल यादव, अंबरीश श्रीवास्तव, बीएलओ आशुतोष मिश्रा, विनोद कुमार यादव, सुग्रीव, अजय कुमार, रामसूरत यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# वीएन आईटीआई कॉलेज में हीरो मोटोकॉर्प व मारुति सुजुकी का सफल कैंपस प्लेसमेंट आयोजन

### ●56 छात्र हीरो मोटोकॉर्प, 17 छात्र मारुति सुजुकी में चयनित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** वीएन आईटीआई कॉलेज, पहाड़पुर, लालगंज, प्रतापगढ़ में शनिवार को प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल कंपनियों हीरो मोटोकॉर्प (राजस्थान) एवं मारुति सुजुकी (गुजरात) के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर कंपनियों की ओर से सतीश जी एवं उनके अन्य सहयोगी उपस्थित रहे। कैंपस प्लेसमेंट प्रक्रिया के अंतर्गत कुल 56 छात्रों का चयन हीरो मोटोकॉर्प तथा 17 छात्रों का चयन मारुति सुजुकी के लिए किया गया। चयनित छात्रों में तकनीकी दक्षता, अनुशासन एवं औद्योगिक प्रशिक्षण के प्रति उत्कृष्ट समझ देखने को मिली, जिसकी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने सराहना की।उल्लेखनीय है कि वीएन आईटीआई कॉलेज लगातार प्रत्येक माह अपने छात्रों को प्लेसमेंट उपलब्ध करा रहा है, जो संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक प्रशिक्षण व्यवस्था एवं उद्योग-समन्वय को दर्शाता है। इस प्लेसमेंट ड्राइव में उत्तर प्रदेश के 6 जिलों से व बिहार से आए छात्रों ने भी भाग लिया, जो वीएन आईटीआई कॉलेज की बढ़ती हुई प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता का प्रमाण है।

कॉलेज प्रबंधन ने चयनित सभी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वीएन आईटीआई का लक्ष्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि छात्रों को निश्चित रोजगार और उज्ज्वल भविष्य प्रदान करना है।इस अवसर पर संस्थान के प्रबंधक एवं जिला उपाध्यक्ष भाजपा प्रतापगढ़ इंजीनियर भूपेश त्रिपाठी जी संस्थान के प्रधानाचार्य आनंद गिरि जी व अन्य शिक्षक शिवम त्रिपाठी अनुज मिश्रा रवि वर्मा मोहित वर्मा अनिकेत विश्वकर्मा आदि लोगों उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### 35 वर्षीय महिला झूली फांसी पर

**उरई(जालौन):** शहर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार रात 35 वर्षीय एक महिला ने घर के अंदर गले में फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के ससुर बाल किशुन ने पुलिस को बताया कि उसके बेटे दीपेंद्र सिंह की शादी वर्ष 2018 में डकोर निवासी पूजा देवी से हुई थी। दंपति की कोई संतान नहीं थी। दीपेंद्र पेशे से ट्रक चालक है और अक्सर बाहर रहता है जबकि पूजा देवी ससुराल में ही रहती थी। शुक्रवार को पति-पत्नी के बीच फोन पर किसी बात को लेकर विवाद हुआ और इसके कुछ समय बाद ही पूजा देवी ने आत्महत्या कर ली।

वहीं परिजनों को घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मृतका की मौत की खबर सुनकर मायके पक्ष के लोग भी घटनास्थल पर पहुंच गए और पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने मृतका के परिजनों और ससुराल पक्ष के बयान दर्ज कर जरूरी जांच पड़ताल की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण का स्पष्ट पता चल सकेगा। क्षेत्राधिकारी अर्चना सिंह ने कहा है कि यदि कोई तहरीर सामने आती है तो उसके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### अलाव न जलने से दोना पत्तल और पन्नी जलाकर ताप रहे लोग

**नगर पंचायत का दावा 71 स्थानों पर जल रहे अलाव**



**हमीरपुरः-** सुमेरपुर कस्बा में प्रशासन द्वारा अलाव न जलाए जाने की वजह से राहगीर व कस्बा के लोग प्लास्टिक की पन्नी आदि जलाकर सर्दी से बचाव कर रहे हैं।जबकि नगरपालिका प्रशासन का दवा है कि उसने 71 स्थानों पर अलाव लगाए हुए हैं। बीते शुक्रवार की रात नौ बजे की गई पड़ताल में नगर पंचायत के अलाव नदारत दिखे जबकि नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी का दावा है कि कस्बे के 71 स्थानों में अलाव जल रहे हैं। स्थान कौन से हैं और कहां है। इसकी स्थिति वह स्पष्ट नहीं कर सके। बीती रात की गई पड़ताल में लोग बांदा मार्ग में रेलवे के गेट की संख्या 31 के समीप पन्नी जलाकर आग ताप रहे थे। धर्मेश्वर बाबा मोहाल निवासी अंकित, बलवान, हंसराज, देव कुमार, पुरुषोत्तम, महेश उर्फ मेहमान आदि ने बताया कि यहां आस-पास कहीं भी नगर पंचायत के अलाव नहीं जलते हैं जबकि अधिशाषी अधिकारी दिनेश आर्य का दावा है कि कस्बे के 71 स्थानों पर अलाव जल रहे है लेकिन वह स्थान स्पष्ट नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि पन्नी जलाकर प्रदूषण पैदा करने वालों पर जुर्माना किया जाएगा। व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू ने कहा कि अधिशाषी अधिकारी का दावा झूठा है। मुख्य बाजार में ही प्रमुख स्थानों के अलाव गायब है।

### असम के बड़खला क्षेत्र में भाजपा पार्टी के टिकट की दौड़ में समाजसेवी लक्षि बाबू सिंह

**भाजपा पार्टी के अध्यक्ष दिलीप सैकिया को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनका आशीर्वाद लिया, भाजपा के नेतृत्व में अपनी मांग रखी।**



**श्रीभूमि :** आगामी 26वें विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए बड़खला विधानसभा क्षेत्र में भाजपा पार्टी के उम्मीदवारों के लिए टिकट की दौड़ तेज। इस दौड़ में समाजसेवी लक्षि बाबू सिंह वर्तमान में सबसे अधिक चर्चित नाम हैं। संभावित उम्मीदवार के रूप में वह स्वयं को प्रस्तुत कर रहे हैं। इसी क्रम में नए साल के अवसर पर समाजसेवी लक्षि बाबू सिंह ने 2026 नववर्ष के शुभ अवसर पर असम प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी के लोकप्रिय अध्यक्ष दिलीप सैकिया को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनका आशीर्वाद लिया और समाजसेवी लक्षि बाबू सिंह ने बड़खला में बीजेपी के टिकट के लिए अपनी दावेदारी पेश की। इसके बाद इस विषय पर बातचीत करते हुए, जानकारी दी कि ईस विधानसभा क्षेत्र के लिए मेरी ओर से एक खुशखबर आने वाली है यह विश्वास और अपेक्षा बनी रहे है कि भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार के रूप में। उन्होंने कहा कि अगर पार्टी मुझे जिम्मेदारी देती है तो मैं उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ लोगों के हित में काम करूँगा। और मेरा मुख्य लक्ष्य विकास होगा, और मैं हमेशा लोगों के लिए तत्पर रहूँगा।

## वीडियो वायरल की धमकी देकर किशोरी संग 6 माह से दुष्कर्म करने के आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

**● फिलहाल आरोपी युवक नहीं आ सका पुलिस की पकड़ में**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कोंच(जालौन):** वीडियो वायरल करने की धमकी देकर नाबालिग किशोरी संग बीते 6 माह से दुष्कर्म किए जाने की किशोरी के पिता द्वारा की गई शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। फिलहाल आरोपी युवक पुलिस की पकड़ में नहीं आ सका है।

नगर के एक मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति ने शुक्रवार को कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि उसकी नाबालिग बेटी को बीते करीब 6 माह पूर्व एक युवक आयुष्मान जाटव पुत्र राजू जाटव निवासी नया पटेलनगर कोंच बहला फुसलाकर किसी अज्ञात स्थान पर ले गया था। युवक ने उसकी बेटी को नशीला पदार्थ खिलाकर जबरन दुष्कर्म किया और इसका वीडियो भी बना लिया था। युवक ने बेटी को धमकी दी कि किसी को इस बारे में कुछ बताया तो वीडियो वायरल कर समाज में बदनाम कर देगा जिससे उसकी बेटी डर गई। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि वीडियो का सहारा लेकर युवक बीते 6 माह से उसकी बेटी के साथ लगातार दुष्कर्म करता रहा। शुक्रवार को बेटी ने उसे पूरी घटना के बारे में बताया तब उसे घटना की जानकारी मिल सकी। इस मामले को लेकर




पुलिस ने गुरुवार की देर शाम आरोपी युवक आयुष्मान जाटव के खिलाफ दफा 64(1) सहित 3/4 पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच आरम्भ कर दी है। शुक्रवार की शाम समाचार लिखे जाने तक फिलहाल आरोपी पुलिस की पकड़ में नहीं आ सका है।

## भाकियू की पंचायत में किसानों ने उठाई समस्याएं

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कोंच(जालौन):** भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत शनिवार को नवीन गल्ला मंडी परिसर स्थित किसान भवन में आयोजित की गई जिसमें उपस्थित क्षेत्रीय किसानों ने कई अहम समस्याएं उठाई। पंचायत के उपरांत संगठन के पदाधिकारियों ने एसडीएम ज्योति सिंह को ज्ञापन सौंप कर समस्याओं के निराकरण की मांग की है।

आयोजित पंचायत में किसानों ने समस्या उठाते हुए कहा कि ग्रामीण इलाकों में बिजली की जबरजस्त रोस्टिंग की जा रही है जिससे नलकूप नहीं चल पा रहे हैं और फसलों की सिंचाई में परेशानी उत्पन्न हो रही है। किसानों ने कम से कम 12 घंटे निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति की मांग की है। इसके अलावा ग्राम अंडा में नाले की आधी अधूरी खुदाई पूरी कराने, डिकौली माता मंदिर से रेलवे लाइन तक मिट्टी डाले जाने, पड़री गांव में शंकर जी के मंदिर से नरिया तक नाले का निर्माण कार्य पूर्ण कराए जाने, हरदौल लाला के पास अवरुद्ध पुलिया की स्थिति दुरुस्त कराए जाने, पचीपुरा गांव में घूम रहे जंगली सुअरों को पकड़वाए जाने के अलावा गत रोज ग्राम परैथा में आग से जलकर मरे लघु किसान श्रीराम के परिजनों



को आर्थिक मदद प्रदान किए जाने की मांग किसानों ने रखी। बैठक में उपस्थित राष्ट्रीय महासचिव राजवीर सिंह जादौन ने उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भाकियू किसानों की हर छोटी बड़ी समस्या के निराकरण के लिए गंभीर है, अधिकारियों से मिलकर समस्याओं का निराकरण कराया जाएगा। उन्होंने किसानों से आह्वान करते हुए कहा कि आगामी 16 से 18 जनवरी तक प्रयागराज में किसान महा पंचायत का आयोजन होगा जिसमें भारी संख्या में शामिल होने के लिए स्थानीय किसान 15 जनवरी को दोपहर 1 बजे उरई रेलवे स्टेशन पर एकत्रित हों। पंचायत का संचालन तहसील महासचिव डॉ पीडी निरंजन ने किया। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष चतुर सिंह पटेल सहित करीब एक सैकड़ा किसान मौजूद रहे।

### शनिवार को खिली धूप, किसानों के भी चेहरे खिले

**फसलों के नुकसान से बचने की उम्मीद**

**हमीरपुरः-** बीते बीस दिनों से लगातार पड़ रहे कोहरे के चलते दलहनी एवं तिलहनी फसलों में पाला पड़ने आशंका से किसान बेहद परेशान थे।लेकिन शनिवार के दिन सुबह से ही निकली तेज धूप ने किसानों के चेहरों पर चमक ला दी है। गत 20 दिनों से पूरा क्षेत्र भीषण कोहरे एवं सर्दी की चपेट में रहा है। बगैर बरसात के लगातार कोहरा पड़ने तथा धूप गायब रहने से सरसों, मटर, मसूर, चना, अरहर आदि की फसलों में माहू, एवं सूंड़ी का प्रकोप बढ़ गया था। इससे किसान परेशान हो उठा था। लेकिन पिछले दो दिनों से धूप खिलने से किसानों ने राहत महसूस की है। किसान राधेश्याम सिंह, चंद्रभान कुशवाहा, रामखेलावन, रमेश कुमार, महेश लखेरा, प्रदीप गुप्ता, घसीटा गुप्ता सुरेश गुप्ता आदि ने बताया कि लगातार पड़ रहे कोहरे से फसलों में विपरीत असर पड़ रहा था। धूप गायब होने से कीट पतंगों की संख्या में इजाफा होने लगा था, लेकिन अब धूप खिलने से इनकी बढ़ोतरी में विराम लगेगा और पछुआ हवा एवं धूप पाकर फसलों में सुधार होगा। कृषि रक्षा इकाई के तकनीकी सहायक अजित कुमार शुक्ला ने बताया कि किसान फसलों को कीट पतंग से बचने के लिए डाईमिथियोट दो एमएल प्रति लीटर पानी का घोल बनाकर छिड़काव करें। फसलों में कीट पतंग का प्रकोप खत्म हो जाएगा।

## विश्व हिंदी दिवस पर बद्री प्रसाद कॉलेज में की गई संगोष्ठी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कोंच (जालौन):** स्थानीय सेठ बद्री प्रसाद स्मृति महाविद्यालय में 'विश्व हिंदी दिवस' के अवसर पर शनिवार को गोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने हिंदी भाषा के गौरव और इसकी वैश्विक उपयोगिता पर प्रकाश डाला। गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को अपनी मातृभाषा के प्रति जागरूक करना और दैनिक जीवन में इसके प्रयोग को बढ़ावा देना रहा।

मुख्य वक्ता डॉ. सरताज खान ने कहा कि हिंदी अब केवल भारत की सीमा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विश्व पटल पर अपनी मजबूत पहचान बना चुकी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हिंदी के माध्यम से हम अपनी समृद्ध संस्कृति और विचारों को दुनिया तक प्रभावी ढंग से पहुँचा सकते हैं। उन्होंने तकनीकी और शैक्षणिक क्षेत्रों में भी हिंदी के बढ़ते प्रभाव को रेखांकित किया। कार्यवाहक प्राचार्य बृजेंद्र सिंह निरंजन ने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रीय पहचान और संस्कारों की वाहक है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि एक जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में भाषा का ज्ञान और उसका सम्मान अनिवार्य है। महाविद्यालय के कोर्डिनेटर श्री कन्हैया नीखर ने हिंदी को समाज को जोड़ने वाली कड़ी बताते हुए इसे 'जनमानस की भाषा' करार दिया।

गोष्ठी के अंत में सभी ने राष्ट्रभाषा के सम्मान और उसके प्रचार-प्रसार का संकल्प लिया। इस दौरान फार्मेसी विभागाध्यक्ष डॉ.



मनोज कुमार पटेल, डॉ. सत्य प्रताप, नर्सिंग विभाग से पूनम देवी, हॉस्पिटल उप अधीक्षक डॉ. शिवम सिंह, आईटी विभाग से इंजी. संतोष रायकवार और प्रदीप कुशवाहा, राधेश्याम पटेल, धर्मेंद्र पटेल, मनोज श्रीवास्तव, मनोहर प्रजापति, विवेक बाबू, राजकुमार गुप्ता, संदीप, संजय, कल्लू सिंह, नन्हे राजा आदि उपस्थित रहे।

## बी. पी. तिवरी पत्रकार विकास परिषद के राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य एवं मध्य प्रदेश प्रभारी नियुक्त, पत्रकारों ने दी बधाइयां

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**शहडोल से रीवा।** पत्रकार विकास परिषद के राष्ट्रीय संयोजक महेंद्र तिवारी की अनुशंसा पर राष्ट्रीय महासचिव अनुपम गुप्ता के अनुमोदन से राष्ट्रीय कार्यालय द्वारा पत्रकार विकास परिषद के राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य एवं मध्य प्रदेश प्रभारी पद पर शहडोल संभाग वरिष्ठ श्री बी.पी.को नियुक्त कर संगठन की जिम्मेदारी दी गई है। इस संबंध में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कुसमाकर श्रीमाली ने श्री बी.पी.तिवारी को नियुक्त करते हुए नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य में मध्य प्रदेश प्रभारी को शुभकामनाएं एवं बधाइयां प्रेषित कर अपेक्षा की है कि संगठन के नियमानुसार उन्हें एक माह के अंदर अपने कार्य को को आगे बढ़ते हुए जानकारी राष्ट्रीय कार्यालय को उपलब्ध करानी होगी अन्यथा संगठन के प्रति उनके कार्य व्यवहार को देखते हुए संगठन द्वारा अपना अगला निर्णय लिया जाएगा।

पत्रकार विकास परिषद के राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्यों मध्य प्रदेश प्रभारी नियुक्त होने पर श्री बीपी तिवारी ने ने पत्रकार विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय संयोजक एवं राष्ट्रीय महासचिव के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा है कि संगठन के द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को लेकर हरसंभव पूरा करने के लिए पूरी तन्मयता के साथ कार्य करेंगे और मध्य प्रदेश सहित देश में पत्रकार विकास परिषद को एक नई दिशा सभी सहयोगी साथियों के साथ मिलकर प्रदान करेंगें । श्री बीपी तिवारी के राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य एवं मध्य प्रदेश प्रभारी बनने पर श्री सुरेंद्र कुसमाकर श्रीमाली राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्रीमती निर्मला कुसमाकर श्रीमाली राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, नरेन्द्र बुधौलिया राष्ट्रीय संरक्षक, राजा गौतम राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, शिवरतन नामदेव राष्ट्रीय सचिव, महेंद्र तिवारी राष्ट्रीय संयोजक, अनिल पटेल राष्ट्रीय सहसंयोजक, महेंद्र सिंह अतरैला राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, अनुपम गुप्ता राष्ट्रीय महासचिव, धर्मेंद्र सिंह तोमर राष्ट्रीय महासचिव, राम किशोर पवार राष्ट्रीय महासचिव, संपति दास गुप्ता राष्ट्रीयप्रवक्ता, एड.आर.के.गंगेले राष्ट्रीय विधिक सलाहकार, अनिरुद्ध सिंह नोएडा प्रभारी ऋषि पाल सिंह, विकास भारद्वाज पाठक राष्ट्रीय कार्यक्रम संयोजक एवं बिहार प्रभारी, कमलेश कुशवाहा राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी, अरविंद द्विवेदी प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश, दिनेश गोस्वामी प्रदेश संयोजक मध्य प्रदेश, प्रमोद सिंह सेंगर प्रदेश उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश, उपेंद्र प्यासी प्रदेश उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश, गोपाल दास बंसल प्रदेश महासचिव, मनीष वाघेला प्रदेश महासचिव, संजीव पुरोहित प्रदेश महासचिव, इंद्रभान उपाध्याय प्रदेश महासचिव, नीलिमा डाबी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मध्य प्रदेश, जुनैद खान प्रदेश सचिव, मुकेश सोंधिया प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, रूपेश गुप्ता (खंताल) जिला अध्यक्ष ग्वालियर, शैलेंद्र जायसवाल संभागीय अध्यक्ष रीवा संभाग, सुदेश जायसवाल संभाग प्रभारी जबलपुर एवं नर्मदा पुरम संभाग, दुर्गेश गुलशन यादव भोपाल प्रभारी, मोहन पटेल प्रदेश अतिरिक्त सचिव, धर्मेंद्र वर्मा प्रदेश सचिव, शमीम सिद्दीकी प्रदेश सचिव, अजीत जैन प्रदेश अतिरिक्त सचिव, उत्सव सोनी संभागीय प्रभारी इंदौर, सौरभ विक्की ताम्रकार संभाग महासचिव सागर



संभाग, उमाकांत द्विवेदी संभागीय महासचिव रीवा संभाग, सनत कुमार शुक्ला रीवा जिला, प्रभारी दिवाकर प्रसाद तिवारी मऊगंज जिला प्रभारी, रामभिलाष द्विवेदी मऊगंज जिला अध्यक्ष, हेमंत कुंदन राठौड़ जिला अध्यक्ष झाबुआ, भुवन लाल सिंह कुशवाहा जिला अध्यक्ष छिंदवाड़ा, सुनील विश्वकर्मा जिला अध्यक्ष कटनी, गोविंद राज बिंद जिला अध्यक्ष सिंगरौली,के.पी.विश्वकर्मा जिला अध्यक्ष पुणे महाराष्ट्र,धीरज यादव महाराष्ट्र, सुमन श्रीवास्तव जिला अध्यक्ष जबलपुर, श्रीमती सुधा शर्मा जिला उपाध्यक्ष जबलपुर, अनिल सिंह लोधी जबलपुर, अतुल सिंह राजपूत जबलपुर, अनुराग विश्वकर्मा जिला अध्यक्ष सागर, राहुल नामदेव जिलाध्यक्ष दमोह, राम प्रताप बर्मन जिला अध्यक्ष ग्रामीण जिला पन्ना, मयंक शर्मा जिला अध्यक्ष खंडवा, डॉ राघवेंद्र मिश्रा जिला अध्यक्ष रीवा, अनुराग द्विवेदी प्रदेश कार्य समिति सदस्य, संदीप चतुर्वेदी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, कृष्ण कुमार पाठक प्रदेश कार्य समिति सदस्य, सुरेंद्र सोनी संरक्षक सदस्य, शाहिद संगठन के सभी सदस्य व पदाधिकारी ने शुभकामनाएं एवं बधाइयां प्रेषित की है।

### घर के बंद कमरे में मिला अधेड़ का शव

**कोंच (कैलिया):** थाना कैलिया क्षेत्र के ग्राम सलैया बुजुर्ग में घर के अंदर बंद कमरे में एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक आकाश कौरव पुत्र गन्धर्व सिंह निवासी ग्राम सलैया बुजुर्ग ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी कि उसके चाचा हरनाम कौरव (50) पुत्र स्व. सिरोवन सिंह घर में अकेले रहते थे। वह पिछले दो-तीन दिन से घर से बाहर भी नहीं निकले, साथ ही अंदर से दरबाजा बंद है। सूचना पर कैलिया थानाध्यक्ष अवनीश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और बाहर से जब कमरे में झांका तो अंदर से काफी बदबू आ रही थी। दरवाजा खुलवाकर देखा तो अंदर उनका शव पड़ा हुआ था। पुलिस ने आवश्यक जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया है कि मृतक के परिवार में पत्नी के अलावा दो विवाहित बेटियां हैं जो दिल्ली में रहती हैं। मृतक गांजा पीने का आदि था।

## ग्राम पंचायत करकटी में भ्रष्टाचार जम कर नाली निर्माण कार्य मे भारी भ्रष्टाचार



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**शहडोल** से जिले के करकटी पंचायत में हो रहे भ्रष्टाचार में एक नया कार्य हो रहा हैं। जिसमें लाखों रुपए की लागत से नाली निर्माण कार्य को किया जा रहा हैं। आपको बता दे कि इस निर्माण कार्य का भारी अनिमितता देखने को मिल रहा। ग्राम पंचायत जिस ठेकेदार को काम सौपे हैं उस ठेकेदार को नाली की न गहराई और न ही बेस का की मोटाई का पता आपको बता दे कि इस निर्माण कार्य की लागत तक पता नहीं और काम शुरू हो गया। अब इस बात से ही पता लगा सकते हैं कि इस निर्माण कार्य मे कितनी सफाई से कार्य कर हो रहा हैं। नाली निर्माण कार्य मे जब गड्ढे खोदे गए तब मेन पाइप लाइन की पड़ी पाइप को ही ठेकेदार के द्वारा तोड़ दिया गया जिससे पीएचई और ग्रामीणों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ रहा हैं। जब कंप्लीट था तब पानी की सप्लाई शुरू नहीं हुआ और अब तो पाइप की टूट गया तब क्या होगा।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ार में नवीन सोनोग्राफी मशीन का फीता काटकर शुभारंभ किया

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**
**दिनेश चौधरी की रिपोर्ट**

**शहडोल** से मध्यप्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री तथा शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने जिले के प्रवास के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ार में नवीन सोनोग्राफी मशीन का फीता काटकर शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध होने से बुढार क्षेत्र के जरूरतमंद मरीजों को स्थानीय स्तर पर सुलभ हो सकेंगी। इससे मरीजों को जिला मुख्यालय अथवा अन्य शहरों की ओर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और समय व धन दोनों की बचत होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आमजन को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

उप मुख्यमंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढार के विभिन्न वार्डो का भी निरीक्षण कर उपलब्ध संसाधनों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही अस्पताल में भर्ती मरीजों और परिजनों से चर्चा कर स्वास्थ्य केंद्र में दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान विधायक श्री जयसिंह मरावी, सदस्य जिला



योजना समिति श्रीमती अमिता चपरा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश मिश्रा सहित अन्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## तीन करोड़ से बन रहा अंडरपास, डेढ़ लाख लोगों की राह होगी आसान

**● रागौल स्टेशन के पास चल रहा निर्माण, इस रेल ट्रैक पर बीस सवारी ट्रेनों के अलावा निकलती हैं कई मालगाड़ियां**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हमीरपुरः-** बांदा व कानपुर रेलवे लाइन पर रागौल स्टेशन के पास तीन करोड रुपए की लागत से रेलवे अंडरपास का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इस परियोजना से हमीरपुर और बांदा जनपदों की लगभग डेढ़ लाख की आबादी को आवागमन में सुविधा मिलेगी और बार-बार लगने वाले जाम से निजात मिलेगी। यह अंडरपास क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कानपुर बांदा रेलवे ट्रैक पर रोजाना बीस ट्रेने अप डाउन करती है। इसमें अधिकतर मालगाड़ी के साथ पैसेंजर ट्रेन लगी है। हर दिन बड़ी संख्या में लोग बांदा, नरैनी, कलिंजर,मां विंध्यवासिनी के दर्शन के अलावा मंडलीय कार्यो के लिए आते जाते हैं।



पीआरओ डीआरएम झांसी के मनोज कुमार सिंह ने बताया कि खैरार से लेकर भीमसेन रेलवे स्टेशन तक सभी रेलवे गेटों पर अंडरपासो के निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। इससे लोगों को जाम से मुक्ति मिलेगी। जल भराव के लिए स्थाई समाधान निकाला जाएगा।

इस मार्ग पर सिजनौडा,करहिया, रीवन,टिकरी, कपसा, इचौली, नायकपुरवा, गुसियारी,अटघार, खंडेह, भैंसता आदि के अलावा बांदा व मध्य प्रदेश प्रांत तक के लोग इस मार्ग से गुजरते हैं। बार-बार गिरने वाले फाटक से लोगों को परेशानी होती है। कई बार तो एक साथ दो से तीन ट्रेने आने के कारण लोगों को 20 से 25 मिनट तक रेलवे फाटक पर खड़ा होना पड़ता है।

### स्कूल से लौट रहे अध्यापक के साथ की मारपीट व लूटपाट

**हमीरपुरः-** थाना क्षेत्र के करगांव निवासी विजय ने अपने अध्यापक भाई विक्रम सिंह पुत्र जयकरन के साथ मारपीट करने वाले सात अज्ञात युवकों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है।बताया कि उसका भाई उमरी गांव के शाष्वत शांति विद्यालय में पढ़ाता है और बीते शुक्रवार के दिन लगभग तीन बजे स्कूल से घर लौट रहा था ,उसी दौरान गांव से कुछ पहले नहर पुलिया के पास घात लगाए खड़े सात युवकों ने उसे पकड़ लिया और तमंचा लगाकर मारपीट कर उसे अचेत कर दिया।बताया ,उसके बाद वे उसे बाइक पर बैठाकर इमिलिया गांव थाना मुस्करा की तरफ ले गए और रास्ते भर पीटते रहे।पीड़ित के अनुसार जब उसे होश आया तो वह चिल्लाने लगा।शोर सुनकर लोग दौड़े तो वे उसकी सोने की चेन, पर्स व अन्य कागजात लेकर उसे वहीं छोड़कर भाग गए।थाना प्रभारी नन्दराम ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात सात लोगों के खिलाफ धारा 126(2), 191(2), 191(3), 140(3), 110, 309(6) का मुकदमा दर्ज किया गया है, आरोपियों की तलाश की जा रही है।वहीं सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक पीड़ित अध्यापक का उसीके स्कूल में पढ़ने वाली किसी किशोरी के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था, उसी किशोरी के भाई ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर उसके साथ घटना कारित की है।

## शार्ट सर्किट से लगी आग, दो दुकानें जलकर स्वाहा, दुकान मालिकों के लाखों का नुकसान

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हमीरपुरः-** शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात लगी आग से दो दुकानें जलकर राख हो गई। ग्रामीणों और दमकल के साथ कोतवाली पुलिस ने आग पर काबू पाया लेकिन तब तक दोनों दुकान पूरी तरह जल चुकीं थीं।प्रथम दृष्टया बिजली के तारों में हुए शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। मौदहा कस्बा के बड़े चौराहे के पास गल्ला मण्डी गेट के सामने रियाज़ मार्केट में बीती देर रात शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आकर एक ही मालिक की किराना की दो दुकानों सहित कुल तीन दुकानें जलकर खाक हो गई। इस हादसे में करीब 25 लाख रुपये से अधिक के नुकसान की आशंका जताई जा रही है।वहीं राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर आग से हुए नुकसान का आंकलन शुरू कर दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार कस्बे के उपरौस मोहल्ला निवासी मुहम्मद खालिक की बड़े चौराहे स्थित नवीन मार्केट में सादिक ट्रेडर्स के नाम से किराना की दो दुकानें हैं, जहां थोक और फुटकर दोनों तरह



का कारोबार होता है। मंगलवार रात खालिक दुकानें बंद कर घर चले गए थे। देर रात अचानक शॉर्ट सर्किट से दोनों दुकानों में आग लग गई।

आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। तब तक दुकान मालिक और स्थानीय लोग भी घटनास्थल पर पहुंचकर आग बुझाने में जुट गए। थाना पुलिस भी राहत कार्य में लगी रही। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस आग की चपेट में खालिक की दुकानों से कुछ दूकान दूर असद अब्बास उर्फ गुड्डू अंडेवाले की दुकान भी आग की चपेट में गई, जिससे उनकी दुकान में अण्डे और बारदाना सहित लगभग पांच लाख रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। खालिक ने बताया कि आग से उन्हें करीब 20 लाख रुपये से



अधिक का नुकसान हुआ है, जबकि असद अब्बास को लगभग पांच लाख रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं, पास ही स्थित एक मेडिकल स्टोर को देर रात लोगों ने तत्परता दिखाते हुए खाली करा लिया, जिससे बड़ी अनहोनी और नुकसान होने से बच गया।घटना की जानकारी मिलते ही राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर आग से हुए नुकसान का आंकलन शुरू कर दिया है और पीडितों को हर सम्भव सरकारी सहायता दिलाने की बात कही है।

### विश्व हिन्दी दिवस पर याद किये गए कुशल राजनीतिज्ञ और महान लेखक सम्पूर्णानंद

**हमीरपुरः-** सुमेरपुर कस्बा में शनिवार के दिन वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा कार्यक्रम में महान देशभक्त डा. संपूर्णानंद की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि डा. संपूर्णानंद सही अर्थों में एक सच्चे देशभक्त थे। देश के प्रति उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। संपूर्णानंद का एक जनवरी 1889 को





वाराणसी में मुन्शी विजयानंद और आनंदी देवी के घर जन्म हुआ था। आजादी के संघर्ष में असहयोग आंदोलन से सविनय अवज्ञा आन्दोलन तथा भारत छोड़ो आंदोलन तक ये पांच साल जेल में बंद रहे। इन्हें संस्कृत, उर्दू तथा फारसी का अच्छा ज्ञान था। ये एक अच्छे साहित्यकार थे जिन्होंने 45 पुस्तकें लिखी। आजादी के बाद ये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा राजस्थान के राज्यपाल भी रहे। कालांतर में इनका 10 जनवरी 1969 में निधन हो गया। इस कार्यक्रम में अशोक अवस्थी, सिद्धा, प्रेम, महावीर जे ई, पंकज सिंह, रिचा, रामनरायन सोनकर, रामबाबू, विकास, फूलचंद, सतेन्द्र, राहुल प्रजापति आदि शामिल रहे।